# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

रविवार, 31 मई, 2026 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 146, पेज 12, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com


## भारत-ईएईयू सीमित व्यापार समझौते पर कर रहे चर्चा

भारत और यूरेशियन आर्थिक संघ एक प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के तहत कुछ चुनिंदा सामानों के लिए सीमित और अस्थायी व्यापार व्यवस्था पर चर्चा कर रहे हैं। } 10

## जनसांख्यिकी परिवर्तन पर कड़ी नजर रखें डीएम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जिलाधिकारियों को सीमावर्ती जिलों में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों की कड़ी निगरानी करने और नियमित रूप से रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। } 12



# प्रदेश में 1 जून से महंगी हो जायेगी बिजली

### ईंधन महंगा होने से 10 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज लगायेगी सरकार

वरिष्ठ संवाददाता



लखनऊ। यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड बिजली बिल में 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा चार्ज लगाने का फैसला किया है। ये चार्ज जून में आने वाले बिजली बिल में जुड़कर आएगा। इससे यूपी के तीन करोड़ से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं की जेब ढीली होगी। यानी अब बिजली उपभोक्ताओं को 10 फीसदी अतिरिक्त पैसा देना होगा। अगर आपका 100 रुपये का बिल आएगा तो उस पर 10 रुपये ज्यादा देने होंगे। सूत्रों के अनुसार जुलाई महीने में भी इसी प्रकार का 10 प्रतिशत अधिभार वसूला जा सकता है, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरक्ति आर्थिक बोझ पड़ने की आशंका है। प्रदेश में लगभग 3.73 करोड़ बिजली उपभोक्ता हैं और इस निर्णय का सीधा असर घरेलू, व्यावसायिक तथा अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने इसका विरोध करते हुए कहा कि फरवरी 2026 में भी 10 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज लगाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि भीषण गर्मी, बिजली संकट, महंगाई तथा पेट्रोल-डीजल और दैनिक उपभोग की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के बीच बिजली दरों में यह अतिरिक्त वृद्धि आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ी परेशानी साबित होगी। वर्मा ने दावा किया कि विद्युत नियामक आयोग (यूपीईआरसी) के टैरिफ आदेश में स्वीकृत वास्तविक वद्यिुत क्रय लागत 4.94 रुपये प्रति यूनिट थी, जबकि मार्च 2026 में बिजली खरीद की कीमत लगभग 5.86 रुपये प्रति यूनिट दर्शाकर उपभोक्ताओं पर करीब 1,610 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ डाला गया है। उन्होंने मांग की कि मार्च 2026 में महंगी बिजली किन निजी विद्युत उत्पादक कंपनियों से खरीदी गई और किन परिस्थितियों में खरीदी गई, इसकी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। उपभोक्ता परिषद का आरोप है कि मार्च माह के फ्यूल सरचार्ज में पूर्व अवधि के ...शेष पृष्ठ 10 पर

# केजीएमयू परिसर से हटायी जायेंगी अवैध दरगाह

### ❍ अतिक्रमण के चलते लिया गया निर्णय ❍ वक्फ ट्रिब्यूनल का रुख कर सकते हैं याची : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता



लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राजधानी के केजीएमयू स्थित दरगाह हजरत मखदूम शाह मीना साहब व हाजीउल हरमैन शाह की जमीन की सुरक्षा, कथित अतिक्रमण हटाने और धार्मिक गतिविधियों में हस्तक्षेप रोकने की मांग को लेकर दाखिल याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में वक्फ अधिनियम के तहत प्रभावी वैधानिक उपाय उपलब्ध है, इसलिए याची वक्फ ट्रिब्यूनल का रुख कर सकते हैं।

यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की पीठ ने सैयद बाबर इस्लाम व एक अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर पारित किया। याचिका में कहा गया था कि दोनों दरगाहों की संपत्तियों का समुचित संरक्षण नहीं किया जा रहा है। आरोप लगाया गया कि कुछ भूमि पर अतिक्रमण है और केजीएमयू प्रशासन की ओर से दरगाह की जमीन को लेकर गतिविधियां की जा रही हैं। याचियों ने अदालत से धार्मिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में किसी प्रकार का हस्तक्षेप न करने, कथित अतिक्रमण हटाने और दरगाह की संपत्ति को सुरक्षित रखने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## कुलपति की नियुक्ति रद्द करना मनमाना हाईकोर्ट ने की बहाली

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज (अयोध्या) के कुलपति पद पर चयनित कृषि वैज्ञानिक डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह की नियुक्ति रद्द करने के आदेश को मनमाना और असंवैधानिक करार देते हुए निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार व विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देश दिया है कि डॉ. सिंह को तत्काल कुलपति पद ...शेष पृष्ठ 10 पर

# लखनऊ में नौसेना शौर्य वाटिका का लोकार्पण

### ❍ युद्धपोत आईएनएस गोमती होगा मुख्य आकर्षण ❍ रक्षामंत्री ने रिटायर हो चुकी पनडुब्बी भी मंगवाने का दिया भरोसा

विशेष संवाददाता



लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारतीय सेनाओं की स्मृतियों को सहेजने वाली वाटिकाएं और संग्रहालय सेना से आत्मीय रिश्ते को फिर से जीवंत कर लोगों में उसके प्रति कृतज्ञता का भाव उत्पन्न करते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ यहां इकाना स्टेडियम के पास नौसेना शौर्य वाटिका का लोकार्पण करने के बाद अपने सम्बोधन में रक्षा मंत्री ने कहा कि यह पार्क कोई साधारण पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि एक जीवंत प्रेरणास्थल है और यह शौर्य वाटिका आने वाली पीढ़ियों को यह बताएगी कि आजादी और सुरक्षा की कीमत क्या होती है। उन्होंने कहा कई लोग यह सोच सकते हैं कि आखिर इस तरह की शौर्य वाटिका का लखनऊ में क्या काम है, लेकिन इस पर हमें सोचने की जरूरत है कि हमारी सीमाओं की हिफाजत करने वाले हमारे सैनिकों का जो बलिदान है, उनका रोज का जो संघर्ष है, उससे हमारा आत्मीय रिश्ता रोजमर्रा की भागदौड़ में पीछे छूट जाता है। उन्होंने कहा, ऐसे में यह शौर्य वाटिका हमें एक बार रुक कर सोचने पर मजबूर करेगी कि जिन लोगों की वजह से हमारी यह सारी जिंदगी सुरक्षित चल रही है, उनका योगदान हमारी जिंदगी में कितना बड़ा है। उनके प्रति हमारी नयी पीढ़ी कृतज्ञता का अनुभव करेगी, ऐसा मेरा विश्वास है। उन्होंने शौर्य वाटिका में प्रदर्शन के लिये नौसेना से रिटायर हो चुकी एक पनडुब्बी भी मंगवाने का भरोसा दिलाया। सिंह ने कहा कि उनके पास स्कूलों, कॉलेजों और संस्थाओं से पत्र आते रहते हैं कि उन्हें अपने यहां प्रदर्शन के लिये सेना से निष्प्रयोज्य हो चुके टैंक, लड़ाकू विमान या हेलीकॉप्टर चाहिये। उन्होंने कहा मेरा हमेशा यही प्रयास रहता है कि जिन उपकरणों ने दशकों तक हमारे देश की सेवा की है वे रिटायर होने के पश्चात स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय में प्रदर्शित हों। क्योंकि जब हमारी नई पीढ़ी उन्हें अपनी आंखों के सामने देखेगी, उन्हें स्पर्श करेगी तो उसके भीतर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## आत्मनिर्भर होने की दिशा में बढ़ रहा है भारत का रक्षा क्षेत्र : राजनाथ

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत का रक्षा क्षेत्र पूरी तरह से आत्मनिर्भर होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा रक्षा उत्पादन 2014 के 46 हजार करोड़ रुपये के मुकाबले अगले महीने पौने दो लाख करोड़ रुपये का हो जाएगा। सिंह ने अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र लखनऊ में नौसेना शौर्य वाटिका का लोकार्पण करने के बाद अपने सम्बोधन में ...शेष पृष्ठ 10 पर

## समुद्री सीमा की रक्षा में उप्र का रहा है विशेष योगदान : नौसेना प्रमुख

लखनऊ। भारतीय नौसेना के प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने नौसेना में उत्तर प्रदेश के योगदान पर प्रकाश डालते हुए शनिवार को कहा कि उत्तर प्रदेश भले ही चारों ओर से जमीन से घिरा राज्य है लेकिन इसके बावजूद उसका समुद्र से गहरा जुड़ाव है। एडमिरल त्रिपाठी यहां नौसेना शौर्य वाटिका के उद्घाटन के अवसर पर आये थे। नौसेना शौर्य वाटिका एक संग्रहालय है ...शेष पृष्ठ 10 पर

## विषम परिस्थितियों में भी डटे रहते हैं भारतीय सैनिक : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब हम सुरक्षा के मोर्चे पर मजबूत होंगे तो दुनिया भी मैत्री करेगी। कमजोर के आगे कोई नहीं झुकता। हम जब अधूरी बात कहते हैं तो वह अर्थ का अनर्थ करता है, इसलिए पूरी बात कहना सीखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब सोच बड़ी होती है और व्यक्ति बड़े लक्ष्य के साथ आगे बढ़ता है तो सकारात्मक परिणाम आता है, जो युवाओं को नई प्रेरणा प्रदान करता है। इस वाटिका में आने वालों को भारतीय नौसेना के बारे में जानकारी मिलेगी। हमारे सैनिक किन सम-विषम परिस्थितियों में कार्य करते हैं, यह भी जानने का अवसर मिलेगा। यह जानकारी युवाओं के जीवन में चुनौतियों से जूझने की प्रेरणा होगी। नौसेना का लक्ष्य उसकी विराट सोच का प्रतीक है। सीएम ने आदर्श वाक्य नभः स्पृशं दीप्तम का जिक्र किया और कहा कि आकाश की ऊंचाइयां छूने के लिए बड़ी सोच भी चाहिए। संकुचित सोच या भाव से बड़े लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### आज आईपीएल का फाइनल मुकाबला



अहमदाबाद। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार दूसरी बार खिताब जीतने के सपने को पूरा करने के लिए रविवार को मैदान में उतरेगी तो उसके सामने गुजरात टाइटंस की कड़ी चुनौती होगी, जिससे इस मुकाबले में दो अलग-अलग खेल शैलियों की टक्कर देखने को मिलेगी। आरसीबी ने अपने आक्रामक और बेखौफ अंदाज से टूर्नामेंट में दबदबा कायम किया है, तो वहीं टाइटंस ने धैर्य और संयमित खेल से प्रभावित करते हुए पांच वर्षों में तीसरी बार फाइनल का टिकट पक्का किया है।

### बुजुर्ग ने बच्ची के साथ किया दुष्कर्म

लखनऊ। ठाकुरगंज क्षेत्र में पड़ोसी मुस्लिम बुजुर्ग ने सात साल की हिन्दू बच्ची को बिस्कुट देने के बहाने घर में बुलाकर कमरे में बंद कर दिया और बच्ची के शोर मचाने पर उसका मुंह दबाकर रेप किया। मासूम के काफी देर तक गायब होने पर परिजनों की उसकी तलाश शुरू की। कुछ देर में मासूम बच्ची रोती हुई घर पहुंची और उसके साथ हुई घटना की परिजनों को जानकारी दी। इस पर आक्रोशित परिजन मुस्लिम बुजुर्ग के घर पहुंचे और उसे पकड़ कर पीटने के बाद ठाकुरगंज पुलिस के हवाले कर कर दिया। पुलिस ने बच्ची का चिकित्सकीय परीक्षण कराया और आरोपी को पॉक्सो एक्ट समेत कई संगीन धाराओं में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। क्षेत्र में तनाव को देखते हुए पुलिस तैनात कर दी गयी है।

# हिंसा पीड़ितों से मिलने पहुंचे अभिषेक बनर्जी पर हमला



एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के सोनारपुर इलाके में चुनाव बाद हिंसा के पीड़ितों के परिवारों से मिलने पहुंचे तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के साथ शनिवार को कथित तौर पर स्थानीय लोगों ने दुर्व्यवहार किया और उन पर अंडे, जूते तथा पत्थर फेंके गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद पर अज्ञात लोगों ने पत्थर, जूते और अंडे फेंके तथा उनको लात-घूंसे मारने की कोशिश भी की। इस दौरान उन्होंने चोर-चोर के नारे भी लगाए। टेलीविजन पर प्रसारित वीडियो में बनर्जी को पुलिस की सुरक्षा में इलाके से बाहर ले जाते हुए देखा गया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा के लिए हेलमेट पहना हुआ था और उनकी कमीज फटी हुई थी। चुनाव बाद हुई हिंसा में जान गंवाने वाले एक व्यक्ति के परिवार से मुलाकात के दौरान बनर्जी ने कहा, ...शेष पृष्ठ 10 पर

# विकसित भारत के लिए उच्च शिक्षा सबसे बड़ी शक्ति

### तकनीकी क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वालों का भविष्य उज्जवल : धामी

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देशों की श्रेणी में स्थापित करने के लिए शिक्षा, अनुसंधान और तकनीकी नवाचार को विकास की मुख्य धुरी बनाना होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वैश्विक परिदृश्य तेजी से बदल रहा है और भविष्य उन्हीं देशों का होगा जो ज्ञान, विज्ञान और नई तकनीकों के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। शिवालिक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में आयोजित विकसित भारत-2047 के निर्माण में उच्च शिक्षा का महत्व विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की नई शिक्षा व्यवस्था युवाओं को केवल डिग्रीधारी बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें सक्षम, आत्मनिर्भर और नवाचारोन्मुख नागरिक बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने शिक्षा को रोजगार, कौशल और शोध से जोड़कर नई सोच को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों को ऐसे ज्ञान केंद्रों के रूप में विकसित किया जाना चाहिए जहां नई तकनीकों पर शोध हो, सामाजिक चुनौतियों के समाधान तलाशे जाएं और विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा उत्तीर्ण करना नहीं, बल्कि नेतृत्व क्षमता, सृजनशीलता और नवाचार की भावना को विकसित करना होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल युग में भारतीय युवाओं के सामने अभूतपूर्व अवसर उपलब्ध हैं। अंतरिक्ष मिशनों से लेकर सूचना प्रौद्योगिकी, रक्षा निर्माण और स्वास्थ्य सेवाओं तक भारत ने अनेक क्षेत्रों में अपनी क्षमता का परिचय दिया है। इन सफलताओं के पीछे देश की युवा शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में ...शेष पृष्ठ 10 पर

# दिल्ली में गिरी पांच मंजिला इमारत कई लोगों के दबे होने की आशंका

एजेंसी

लखनऊ। दिल्ली के महरौली में शनिवार शाम बड़ा हादसा हो गया है। यहां पांच मंजिला इमारत भराभराकर गिर गई। इसमें कई लोगों के दबने की आशंका है। हादसे के बाद अफरा-तफरी मची गई और मलबे में दबे लोगों को निकालने की कोशिश कर दी गई। अब तक चार लोगों को बाहर निकाला जा चुका है, जबकि अन्य कई लोगों के दबे होने की आशंका है। घटना की सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम भी मौके पर पहुंच गई और राहत बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। इस बीच एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई है और इलाके की बिजली भी काट दी गई है। जानकारी के मुताबिक सैदुलाजाब इलाके में शनिवार रात करीब पौने आठ बजे एक मकान गिरने की कॉल फायर कंट्रोल रूम को मिली। कॉल मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर की टीमें मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। फिलहाल मलवा हटाने का काम चल रहा है। मकान के मलबे में कुछ लोगों के दबे होने की आशंका है। फायर विभाग की सात गाड़ियां मौके पर हैं। दिल्ली फायर विभाग के अधिकारी अन्य एजेंसियों की मदद से मलबा हटाने का काम कर रहे हैं। मलबे में कितने लोग दबे हैं, फिलहाल इसकी अभी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है। जानकारी के मुताबिक मौके से अब तक 4 लोगों को बाहर निकाला जा चुका है जबकि कई लोगों के अभी भी दबे होने की आशंका है। वहीं बाह निकाले गए लोगों की स्थिति कैसी है, इस बारे में भी अभी कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 42.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |


**भीतर पढ़ें**

- ❍ नैमिषारण्य का राम-जानकी मंदिर निजी ट्रस्ट (पृष्ठ-02)
- ❍ साइकिल से अदालत पहुंचे न्यायिक अधिकारी (पृष्ठ-02)
- ❍ आर्थिक गतिविधियों में आ सकती नरमी (पृष्ठ-10)
- ❍ ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए तैयार रहे सेना (पृष्ठ-10)
- ❍ भारत के सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर हैं मोदी : शेखावत (पृष्ठ-10)


विशेष खबर

### 1900 से अधिक नर्सरियों में तैयार किये जा रहे 52.44 करोड़ पौधे, गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे लगेंगे 5.50 लाख पौधे

# जनसहभागिता से 35 करोड़ पौधरोपण करेगी सरकार

विशेष संवाददाता



**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग पौधरोपण महाभियान-2026 की तैयारी में जुट गया है। इस बार मानसून सीजन में 35 करोड़ पौधरोपण प्रस्तावित है। सभी विभागों, संस्थाओं, स्कूल-कॉलेज, सामाजिक संगठनों आदि के सहयोग से व्यापक जनसहभागिता के साथ इस महाभियान को उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। विभागों, मंडलों व जनपदों के लक्ष्य प्रस्तावित किये जा चुके हैं। कई विशिष्ट वनों की स्थापना होगी। गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे व्यापक पौधरोपण होगा।**

**रामकुमार, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक**
**मिशन डायरेक्टर, पौधरोपण महाभियान**

लखनऊ। योगी सरकार के निर्देश पर वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग पौधरोपण महाभियान-2026 की तैयारियों में जुट गया है। इस वर्ष भी मानसून सीजन में जनसहभागिता से 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। इसके निमित्त 1900 से अधिक नर्सरियों में 52.44 करोड़ पौधे तैयार किए जा रहे हैं। विगत 9 वर्ष में उत्तर प्रदेश ने 242 करोड़ से अधिक पौधरोपण किया है। नोडल विभाग (वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन) सर्वाधिक 15 करोड़ से अधिक पौधरोपण करेगा। इसे लेकर जिला वृक्षारोपण समिति की नियमित बैठकें भी चल रही हैं। इस बार भी कई नवीन वन स्थापित होने के साथ ही गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे भी 5.50 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इसके साथ ही विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) को भी वृहद पौधरोपण कार्यक्रम होगा। मानसून सीजन में वृहद पौधरोपण के लिए वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग निरंतर बैठक, संवाद स्थापित कर रहा है। इसके साथ ही पौधों को लेकर भी विभाग की तैयारी चल रही है। 1900 से अधिक नर्सरियों में 52.44 करोड़ पौधे तैयार कराया जा रहा है। इसमें औद्योगिक व इमारती, चारा व शोभाकार, पर्यावरणीय, फलदार, औषधीय समेत सभी प्रकार के पौधे तैयार किए जा रहे हैं। इस बार विशेष रूप से गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे पौधे लगाए जाएंगे। 594 किमी. लंबे गंगा एक्सप्रेसवे की दोनों पटरियों पर वन विभाग 500 हेक्टेयर क्षेत्र में 5.50 लाख पौधरोपण करेगा। दोनों पटरी पर हर एक किमी. पर हरिशंकरी रोपा जाएगा, जबकि बीच-बीच में पीपल, पाकड़, बरगद, नीम, गूलर, महुआ, आम, अर्जुन, चिलबिल, अमलतास, कचनार, जकरकंडा, गुलमोहर आदि प्रजातियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इनकी सुरक्षा के लिए तार से फेंसिंग व सिंचाई के लिए ड्रिप इरीगेशन सुनिश्चित की जाएगी। सरकार प्रत्येक वर्ष नवीन विशिष्ट वन स्थापित करती है। इस थीम के अंतर्गत पौधरोपण महाभियान-2026 में इस वर्ष महर्षि चरक औषधि वन, समरस वन, समृद्धि वन, कृषि वन, ऊर्जा वन, कपि वन समेत अनेक नवीन वन स्थापित किए जाएंगे। अभियान का प्रमुख हिस्सा मिशन छाया, अविरल ...शेष पृष्ठ 10 पर

# नौ आरटीओ और 26 एआरटीओ का तबादला

वरिष्ठ संवाददाता

**❍ अरुण कुमार वार्ष्णेय बने लखनऊ के आरटीओ प्रशासन**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सरकारी कर्मियों के तबादले के दौर में शुक्रवार देर रात परिवहन विभाग के अधिकारियों का भी ट्रांसफर किया गया। तबादले के क्रम में नौ आरटीओ और 26 एआरटीओ का ट्रांसफर किया गया है। विशेष सचिव केपी सिंह ने ट्रांसफर लिस्ट जारी की है। संभागीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) प्रशासन लखनऊ संजय कुमार तिवारी का आगरा तबादला किया गया है। संजय कुमार तिवारी ने 30 जून 2024 में लखनऊ के आरटीओ प्रशासन का चार्ज लिया था। अरुण कुमार वार्ष्णेय अब आरटीओ प्रशासन लखनऊ का चार्ज लेंगे। अयोध्या के आरटीओ, प्रवर्तन विश्वजीत प्रताप सिंह अयोध्या में ही आरटीओ, प्रशासन बनाए गए हैं। मुख्यालय में तैनात सहायक परिवहन आयुक्त, सड़क सुरक्षा दिनेश कुमार को आरटीओ प्रवर्तन अलीगढ़, गोरखपुर के आरटीओ प्रवर्तन संजय कुमार झा को अयोध्या का आरटीओ प्रवर्तन, मीरजापुर के आरटीओ प्रवर्तन रविकांत शुक्ल को मुख्यालय, आरटीओ प्रशासन अयोध्या ऋतु सिंह को सहायक ...शेष पृष्ठ 10 पर

# हाई कोर्ट ने नैमिषारण्य के राम-लक्ष्मण-जानकी मंदिर को माना निजी ट्रस्ट

## कोर्ट ने कहा कि केवल इस आधार पर कि आम लोग मंदिर में दर्शन-पूजन करते रहे हैं, ट्रस्ट को सार्वजनिक नहीं माना जा सकता

विधि संवाददाता



**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सीतापुर के नैमिषारण्य स्थित श्री राम-लक्ष्मण-जानकी विराजमान मंदिर ट्रस्ट से जुड़े लंबे समय से चले आ रहे विवाद में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए ट्रस्ट को निजी (प्राइवेट) ट्रस्ट माना है। कोर्ट ने कहा कि केवल इस आधार पर कि आम लोग मंदिर में दर्शन-पूजन करते रहे हैं, ट्रस्ट को सार्वजनिक नहीं माना जा सकता।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की एकलपीठ ने मूलचंद्र व अन्य की ओर से दाखिल दोनों प्रथम अपीलों को खारिज करते हुए निचली अदालत के निर्णय को बरकरार रखा।

मामला मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधन और सरवराहकार (प्रबंधक) की नियुक्ति को लेकर था। अपीलकताओं ने दावा किया था कि यह एक सार्वजनिक धार्मिक ट्रस्ट है, इसलिए सिविल प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) की धारा 92 के तहत ट्रस्ट के प्रबंधन में हस्तक्षेप और नए प्रबंधक की नियुक्ति की मांग की जा सकती है।

● **आम लोग मंदिर में दर्शन-पूजन करते रहे हैं, ट्रस्ट को सार्वजनिक नहीं माना जा सकता**

वहीं ट्रस्ट की ओर से कहा गया कि मंदिर और ट्रस्ट की स्थापना गुलजारी लाल ने अपने आवासीय परिसर में की थी तथा इसकी व्यवस्था उनके द्वारा बनाई गई निजी योजना के अनुसार संचालित होती रही है।

मामले में फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि केवल इस आधार पर कि आम लोग मंदिर में दर्शन-पूजन करते रहे हैं, ट्रस्ट को सार्वजनिक नहीं माना जा सकता। पीठ ने पाया कि ट्रस्ट का नियंत्रण और प्रबंधन संस्थापक तथा उनके उत्तराधिकारियों के पास रहा तथा ट्रस्ट की संपत्तियां भी मंदिर के रखरखाव के लिए समर्पित थीं। ऐसे में यह एक निजी ट्रस्ट है।

पीठ ने स्पष्ट किया कि सीपीसी की धारा 92 केवल सार्वजनिक धार्मिक या धर्मार्थ ट्रस्टों पर लागू होती है। चूंकि संबंधित ट्रस्ट निजी प्रकृति का है, इसलिए धारा 92 के तहत दायर वाद पोषणीय नहीं है। कोर्ट ने सरवराहकार के पद को लेकर भी अपीलकताओं की दलीलें खारिज कर दीं। कोर्ट ने कहा कि पूर्व में विभिन्न मुकदमों में शिवगोपाल को ट्रस्ट का वैध सरवराहकार माना जा चुका है और वे निर्णय अंतिम रूप ले चुके हैं। उनके बाद श्री नारायण के सरवराहकार बनने पर भी ट्रस्ट समिति के किसी सदस्य ने आपत्ति नहीं की।

पीठ ने यह भी माना कि सरवराहकार के पद से जुड़ा विवाद पहले ही न्यायिक रूप से तय हो चुका है, इसलिए उसी मुद्दे को दोबारा उठाने पर रेस जुडीकाटा (पूर्व निर्णय के कारण पुनर्विचार पर रोक) का सिद्धांत लागू होगा।

इन निष्कर्षों के आधार पर हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट द्वारा वर्ष 2022 में दिए गए फैसले को सही ठहराते हुए मूलचंद्र व अन्य की अपीलें निरस्त कर दीं तथा श्री राम-लक्ष्मण-जानकी विराजमान मंदिर ट्रस्ट के पक्ष में पारित डिक्री को बरकरार रखा।

# गंभीर धाराएं जुड़ने से पहले आरोपी को नयी जमानत लेने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने कहा है कि किसी मुकदमे में गंभीर और गैर-जमानती धाराएं जोड़ने की केवल प्रस्तावित कार्यवाही के आधार पर आरोपितों को आत्मसमर्पण कर नई जमानत लेने का आदेश नहीं दिया जा सकता। जब तक नई धाराएं विधिवत आरोप के रूप में जोड़ी या परिवर्तित नहीं कर दी जातीं, तब तक आरोपी को नई जमानत लेने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। यह आदेश न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह की पीठ ने गोंडा के एक पॉक्सो मामले में दाखिल धारा 482 की याचिका पर पारित किया।

मामले में वर्ष 2020 में दर्ज एफआईआर में शुरू में केवल छेड़छाड़ और धमकी देने के आरोप लगाए गए थे। बाद में पीड़िता के न्यायालय में दिए गए बयान के आधार पर सरकारी पक्ष ने आईपीसी की धारा 376-डीए और पॉक्सो अधिनियम की धारा 5(जी)/6 के तहत आरोप जोड़ने की मांग की। ट्रायल कोर्ट ने आरोपों में संशोधन की कार्यवाही शुरू करते हुए आरोपितों को अदालत में



उपस्थित होकर जमानत लेने का निर्देश दिया था। याचियों की ओर से दलील दी गई कि अभी केवल आरोपों में परिवर्तन का प्रस्ताव है, नई धाराएं अंतिम रूप से जोड़ी नहीं गई हैं। ऐसे में आत्मसमर्पण कर नई जमानत लेने का निर्देश कानून के अनुरूप नहीं है।

अपने फैसले में कोर्ट ने कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 216 के तहत आरोपों में परिवर्तन करने का अधिकार ट्रायल कोर्ट को है, लेकिन वर्तमान मामले में आरोप परिवर्तन की प्रक्रिया अभी लंबित है। अदालत ने आरोपितों को सुनवाई का अवसर दिया है और अभी यह तय नहीं हुआ है कि नई गंभीर धाराएं जोड़ी जाएंगी या नहीं। इसलिए इस स्तर पर आरोपितों को नई जमानत लेने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के जिन फैसलों का हवाला दिया गया है, उनमें यह सिद्धांत स्थापित है कि जब गंभीर नई धाराएं वास्तव में जोड़ दी जाती हैं, तब आरोपी को नई जमानत के लिए आवेदन करना पड़ सकता है। लेकिन प्रस्तावित आरोपों के चरण में यह व्यवस्था लागू नहीं होती।

### इसी आधार पर

■ हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के 23 फरवरी 2026 के आदेश को उस सीमा तक निरस्त कर दिया, जिसमें आरोपितों को उपस्थित होकर जमानत लेने का निर्देश दिया गया था। हालांकि आरोपों में संशोधन से संबंधित शेष कार्यवाही को यथावत रखते हुए ट्रायल कोर्ट को कानून के अनुसार आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया है।

# 10 प्रतिशत अतिरिक्त फ्यूल सरचार्ज का निर्णय अविलंब वापस लें

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनााथ को पत्र लिखकर 10 प्रतिशत अतिरिक्त फ्यूल सरचार्ज का निर्णय अविलंब वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आम जनता और किसानों के हितों के लिए संघर्ष करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने जारी बयान में कहा है कि एक ओर जहां प्रदेश की जनता लगातार बढ़ रहे पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों से परेशान है। डीजल, पेट्रोल के दाम सौ रुपये पार और गैस सिलेण्डर हजार रुपए पार हो गया है। वहीं, सरकार द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं पर जून 2026 से 10 प्रतिशत अतिरिक्त फ्यूल सरचार्ज का बोझ डाले जाने से उसकी रही सही कमर तोड़ने का कार्य किया गया है।

प्रदेश की राजधानी लखनऊ में जहां सरकार 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति का दावा करती है। वहीं, पूरे माह लगातार बिजली गुल रहने, 24 घंटे से लेकर सप्ताह तक आपूर्ति बाधित रहने, लाखों उपभोक्ताओं के प्रभावित होने, ट्रांसफॉर्मरों के फूंकने, फीडरों के फेल होने, उपकेंद्रों के घेराव, सड़क जाम, कर्मचारियों के बंधक बनाये जाने की घटनाएं हो रही हैं जिससे सरकार का दावा पूरी तरह खोखला साबित हुआ है। यदि राजधानी की यह स्थिति है तो प्रदेश के अन्य जिलों, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति का अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग की भूमिका भी गंभीर समीक्षा की अपेक्षा करती है। आयोग का उद्देश्य उपभोक्ता हितों की रक्षा करना है लेकिन उपभोक्ताओं की शिकायतों, स्मार्ट मीटर विवादों तथा वितरण कंपनियों की मनमानी के बावजूद जनता को अपेक्षित राहत नहीं मिल सकी। यदि आयोग के आदेशों और निर्देशों का प्रभावी अनुपालन नहीं हो रहा, तो यह भी एक गंभीर संस्थागत प्रश्न है।

उन्होंने पत्र में लिखा है कि प्रदेश की जनता के लिए सबसे बड़ा आश्चर्य और पीड़ा का विषय यह है कि एक ओर पूरे प्रदेश में बिजली संकट, ब्रेकडाउन, अघोषित कटौती, ट्रांसफॉर्मरों की विफलता, स्मार्ट मीटर विवाद तथा वितरण व्यवस्था की अव्यवस्था से लोग जूझ रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा फ्यूल सरचार्ज में 10 प्रतिशत वृद्धि किये जाने की सूचना भी सामने आ गई है। इसके परिणामस्वरूप जून माह से उपभोक्ताओं को अधिक बिजली बिल का भुगतान करना पड़ेगा, जो कमरतोड़ मंहगाई से पहले से ही जूझ रही आम जनता और किसानों को बहुत भारी पड़ेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने मांग की है सरकार केवल घोषणाओं और दावों तक सीमित न होकर विद्युत व्यवस्था में वास्तविक सुधार, जवाबदेही और पारदर्शिता स्थापित करने के लिए तत्काल ठोस कदम उठाएं और व्यापक जनहित और आम जनता एवं किसानों की दयनीय आर्थिक हालत को देखते हुए बढ़े हुए विद्युत मूल्य के निर्णय को तत्काल वापस लेकर आम जनता और किसानों को राहत दिलाने का काम करे।

# हज यात्रियों की वापसी कल से

**लखनऊ।** हज-2026 की लखनऊ उड़ान स्थल से वापसी उड़ानें दिनांक 01.06.2026 को रात्रि 10.15 बजे से आना प्रारम्भ होंगी, जो दिनांक 17.06.2026 तक जारी रहेंगी। हज यात्रियों को रिसीव करने चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनके परिजन व सगे-सम्बन्धियों से अनुरोध है कि वर्तमान में हवाई अड्डे पर निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके चलते हज यात्रियों को रिसीव करने कम से कम लोग हवाई अड्डे पहॅचें। पार्किंग स्थल की जगह भी कम होने के कारण अनुरोध है कि वाहनों की पार्किंग के लिए उड़ान पहुंचने के समय से आधा घण्टा पूर्व ही पहंचें ताकि निर्माण कार्य के चलते एयरपोर्ट पर कम जगह होने के कारण वाहनों की पार्किंग में समस्या न हो व जाम की स्थिति न बने। यदि हज यात्रियों के सगे-सम्बन्धियों को वाहन थोड़ी देर तक पार्क करना हो तो अपना वाहन हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ में पार्क कर सकते हैं। लेकिन ध्यान रहे कि वापसी के समय हज हाउस में रुकने का कोई प्रबन्ध नहीं किया जाता है।

# साइकिल से अदालत पहुंचे न्यायिक अधिकारी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को जनपद लखनऊ के न्यायिक अधिकारियों ने साइकिल से न्यायालय पहुंचकर समाज को सकारात्मक संदेश दिया। जनपद न्यायाधीश लखनऊ मलखान सिंह के नेतृत्व में सभी न्यायिक अधिकारी प्रातः डालीबाग स्थित सेशंस हाउस से साइकिल द्वारा न्यायालय के लिए रवाना हुए।

जनपद न्यायाधीश मलखान सिंह ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में ईंधन संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शनिवार को न्यायिक अधिकारी साइकिल से न्यायालय आएंगे तथा जो अधिकारी साइकिल नहीं चला सकते, वे बैटरी रिक्शा का उपयोग करेंगे।

इस पहल का उद्देश्य न केवल ईंधन की बचत करना है, बल्कि आमजन को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के लिए प्रेरित करना भी है।

यह अभियान मुख्य न्यायमूर्ति इलाहाबाद उच्च न्यायालय अरूण भंसाली के मार्गदर्शन एवं शुभाशीष से प्रारम्भ किया गया है। अभियान का शुभारम्भ 22 मई 2026 को प्रशासनिक न्यायमूर्ति लखनऊ राजेश सिंह चौहान द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया था।

जनपद न्यायाधीश मलखान सिंह के नेतृत्व में न्यायिक अधिकारियों ने संकल्प लिया है कि प्रत्येक शनिवार को सभी न्यायिक अधिकारी साइकिल से न्यायालय पहुंचेंगे।

इसी क्रम में अभियान के दूसरे चरण में शनिवार को एक बार फिर न्यायिक अधिकारियों ने साइकिल यात्रा कर ईंधन संरक्षण, ऊर्जा बचत और पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया।

# प्रस्तावित गन्ना नियंत्रण आदेश को वापस लेने का निर्णय स्वागतयोग्य : अनिल दुबे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने प्रस्तावित गन्ना नियंत्रण आदेश 2026 के मसौदे को केंद्र सरकार द्वारा वापस लेने के निर्णय को स्वागत योग्य कदम बताया है। उन्होंने कहा कि रालोद अध्यक्ष एवं केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री चौधरी जयंत सिंह तथा सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निरंतर प्रयासों और किसानों के हितों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है कि केंद्र सरकार ने प्रस्तावित गन्ना नियंत्रण आदेश-2026 के मसौदे को वापस लेने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि चौधरी जयंत सिंह तथा मुख्यमंत्री लगातार इस मसौदे को वापस लेने की मांग कर रहे थे। किसानों, गुड़ एवं खांडसारी उद्योग से जुड़े लोगों तथा अन्य हितधारकों की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय स्वागत योग्य है। यह संवाद आधारित नीति निर्माण और किसानों की भावनाओं के सम्मान का परिचायक है।



उन्होंने कहा कि किसान, गुड़ उत्पादक, खांडसारी उद्योग तथा क्रशर संचालकों से प्राप्त सुझावों और आपत्तियों पर गंभीरता से विचार करते हुए सरकार ने पुनर्विचार का निर्णय लिया है। इससे गन्ना किसानों, गुड़ निमार्ताओं, खांडसारी उद्योग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सकारात्मक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों के हितों एवं उनकी चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए केंद्र सरकार ने प्रस्तावित गन्ना नियंत्रण आदेश-2026 के मसौदे को वापस लेने का जो निर्णय लिया है, उससे किसानों को राहत मिलेगी तथा उनके आर्थिक हित सुरक्षित रहेंगे।

उन्होंने मुख्यमंत्री का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के अंतर्गत कई जिलों को गुड़ उत्पादन के लिए चिन्हित किया गया है। इसके अतिरिक्त हाल ही में प्रारंभ की गई एक जनपद एक व्यंजन (ओडीओसी) योजना के तहत गुड़, गुड़ आधारित मिठाइयों तथा ज्वार से बने उत्पादों को विभिन्न जिलों में जिला विशिष्ट उत्पाद एवं व्यंजन के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इन पहलों से किसानों को अपने उत्पादों के बेहतर मूल्य प्राप्त होंगे, ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा तथा किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। राष्ट्रीय लोकदल किसानों, ग्रामीण उद्यमियों और कृषि आधारित उद्योगों के हितों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

# बिजली पर 10 प्रतिशत फ्यूल चार्ज जनता की जेब पर डाका : लोकदल

**लखनऊ।** प्रदेश की जनता पहले से ही महंगाई की मार झेल रही है। ऐसे समय में बिजली पर 10 प्रतिशत फ्यूल चार्ज बढ़ाने का फैसला जनता की जेब पर सीधा डाका डालने जैसा है। सरकार जनता को राहत देने के बजाय लगातार नए-नए आर्थिक बोझ थोप रही है। लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि यह सरकार जनता की नहीं, बल्कि बिजली कंपनियों के हितों की सरकार बनकर काम कर रही है। एक तरफ आम आदमी महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते खर्चों से परेशान है, दूसरी तरफ सरकार बिजली बिलों में फ्यूल चार्ज बढ़ाकर लोगों का जीवन और कठिन बनाना चाहती है। सुनील सिंह ने कहा कि सरकार यह न भूले कि प्रदेश में चुनावी माहौल है और जनता हर फैसले का हिसाब रख रही है। यदि बिजली बिलों के नाम पर जनता की जेब काटने का यह सिलसिला जारी रहा, तो आने वाले चुनाव में जनता वोट की चोट से इसका जवाब देगी।

# नौसेना शौर्य वाटिका का लोकार्पण सरोजनीनगर के रक्षा गौरव को नयी पहचान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ में विकसित नौसेना शौर्य वाटिका का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सहभागिता की और इस महत्वपूर्ण पहल के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

42 करोड़ से अधिक की लागत से विकसित यह शौर्य वाटिका भारतीय नौसेना के साहस, पराक्रम और तकनीकी उत्कृष्टता को समर्पित है। इसमें लगभग तीन दशक तक राष्ट्रसेवा करने वाले युद्धपोत आईएनएस गोमती को खुले संग्रहालय के रूप में स्थापित किया गया है।

नौसैनिक तोप, युद्ध उपकरण, ऐतिहासिक अवशेष और समुद्री सुरक्षा से जुड़े प्रदर्शन युवाओं में राष्ट्रभक्ति और सैन्य सम्मान की भावना को मजबूत करेंगे। सरोजनीनगर में रक्षा क्षेत्र की कई



महत्वपूर्ण परियोजनाएँ तेजी से विकसित हो रही हैं।

300 करोड़ से अधिक की लागत से ब्रह्मोस एकीकरण एवं परीक्षण केंद्र तथा मिसाइल निर्माण परिसर, लगभग 500 करोड़ के निवेश से विशेष धातु एवं वैमानिकी सामग्री निर्माण परियोजना, उन्नत रक्षा परीक्षण अवसंरचना और डीआरडीओ की ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक्स एवं अवरक्त संवेदक निर्माण परियोजनाएँ क्षेत्र को रक्षा अनुसंधान, परीक्षण और स्वदेशी तकनीक का प्रमुख केंद्र बना रही हैं।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि इन परियोजनाओं से राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत होगी तथा रोजगार, निवेश, तकनीकी विकास और औद्योगिक प्रगति के नए अवसर सृजित होंगे। सरोजनीनगर आज रक्षा आत्मनिर्भरता, स्वदेशी अनुसंधान और राष्ट्रीय सुरक्षा के नए युग का सशक्त प्रतीक बनकर उभर रहा है।

# सर्वाधिक क्षेत्रफल में पौधरोपण कराने वाले बीडीओ होंगे सम्मानित

## ग्राम्य विकास विभाग के 11.25 करोड़ पौधरोपण लक्ष्य को जनभागीदारी से सफल बनायें

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में संचालित होने वाले वृहद वृक्षारोपण अभियान को जनभागीदारी से जोड़ते हुए इसे जनआंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया है। उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान को पूरी प्रतिबद्धता, योजनाबद्ध रणनीति और व्यापक जनसहयोग के साथ संचालित किया जाए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गत वर्ष ग्राम्य विकास विभाग ने वृक्षारोपण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की थीं तथा अधिकांश जनपदों ने निर्धारित लक्ष्य से अधिक पौधरोपण कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष भी विभाग निर्धारित लक्ष्य से अधिक गुणवत्तापूर्ण वृक्षारोपण कर नया कीर्तिमान स्थापित करेगा।

● **पौधों की जीवितता, सुरक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण पौधरोपण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश**



उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम्य विकास विभाग को 11.25 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस लक्ष्य को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए सभी जनपदों में अभी से आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत में वृक्षारोपण के लिए माइक्रोप्लान तैयार करने तथा ग्रामवासियों के बीच पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर गोष्ठियों एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री ने वृक्षमाला नदीतट संरक्षण अभियान को विशेष प्राथमिकता देते हुए नदियों के किनारे बांस रोपण को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना तथा अन्य आवासीय योजनाओं के लाभार्थियों से दो-दो सहजन के पौधे अनिवार्य रूप से लगवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। श्री मौर्य ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी सुरक्षा एवं जीवितता सुनिश्चित करना उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है। इसके लिए बायोफेंसिंग, सुरक्षा खाई निर्माण तथा नियमित देखभाल की प्रभावी व्यवस्था की जाए, ताकि पौधों को पशुओं एवं अन्य कारणों से होने वाली क्षति से बचाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि वृक्षारोपण स्थलों का चयन एवं गड्ढों की खुदाई समय से पूरी कर ली जाए, जिससे पौधों की उत्तरजीविता दर बेहतर बनी रहे। उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत कराए जाने वाले वृक्षारोपण कार्यों में निर्धारित मानकों के अनुरूप रखरखाव एवं अनुरक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा सामर्थ्य मैनुअल के प्रावधानों का अक्षरशः पालन करने पर बल दिया।

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विगत वर्षों में सामुदायिक एवं व्यक्तिगत भूमि पर किए गए वृक्षारोपण की समीक्षा की जाए। जहां पौधों की क्षति अधिक पाई गई हो, वहां उत्तरदायित्व तय करते हुए सूखे एवं नष्ट पौधों का तत्काल प्रतिस्थापन कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पौधों की खरीद किसी भी परिस्थिति में निजी नर्सरियों से न की जाए तथा पौधों की उपलब्धता वन विभाग के माध्यम से ही सुनिश्चित की जाए। मौर्य ने कहा कि कुल वृक्षारोपण में कम से कम 20 प्रतिशत फलदार पौधों को शामिल किया जाए तथा पर्याप्त संख्या में सहजन (मोरिंगा) के पौधे लगाए जाएं, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पोषण सुरक्षा, आय संवर्धन और ग्रामीण आजीविका को भी बल मिल सके। उन्होंने कहा है कि लक्ष्य से अधिक एवं गुणवत्तापूर्ण वृक्षारोपण करने वाले तीन सर्वश्रेष्ठ जनपदों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सर्वाधिक क्षेत्रफल में वृक्षारोपण कराने वाले खंड विकास अधिकारी को भी विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

आयुक्त ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी ने सभी मुख्य विकास अधिकारियों, जिला कार्यक्रम समन्वयकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृक्षारोपण अभियान-2026-27 को मिशन मोड में संचालित करते हुए इसे प्रदेशव्यापी जनभागीदारी का सफल अभियान बनाया जाए।

# मुकदमों में जनता का पैसा नहीं इस्तेमाल कर सकेगा पावर कॉरपोरेशन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अब पावर कॉरपोरेशन जनता के पैसों से जनता के खिलाफ मुकदमा नहीं लड़ सकेगा। पावर कॉरपोरेशन अब तक इसे भी खर्च में दिखाकर इसके एवज में बिजली दरों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखता था। कॉरपोरेशन को अब मुकदमों का खर्च अपने लाभ में से करना होगा। टैरिफ आदेश में नियामक आयोग इसकी व्यवस्था देगा।

हालत तो यह है कि पावर कारपोरेशन और एनपीसीएल ने कुल मिलाकर 46 करोड़ रुपये मुकदमों पर खर्च कर दिए औरखातों में इसका बोझ जनता पर डालने के मकसद से घाटे के मद में जोड़ दिया। राज्य में बीते छह साल से बिजली की दरें नहीं बढ़ी हैं। नोएडा पावर कंपनी का लाइसेंस सरेंडर करने के मामले में भी मुकदमा चल रहा है। इसमें पावर कॉरपोरेशन और एनपीसीएल दोनों वादी हैं। बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं के बकाया रकम को भी चुनौती दी गई है। तमाम ऐसे मामले भी हैं, जिनमें उपभोक्ताओं के पक्ष में आदेश आने के बाद पावर कॉरपोरेशन या बिजली कंपनियां उनके खिलाफ भी मुकदमे लड़ रही हैं।

**बीते वर्ष कॉरपोरेशन ने मुकदमों पर खर्च किए थे 21 करोड़ :** बीते साल सिर्फ मुकदमों पर पावर कॉरपोरेशन ने 21 करोड़ जबकि एनपीसीएल ने 25 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। यह रकम उपभोक्ताओं से लिए जा रहे बिजली बिलों से एकत्रित पैसों से खर्च की जा रही है। इस बार जब बिजली की नई दरों पर चर्चा हो रही थी तब मुकदमों में खर्च की रकम को घाटा दिखाने पर आपत्ति दर्ज की गई। इसमें कहा गया कि पावर कॉरपोरेशन और अन्य बिजली कंपनियां जनता के खिलाफ ही मुकदमे लड़ रही हैं और इसमें आए खर्च को घाटे में दिखा कर बिजली दरों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखना गलत है। सूत्र बताते हैं कि नियामक आयोग इस संबंध में टैरिफ आदेश में व्यवस्था देगा। मुकदमों में खर्च की रकम के एवज में बिजली दरें बढ़ाने की मांग नहीं स्वीकार की जाएगी। मुकदमा लड़ना पावर कॉरपोरेशन का फैसला है, इसका खर्च वह स्वयं के स्रोतों से वहन करे।

# गृहकर पर 8% छूट का आज आखिरी मौका

## कल से ऑनलाइन पर 5% और ऑफलाइन पर 4% रह जायेगी छूट

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नगर निगम ने गृहकर जमा करने वाले करदाताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। गृहकर पर मिलने वाली विशेष छूट का लाभ उठाने के लिए 31 मई अंतिम दिन है। वर्तमान में ऑनलाइन माध्यम से गृहकर जमा करने पर 8 प्रतिशत तथा ऑफलाइन माध्यम से भुगतान करने पर 6 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। ऐसे में करदाताओं के पास अधिक छूट का लाभ लेने का यह अंतिम अवसर है।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह ने बताया कि 1 जून से गृहकर पर मिलने वाली छूट में कमी कर दी जाएगी। इसके बाद ऑनलाइन भुगतान करने पर 5 प्रतिशत तथा ऑफलाइन भुगतान करने पर 4 प्रतिशत की ही छूट मिलेगी। इसलिए नागरिकों से अपील की गई है कि वे 31 मई तक अपना गृहकर जमा कर अधिकतम छूट का लाभ उठाएं। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम के सभी जोनल कार्यालय रविवार, 31 मई को भी खुले रहेंगे। कार्यालयों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक गृहकर जमा करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही जनगणना से संबंधित कार्यों का भी निस्तारण किया जाएगा, जिससे नागरिकों को अवकाश के दिन भी आवश्यक सेवाएं प्राप्त हो सकें। जो करदाता ऑनलाइन भुगतान नहीं कर पा रहे हैं, वे जोनल कार्यालयों में स्थापित काउंटरों पर जाकर ऑफलाइन माध्यम से गृहकर जमा कर सकते हैं। 31 मई तक ऑफलाइन भुगतान पर 6 प्रतिशत की छूट का लाभ मिलेगा, जो 1 जून से घटकर 4 प्रतिशत रह जाएगी। नगर निगम ने नागरिकों से ऑनलाइन माध्यम से भुगतान करने की अपील की है, जिससे अधिक छूट का लाभ प्राप्त किया जा सके।

करदाता घर बैठे नगर निगम की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आसानी से गृहकर जमा कर सकते हैं। अधिकारियों ने नागरिकों से अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए समय रहते भुगतान करने का आग्रह किया है।

# उद्योग बंधु की बैठक में व्यापारियों ने रखीं समस्याएं

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** लखनऊ व्यापार मंडल ने शहर के विभिन्न व्यापारिक क्षेत्रों से जुड़ी गंभीर समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी एवं वाणिज्य बंधु के अध्यक्ष को विस्तृत ज्ञापन सौंपा। व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बिजली, नगर निगम, जीएसटी, एलडीए, पीडब्ल्यूडी एवं यातायात विभाग से संबंधित समस्याओं के समाधान की मांग की गई।

व्यापार मंडल ने कहा कि शहर में बिजली संकट लगातार गंभीर होता जा रहा है। बाजारों में घंटों बिजली कटौती के कारण व्यापार प्रभावित हो रहा है और ग्राहकों को भीषण गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि डिस्प्ले व्यवस्था प्रभावित होने से बिक्री पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। विशेष रूप से पुराने लखनऊ क्षेत्र में जर्जर बिजली के खंभों और कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। व्यापार मंडल ने बाजारों में निर्बाध बिजली आपूर्ति और आवश्यकता के अनुरूप नए ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग की। नगर निगम से संबंधित मुद्दों पर व्यापार मंडल ने बाजारों में मूलभूत सुविधाओं के अभाव की ओर ध्यान आकर्षित किया। ज्ञापन में कहा गया कि कई बाजारों में पेयजल, सार्वजनिक शौचालय, पार्किंग और साफ-सफाई की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। साथ ही साप्ताहिक बाजारों और अव्यवस्थित सब्जी मंडियों के कारण शहर में लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है। व्यापार मंडल ने भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से साप्ताहिक बाजारों को स्थानांतरित करने की मांग की। जीएसटी व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए व्यापार मंडल ने ई-वे बिल क्लोज करने की नई व्यवस्था का विरोध किया। व्यापारियों का कहना है कि ई-वे बिल की समय सीमा पहले से निर्धारित होती है और समय समाप्त होने पर वह स्वतः निष्क्रिय हो जाता है। ऐसे में अतिरिक्त औपचारिकता व्यापारियों पर अनावश्यक तकनीकी बोझ बढ़ाने का कार्य करेगी। साथ ही सर्वर संबंधी समस्याओं और तकनीकी त्रुटियों के कारण व्यापारियों को अक्सर परेशानी का सामना करना पड़ता है। एलडीए से संबंधित मामलों में व्यापार मंडल ने इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट की लीज होल्ड भूमियों को फ्री होल्ड करने की लंबित प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने की मांग की। साथ ही नई नीति लागू होने तक भू-स्वामियों के विरुद्ध किसी प्रकार की कार्रवाई न करने का अनुरोध किया। पीडब्ल्यूडी विभाग के संदर्भ में व्यापार मंडल ने शहर की जर्जर सड़कों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि नादान महल रोड, मेडिकल कॉलेज रोड, राजा बाजार रोड समेत कई प्रमुख मार्गों पर बड़े गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापार मंडल ने कहा कि चारबाग, चौक, मेडिकल कॉलेज तथा अन्य प्रमुख बाजार क्षेत्रों में जाम की समस्या लगातार बढ़ रही है। ई-रिक्शाओं की बढ़ती संख्या भी यातायात अव्यवस्था का एक प्रमुख कारण बन रही है।

व्यापार मंडल ने रूटवार सर्वे कराकर ई-रिक्शाओं के नियंत्रित संचालन की मांग की। ज्ञापन में जाम की समस्या के समाधान के लिए मेडिकल कॉलेज से चौक मार्ग पर बैरिकेडिंग हटाने, अवैध बाजार एवं फूड स्टॉल हटाने, भूमिगत पार्किंग निर्माण कराने तथा संयुक्त यातायात प्रबंधन समिति के गठन जैसे सुझाव भी दिए गए।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का लखनऊ एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत



**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के शनिवार पूर्वाह्न लखनऊ पहुंचने पर एयरपोर्ट पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा ने अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ भेंट कर रक्षा मंत्री का स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर एमएलसी पवन सिंह चौहान, राम चन्द्र प्रधान, मुकेश शर्मा, विधायक डॉ नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव, राजेश्वर सिंह, योगेश शुक्ला सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, पूर्व विधायक सुरेश तिवारी, चेयरमैन वीरेन्द्र प्रताप सिंह, महानगर महामंत्री टिंकू सोनकर, उपविजेता अंजनी कुमार श्रीवास्तव, रजनीश कुमार गुप्ता सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर रक्षा मंत्री का स्वागत अभिनंदन किया।

## प्लेटफार्म नंबर पांच पर शेड गिरने के बाद दहशत कायम

**लखनऊ।** चारबाग स्टेशन पर शेड गिरने की दहशत इस कदर हावी हो गई है कि जिन लोगों के स्टाल शेड के आसपास या कुछ दूर पर हैं, वह कुछ-कुछ देर में अपने स्टाल से निकल कर एक बार शेड की तरफ देख लेते हैं। यदि कोई ट्रेन धड़धड़ाती हुई प्लेटफार्म पर पहुंचती है तो कर्मचारी स्टाल से निकल कर एक ओर खड़े हो जाते हैं कि कहीं ट्रेन की आने से होने वाली कंपन से शेड गिर न जाए। प्लेटफार्म नंबर पांच पर शुक्रवार को शेड गिरने की दहशत अभी भी कायम है। कारण है कि कॉनकोर्स निर्माण के कारण कई प्लेटफार्मों पर लगे शेड को कहीं आधा हटाया गया है तो कहीं उसका थोड़ा ही हिस्सा। शेड हटाने के बाद उसकी देखरेख न किए जाने से शेड के किनारे से बिजली के तार लटक कर झूल रहे हैं। प्लेटफार्म नंबर तीन से सात पर कई स्थानों पर पहले से लगे शेड हटाए गए हैं तो कुछ स्थानों पर आधा हटा कर शेष हिस्से को छोड़ दिया गया है।

## चौक गुरुद्वारे में मेगा फ्री मेडिकल कैम्प आज

**लखनऊ।** चौक स्थित गुरुद्वारे में रविवार को पूर्वाह्न 10 से अपराह्न एक बजे से मेगा फ्री मेडिकल कैम्प का अयोजन किया जाएगा, इसमें ऐलोपैथिक, होम्योपैथ, आयुर्वेद, दंत रोग, नेत्र रोग और स्त्री रोग से संबंधित मरीजों का इलाज किया जाएगा। शिविर का आयोजन सत्यवादी हरिश्चन्द्र स्वास्थ्य परीक्षण समिति की ओर किया जा रहा है। समिति के संरक्षक हरी जीवन रस्तोगी ने बताया कि शिविर में केजीएमयू के रिस्पेरेटरी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. सूर्यकांत की टीम भी मरीजों को परामर्श देगी।

## लखनऊ स्टेशन पर पकड़े गये छह अनधिकृत विक्रेता



**लखनऊ।** लखनऊ स्टेशन पर अवैध विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई, छह अनधिकृत विक्रेता पकड़े गए। यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण खानपान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा अवैध विक्रेताओं के विरुद्ध लगातार विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक समर्थ गुप्ता के अनुसार गाड़ी संख्या 04652 में प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर छह व्यक्तियों को बिना किसी वैध लाइसेंस के खाद्य सामग्री बेचते हुए पकड़ा गया। जांच में पाया गया कि ये व्यक्ति निम्न गुणवत्ता के खाद्य पैकेट यात्रियों को बेच रहे थे। सभी को नियमानुसार आगे की कार्रवाई के लिए आरपीएफ के हवाले कर दिया गया।

## सीएचसी पर फार्मासिस्ट के इलाज करने पर हंगामा

**लखनऊ।** मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में शनिवार सुबह पेट दर्द से कराह रही युवती के परिजन इलाज के लिए कहा लेकिन फार्मासिस्ट ने खुद को डॉक्टर बताकर इलाज शुरू कर दिया। परिजनों ने हंगामा किया और सीएचसी अधीक्षक से शिकायत की। साथ ही पूरा मामला सोशल मीडिया में वॉयरल कर दिया जिसके बाद हड़कंप मच गया। सीएचसी अधीक्षक ने मामले में फार्मासिस्ट से स्पष्टीकरण मांगते हुए वेतन रोकने के आदेश जारी किए हैं। सीएमओ को रिपोर्ट भेजकर फार्मासिस्ट का ट्रांसफर करने की संस्तुति की है। मोहनलालगंज निवासी तान्या द्विवेदी को पेट दर्द और उल्टी की शिकायत थी।

## रोबोटिक सर्जरी ने नौ वर्षीय बच्ची को जन्मजात विकृति से दिलायी निजात

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग ने कोलेडोकल सिस्ट नामक बीमारी से पीड़ित बच्ची को नई जिंदगी दी है। यह बीमारी पित्त नलिकाओं से जुड़ी जन्मजात विकृति है। नौ वर्षीय बच्ची का सफल ऑपरेशन कर उसे स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। फरुर्खाबाद निवासी नौ वर्षीय माही तिवारी लंबे समय से इस बीमारी से जूझ रही थी। परिजनों बच्ची को लेकर केजीएमयू पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग की ओपीडी में पहुंचे। विभागाध्यक्ष डॉ. जेडी रावत ने मरीज को देखा। जरूरी जांचें कराई। डॉक्टरों की टीम ने बच्ची की सेहत का आकलन किया। परिवारीजनों को रोबोटिक सर्जरी कराने की सलाह दी। परिवारीजन रोबोटिक सर्जरी कराने को राजी हो गए। 20 मई को डॉ. रावत की टीम ने रोबोटिक तकनीक से ऑपरेशन किया। विभाग में कोलेडोकल सिस्ट का यह पहला रोबोटिक ऑपरेशन था। जो पूरी तरह सफल रहा। सफल रिकवरी के बाद बच्ची को 29 मई को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया।

## एलडीए में तीन कर्मचारी सेवानिवृत्त

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण में शनिवार को तीन कर्मचारी सेवानिवृत्त हुये। इसमें अनुभाग अधिकारी अनवर अब्बास, अनुचर राम औतार कश्यप एवं चौकीदार के पद पर कार्यरत शिव चन्द्र मिश्रा शामिल हैं। इस मौके पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, सचिव विवेक श्रीवास्तव एवं अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा समेत अन्य अधिकारियों ने सेवानिवृत्त हुये कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं व उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। अनुचर के पद से सेवानिवृत्त हुए राम औतार कश्यप ने प्राधिकरण में लगभग 42 वर्ष तक अपनी सेवाएं दीं। वर्ष 1998 से वर्तमान तक वह उपाध्यक्ष कैम्प कार्यालय में लगातार कार्यरत रहे। इस दौरान प्राधिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अतिरिक्त उपाध्यक्ष से मिलने के लिए आने वाले आगंतुक भी उनकी विनम्रता के कायल रहे।

## चारबाग रेलवे स्टेशन पर टीन शेड हादसे की जांच शुरू, दो को छुट्टी

- जांच टीम में मुख्यालय के तीन वरिष्ठ अधिकारी शामिल

**लखनऊ।** चारबाग स्टेशन के प्लेटफार्म 5 के ऊपर बने प्लेटफार्म शेड का एक हिस्सा रेलरोडिंग सतह पर झुकने से हुए हादस में तीन में दो लोगों को अस्पताल से छुट्टी दी गयी है। शनिवार को टीम शेड को दुरुस्त करने का कार्य चलता रहा।

डीआरएम सुनील कुमार के अनुसार घटना के कारणों की जांच के लिए मुख्यालय के तीन वरिष्ठ अधिकारियों की गठित समिति ने जांच शुरू कर दी है। चूक के लिए जिम्मेदार ईपीसी ठेकेदार, पीएमसी के टीम लीडर, आरएलडीए के प्रोजेक्ट इंजीनियर और रेलवे के वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। इस क्षति के लिए ईपीसी ठेकेदार पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पीएमसी (प्राधिकरण अभियंता) के टीम लीडर को तत्काल इस कार्य से हटा दिया गया है। आरएलडीए के परियोजना अभियंता को तत्काल निलंबित कर दिया गया है। एलकेओ डिवीजन के प्रभारी कार्य पर्यवेक्षक को भी निलंबित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार सुबह 8 बजे टीन शेड गिरने से टीटीई और दो यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। आरपीएफ रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अचानक टिन शेड का करीब 60-70 फीट लंबा हिस्सा टूटकर नीचे लटक गया, इसमें टीटीई भूपेंद्र, यात्री अभिषेक और साहिल दब गए। हादसे के बाद स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म पर पहुंच चुकी थी, जिसे हादसे वाली जगह से पहले ही रोक दिया गया। रेलवे पुलिसकर्मी दौड़कर मौके पर पहुंचे। देखा तो तीन लोग यात्री टिन शेड में फंसे हुए थे। आरपीएफ के जवानों ने टिन शेड उठाकर उन्हें बाहर निकाला।

## कैंसर के आधुनिक इलाज की पद्धति बेहतर परिणाम : डा. सुधीर सिंह

**लखनऊ।** कैंसर के आधुनिक इलाज की पद्धति शरीर के कई अंगों में होने वाले कैंसर के इलाज में प्रभावी साबित हो रहा है। इस तकनीक में कैंसर कोशिकाओं को पहचानने वाली विशेष एंटीबॉडी के साथ कैंसर-रोधी दवा को जोड़ा जाता है, जिससे कैंसर का मुकाबला करना आसान हो जाता है। यह जानकारी केजीएमयू रेडियोथेरेपी विभाग के डा. सुधीर सिंह ने शनिवार को केजीएमयू कलाम सेंटर में जार्जियन एल्युमिनाई एसोसिएशन की तरफ से कार्यशाला हुई। कार्यशाला की आयोजक सचिव डा. सुधीर सिंह ने कहा कि एंटीबॉडी सीधे कैंसर कोशिकाओं तक पहुंचकर दवा पहुंचाती है, जिससे दवा का असर अधिक सटीक तरीके से कैंसर पर होता है। उन्होंने कहा कि स्तन, फेफड़े, लिम्फोमा और अन्य कई प्रकार के कैंसर में एडीसी थेरेपी बेहतर परिणाम दे रही है। इसे कैंसर इलाज की अधुनिक और टारगेटेड तकनीकों में शामिल किया जाता है।

## अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश

**लखनऊ।** स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 की तैयारियों को लेकर नगर निगम प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी क्रम में शनिवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने जोन-8 स्थित जोनल कार्यालय में नगर आयुक्त गौरव कुमार, नगर निगम अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय एवं समीक्षा बैठक कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बैठक में स्वच्छता व्यवस्था, नाला-नाली सफाई, अतिक्रमण हटाने, राजस्व वसूली, विकास कार्यों की प्रगति तथा नागरिक सुविधाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात शुरू होने से पहले सभी नालों और नालियों की शत-प्रतिशत सफाई 15 जून तक हर हाल में सुनिश्चित की जाए, ताकि वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत मिल सके। महापौर ने प्रत्येक वार्ड में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। महापौर ने अधिकारियों को अतिक्रमण और अवैध पार्किंग के खिलाफ विशेष अभियान चलाने तथा यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले कब्जों को हटाने के निर्देश दिए।

## तम्बाकू के सेवन से कैंसर होने की आशंका बढ़ती : डा. वेद

**लखनऊ।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शनिवार को हुए जागरूकता कार्यक्रम को जरिए तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभाव बताए गये। तंबाकू सेवन दूर रहने का संदेश दिया गया, क्योंकि इसका सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। गोमतीनगर स्थित डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम में तंबाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य दुष्प्रभावों के प्रति जनसामान्य को जागरूक किया गया। डा. एसडी कांडपाल, विभागाध्यक्ष, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग ने कहा कि तंबाकू सेवन के कारण उत्पन्न होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं, विशेष रूप से कैंसर, हृदय रोग एवं श्वसन संबंधी बीमारियों पर प्रकाश डाला तथा तंबाकू नियंत्रण में सामुदायिक सहभागिता के महत्व को रेखांकित किया। डा. अजय कुमार वर्मा, विभागाध्यक्ष, रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग ने तंबाकू सेवन के फेफड़ों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों एवं तंबाकू त्याग के लाभों पर विस्तृत जानकारी दी।

## इनोनेशियाई विश्वविद्यालयों के साथ द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा

**लखनऊ।** इंडोनेशियाई डेलीगेशन ने आपसी सहयोग को मजबूत करने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो जय प्रकाश सैनी से मुलाकात की और लखनऊ विश्वविद्यालय और इंडोनेशिया के उच्च शिक्षा संस्था के बीच एकेडमिक सहयोग की संभावनाओं पर व्यापक चर्चा किया। इनोनेशियाई प्रतिनिधिमंडल में अश्री बुवोनो पुत्रो, फर्स्ट सेक्रेटरी ऑफ प्रोटोकॉल, चीफ ऑफ कॉन्सुलर अफेयर्स, मिस्टर मुसोनी, फर्स्ट सेक्रेटरी, पॉलिटिकल सेक्शन और मिस्टर एगो मुल्यावन काउंसलर शामिल थे। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो जय प्रकाश सैनी ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय अपने इंटरनेशनल स्टूडेंट्स की शिक्षा एवं व्यक्तिव विकास के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में हम ज्वाइंट रिसर्च, स्टूडेंट एक्सचेंज और कल्चरल एक्सचेंज क्षेत्रों में इंडोनेशियाई विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग करेंगे। इंडोनेशियाई प्रतिनिधिमंडल ने इंडोनेशियाई यूनिवर्सिटी के कंसोर्टियम और लखनऊ यूनिवर्सिटी के बीच भविष्य में बातचीत की संभावनाओं पर चर्चा की। प्रो. आरपी सिंह, डायरेक्टर इंटरनेशनल सेल और आईएसए ने कहा, लखनऊ यूनिवर्सिटी इंडोनेशियाई स्टूडेंट्स की पहली पसंद रही है। कुलपति भविष्य में इंडोनेशियाई स्टूडेंट्स के लिए शॉर्ट टर्म प्रोग्राम और इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करेंगे।

## भाषा विवि के सम सेमेस्टर के सभी परिणाम मात्र 10 दिनों में जारी

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक दक्षता का परिचय देते हुए यूजी, पीजी और डिप्लोमा के सम सेमेस्टर परीक्षाओं मई 2026 के सभी परिणाम 30 मई को जारी कर दिए हैं। विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर परिणाम अपलोड कर दिए गए हैं, जहां छात्र-छात्राएं आसानी से अपना रिजल्ट देख सकते हैं। बता दें कि विश्वविद्यालय ने 19 मई तक सभी पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं सफलतापूर्वक सम्पन्न करा ली थीं और मात्र लगभग 10 दिनों के भीतर परिणाम घोषित कर एक नई उपलब्धि हासिल की है। इससे पूर्व भी विश्वविद्यालय विषम सेमेस्टर परीक्षाओं दिसंबर 2025 के परिणाम महज 10 दिनों में जारी कर अपनी कार्यकुशलता साबित कर चुका है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि हमारा प्रयास हमेशा से छात्रों को समयबद्ध और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली उपलब्ध कराना रहा है। कम समय में परिणाम घोषित करना हमारी टीम की समर्पित मेहनत और तकनीकी दक्षता का परिणाम है। हम भविष्य में भी इसी गति और गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## भाषा विवि में आज प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन का अंतिम मौका

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न स्नातक, परास्नातक, डिप्लोमा एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि आज (31 मई) है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार रजिस्ट्रेशन विंडो आज रात 12 बजे तक खुली रहेगी, जिसके बाद आवेदन प्रक्रिया बंद कर दी जाएगी। ऐसे में इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए यह अंतिम अवसर है कि वे बिना देरी किए अपना आवेदन पूर्ण कर लें। विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों–आर्ट्स, सोशल साइंस, साइंस, कॉमर्स, इंजीनियरिंग, लॉ एवं फार्मेसी में सीमित सीटों पर प्रवेश दिया जा रहा है। छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विश्वविद्यालय परिसर में सुविधायुक्त हॉस्टल, मेस, कैंटीन, अत्याधुनिक लैब्स, समृद्ध पुस्तकालय, जिम, ओपन जिम, खेल मैदान सहित अभ्युदय कोचिंग सुविधा उपलब्ध है, जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायक है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह भी जानकारी दी है कि 1 जून को केवल एक दिन के लिए करेक्शन विंडो खोली जाएगी, जिसमें अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में आवश्यक संशोधन कर सकेंगे। इसके बाद किसी प्रकार का सुधार या नया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## अथर्व को 1,50,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप



**लखनऊ।** सीएमएस के गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस के छात्र अथर्व प्रताप सिंह को उच्चशिक्षा के लिए अमेरिका की प्रतिष्ठित ड्रेक्सल यूनिवर्सिटी द्वारा 1,50,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। इस प्रकार, सीएमएस के एक और छात्र ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं ज्ञान-विज्ञान के दम पर विश्व की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। अथर्व को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी।

## अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध प्रदेशव्यापी प्रवर्तन अभियान जारी : माला श्रीवास्तव

**लखनऊ।** प्रदेश में उपखनिजों के अवैध खनन, अवैध परिवहन तथा ओवरलोडिंग पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर प्रवर्तन अभियान संचालित किया जा रहा है। भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की सचिव एवं निदेशक माला श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद एवं निदेशालय स्तर से माह अप्रैल, 2026 से पूरे प्रदेश में सतत एवं सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न जनपदों में खनिज परिवहन करने वाले वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान अधिकांश वाहन वैध परिवहन प्रपत्रों के साथ खनिजों का परिवहन करते पाए गए। वहीं जिन वाहनों में अवैध परिवहन अथवा ओवरलोडिंग की पुष्टि हुई, उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की गई। अब तक की कार्रवाई में कुल 7,339 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 33 करोड़ 71 लाख रुपये का अधिरोपण किया गया है। इनमें से 28 करोड़ 31 लाख रुपये की धनराशि संबंधित पक्षों से जमा भी कराई जा चुकी है। अभियान की समीक्षा करते हुए सचिव एवं निदेशक माला श्रीवास्तव ने अंतर्राज्यीय सीमावर्ती जनपदों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अन्य राज्यों से आने वाले उपखनिजों का परिवहन केवल वैध आईएसटीपी के माध्यम से ही सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्थिति में ओवरलोडिंग न होने दी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपदों में संचालित खनन क्षेत्रों के सोर्स प्वाइंट पर ही निर्धारित लोडिंग मानकों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। यदि किसी स्तर पर अनियमितता अथवा नियमों के उल्लंघन की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# उन्नति सक्सेना राष्ट्रीय फार्मा अन्वेषण में करेंगी यूपी और लविवि का प्रतिनिधित्व

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लविवि के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज (आईपीएस) की बी.फार्म तृतीय वर्ष की प्रतिभाशाली छात्रा उन्नति सक्सेना को फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई), नई दिल्ली द्वारा आयोजित नेशनल फार्मा अन्वेषण 2026 में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। राज्य स्तरीय फार्मा अन्वेषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश राज्य एवं लखनऊ विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ है।

उन्नति सक्सेना ने यह उपलब्धि डॉ. अभिषेक कुमार, सहायक आचार्य, इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज, लखनऊ विश्वविद्यालय के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में किए गए अपने शोध एवं नवाचार कार्य के आधार पर प्राप्त की है। उनके नवाचारी कार्य को राज्य स्तर पर सराहा गया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें राष्ट्रीय मंच पर अपनी परियोजना प्रस्तुत करने के लिए चयनित किया गया।

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के सहयोग से एलएम कॉलेज ऑफ फार्मेसी, अहमदाबाद द्वारा आयोजित यह राष्ट्रीय कार्यक्रम 11 जुलाई 2026 को अहमदाबाद, गुजरात में आयोजित होगा। इस वर्ष की थीम फ्यूचर फार्मा इकोसिस्टमः फॉस्टरिंग स्नेंजी एमग एक्माडिया, इण्डस्ट्री, रिसर्च, रेगुलरटरी एंड प्रैक्टिस निर्धारित की गई है, जिसके अंतर्गत देशभर के प्रतिभागी अपने नवाचारों एवं अनुसंधान उपलब्धियों का प्रदर्शन करेंगे।

इस उपलब्धि पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने उन्नति सक्सेना एवं उनके मार्गदर्शक डॉ. अभिषेक कुमार को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की ऐसी उपलब्धियां विश्वविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता और नवाचार संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाती हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उन्नति राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय एवं उत्तर प्रदेश का नाम गौरवान्वित करेंगी।

# अंग्रेजी साहित्य के इतिहास का मूर्त प्रदर्शन करेगा आरपी सिंह का शैक्षिक प्रदर्शन उपकरण

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** साहित्य, डिजाइन और तकनीक को मिश्रित करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग में अंग्रेजी के प्रोफेसर, प्रो. रवीन्द्र प्रताप सिंह और डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में अंग्रेजी की शिक्षक डॉ. अलका सिंह ने सम्मिलित रूप से एक शैक्षिक प्रदर्शन उपकरण (स्प्रिच्युअल एजुकेशनल डिस्पले डिवाइस) का आविष्कार किया है और उसका पेटेंट कराया, जो अंग्रेजी साहित्य के इतिहास को पढ़ाने के तरीके को एक नया रूप देता है।

यह पेटेंटेड उपकरण एक त्रि-आयामी (3डी), रिबन-आधारित शैक्षिक यंत्र है जो प्रतीकात्मक भौतिक ज्यामिति और एकीकृत डिजिटल प्रस्तुति के मेल से, पुनर्जागरण काल से लेकर उत्तर-आधुनिक काल तक अंग्रेजी साहित्य के कालक्रमानुसार विकास को दृश्य रूप में प्रस्तुत करता है। उम्मीद है कि यह उपकरण भारतीय छात्रों के लिए अंग्रेजी साहित्य के इतिहास की पूरी शृंखला को समझना आसान बना देगा। अपने चित्रण के माध्यम से, यह उपकरण पुनर्जागरण काल, नव-शास्त्रीय काल, स्वच्छंदतावादी काल, आधुनिक काल और उत्तर-आधुनिक काल के दौरान व्याप्त भावनाओं को प्रदर्शित करता है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग के प्रो. रवीन्द्र प्रताप सिंह बताते हैं कि इस उपकरण में रिबन-युक्त इलेक्ट्रॉनिक शैक्षिक प्रदर्शन यंत्र शामिल है, जिसे एक एकीकृत त्रि-आयामी वास्तुशिल्पीय रूप के माध्यम से अंग्रेजी साहित्य के इतिहास को सचित्र रूप से व्यक्त करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह उपकरण विशेष रूप से अंग्रेजी साहित्यिक इतिहास के कालक्रमानुसार विकास, जिसमें प्रारंभिक, मध्यकालीन, पुनर्जागरण, स्वच्छंदतावादी, आधुनिक और उत्तर-आधुनिक काल शामिल हैं, को प्रतीकात्मक भौतिक ज्यामिति और डिजिटल प्रस्तुति के मेल से दृश्य रूप में प्रस्तुत करने के लिए बनाया गया है।

इस उपकरण में एक सतत धात्विक रिबन संरचना बनाई गई है जो पूरे यंत्र में लंबाई के अनुदिश फैली हुई है। यह संरचना क्रमिक रूप से लहरदार, शिखर, गर्त, सीधी और शेवरॉन जैसी आकृतियों वाले खंड बनाती है, जो भावनात्मक, बौद्धिक, तार्किक, प्रयोगात्मक और बहुलवादी साहित्यिक चरणों का प्रतिनिधित्व करते हैं। रिबन की वक्रता, लय और आयाम में नियंत्रित बदलाव साहित्यिक चिंतन, शैली और सांस्कृतिक प्रभाव में हुए ऐतिहासिक परिवर्तनों के अनुरूप होते हैं। ये मूर्तिकला-आधारित आकृतियां सामूहिक रूप से अंग्रेजी साहित्य के लिए एक दृश्य समयरेखा (विजुअल टाइमलाइन) के रूप में कार्य करती हैं और साथ ही एक सुसंगत रूप भी बनाए रखती हैं।

## समितियों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कार्य करना चाहिए

**लखनऊ।** सहकार भारती उत्तर प्रदेश की ओर से पैक्स (प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समिति) के सशक्तीकरण और उन्नयन को लेकर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शनिवार को इंदिरानगर स्थित एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव स्टाफ ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एसीएसटीआई) में समापन हो गया। कार्यशाला में राष्ट्रीय संगठन मंत्री संजय पांचपोर ने कहा कि जमीनी स्तर पर कार्य कर रही ईमानदार और कर्मठ पैक्स समितियों को आगे लाने की जरूरत है। पैक्स पदाधिकारियों को अपने अधिकारों, कर्तव्यों और नियमावली का नियमित अध्ययन करने पर जोर दिया, जिससे वे समितियों का संचालन अधिक प्रभावी ढंग से कर सकें। उन्होंने कहा कि यदि सचिव, अध्यक्ष और सदस्य सेवा, संकल्प, पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ मिलकर कार्य करें तो गांव, किसान और सहकारी समितियां सभी समृद्ध हो सकती हैं। यह भी कहा कि हर समस्या के समाधान के लिए सरकारी सहायता पर निर्भर रहने के बजाय समितियों को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कार्य करना चाहिए।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# स्कूल का गेट गिरने से मासूम की मौत

## 'बचपन डे केयर सेंटर': छुट्टियां बिताने आया था ननिहाल, परिजनों ने शव रखकर किया प्रदर्शन

**विशेष संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** महानगर थाना क्षेत्र के निशातगंज स्थित 'बचपन डे केयर सेंटर' में शनिवार को मुख्य गेट गिरने से आठ साल के बच्चे की मौत हो गई। बच्चा छुट्टियां बिताने अपनी ननिहाल आया था। इस घटना को लेकर परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए, मौके पर विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गयी। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस का कहना है कि जनपद बहराइच से गर्मियों की छुट्टियां बिताने शिवा कश्यप (08) अपनी नानी मीना देवी के घर महानगर निशातगंज आया था। शिवा के मामा राहुल ने बताया शनिवार को सुबह करीब 9 बजे शिवा गेट के पास खेल रहा था, तभी अचानक गेट टूट कर गिर गया और उसके नीचे दबकर शिवा की मौत हो गई। जब तक लोग मौके पर पहुंचकर गेट उठाते तब तक काफी देर हो चुकी थी।

बच्चे को इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। बच्चे के ननिहाल पक्ष के लोगों का कहना है कि घटना अधिकारियों की लापरवाही से हुई। नाराज परिजन सेंटर के गेट पर ही शव रखकर धरना देने बैठ गए। बच्चे की मां ललिता देवी का रो-रो कर बुरा हाल था।



उधर, इस मामले में 'बचपन डे केयर सेन्टर' के अधिकारियों ने बात करने से मना कर दिया है। इसी बीच मौके पर पहुंची महानगर पुलिस ने घटना की स्थिति का ज्याजा लेते हुए बच्चे का शव कब्जे में लेने का प्रयास किया तो परिजन नाराज हो गए। बाद में वह शव पुलिस को सौंपने के लिए राजी हुए।

'बचपन डे केयर सेंटर' में काम कर रहे कर्मचारियों का कहना कि अभी हाल ही में भवन का रंग रोगन हुआ था और गेट की पुताई हुई थी। सूत्रों का कहना है कि यहां नया गेट लगा था, लेकिन, पुराने गेट पर ही पेंट चढ़ा दिया गया और नए गेट का बजट पास कर लिया गया। यदि नया गेट लग गया होता तो शायद यह हादसा सामने ना आता।

# भाजपा नेता की हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

- **फरार चौथे आरोपी पर घोषित है 25 हजार का इनाम**

**विशेष संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** जनपद अयोध्या के भाजपा युवा मोर्चा के नेता शिवम सिंह हत्याकांड का खुलासा करते हुए विभूतिखंड पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किया गया पत्थर बरामद कर लिया है। इस मामले का चौथा चौथा आरोपी अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। उस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है।

इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह के अनुसार सोमवार-मंगलवार की रात कुछ युवकों ने सिगरेट के विवाद में साथियों के साथ मिलकर गोमतीनगर स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल, विनम्रखंड के पास शिवम सिंह पर हमला कर दिया था। आरोपियों ने उन्हें पत्थर से बुरी तरह कूच दिया था और गंभीर रूप से घायल को मौके पर छोड़कर फरार हो गए थे। गंभीर हालत में शिवम को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी।

इस मामले में शिवम सिंह के भाई सौरभ सिंह निवासी रामगंज धौरहरा, अयोध्या की तहरीर पर 27 मई को विभूतिखंड थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। उसी दिन इलाज के दौरान शिवम की मौत होने के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी।

पुलिस की इस सफलता के लिए डीसीपी पूर्वी डॉक्टर दीक्षा शर्मा के निर्देशन में स्वाट, सर्विलांस और थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने सीसीटीवी फुटेज, टेक्निकल साक्ष्यों और अन्य सुरागों के आधार पर आरोपियों की पहचान की, जिसमें शान्तनु उर्फ अंकित रावत, हनी तिवारी उर्फ विवेक, विवेक सिंह और अनुज सिंह के नाम प्रकाश में आए थे।

पुलिस ने शुक्रवार को शान्तनु उर्फ अंकित रावत, हनी तिवारी उर्फ विवेक और विवेक सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उनसे पूछताछ के बाद निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किया गया पत्थर भी बरामद किया गया। चौथा आरोपी अनुज सिंह अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए कई टीमें लगाई गई हैं और उस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है।

# वैन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**लखनऊ।** माल थाना क्षेत्र में शनिवार को सड़क हादसे में संजीत मौर्य (19) की मौत हो गई। गलत दिशा से आ रही इको वैन ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मारी। हादसे के दौरान संजीत का पैर वैन के बोनट में फंस गया, जिससे वह काफी दूर तक सड़क पर घसीटता चला गया। गंभीर रूप से घायल संजीत को लोग अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। वाहन चालक मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार माल थाना क्षेत्र के बेला बिरवा गांव निवासी संजीत मौर्य अपने पिता मुन्नीलाल के साथ खेती-किसानी करता था। शनिवार सुबह करीब 11 बजे वह नबीपनाह नहर के पास स्थित पेट्रोल पंप पर अपनी मोटरसाइकिल में पेट्रोल भरवाने जा रहा था, उसी दौरान माल-मलिहाबाद सीमा पर गलत दिशा से आ रही इको वैन ने उसकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हादसे के समय संजीत ने हेलमेट नहीं पहना था। टक्कर के बाद वैन चालक वाहन लेकर भागने का प्रयास करता रहा, जिससे युवक का पैर वैन के अगले हिस्से में फंस गया और वह काफी दूर तक घिसटता रहा।

# समाज में योगदान देने वाली विभूतियों को गौरव सम्मान

लखनऊ। सामाजिक संस्था एवॉर्ड काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से शनिवार को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली हस्तियों को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा रहे।समारोह में प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त अपर्णा अग्रवाल को राजभाषा गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही समारोह में लघु उद्योग निगम के उपाध्यक्ष नटवर गोयल को भाजपा गौरव, ब्रिज किशोर सिंह को कुर्मी कुलगौरव सम्मान, प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय के उपनिदेशक एनएन पांडेय को राजभाषा गौरव तथा वरिष्ठ कवयित्री अंजना सिंह सेंगर को साहित्य गौरव सम्मान प्रदान किया गया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–प्रापण निविदा सं० उपमु० इं०–निर्माण–एलजेएन–05–2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है। **क्र०सं०:–1., खुली निविदा सख्या:–** उपमु०ई०–नि०–एलजेएन–05–2026 दिनांक 29–05–2026, **कार्य का नाम:–** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के अन्तर्गत बुढ़वल (चौका घाट)–सीतापुर सिटी (न्यू सीतापुर) खण्ड के बीच तीसरी / चौथी लाईन के सम्बन्ध में भूमि अधिग्रहण के लिए सक्षम भूमि अधिग्रहण प्राधिकारी (CALA) को सुविधा प्रदान करना।, **अनुमानित निविदा मूल्य:–** 3,16,16,330.02, **बयाना राशि (रु०):–** 6,32,300,00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु०):–** –निल–, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:–** 12 (बारह) माह, • **क्रम सं0–1:–** ई–टेण्डर डालने की अन्तिम तिथि 22–06–2026 समय 15.00 बजे तक है तथा उसी दिन 15.30 बजे मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर के कार्यालय में खोली जायेगी।, • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते बेवसाइट **http://ireps.gov.in** अथवा बेवसाइट **www.ner.indianrailways.gov.in** पर भी देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखो मे कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**उप मुख्य इन्जीनियर/निर्माण-II,**
**मुजाधि/डब्लू–145** **लखनऊ**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

# कार की ठोकर से स्कूटी सवार युवक घायल

**लखनऊ।** आलमबाग कोतवाली इलाके में दो सप्ताह पूर्व सड़क दुघर्टना में अज्ञात कार की टक्कर से युवक घायल हो गया और सड़क किनारे खड़ी उसकी क्षतिग्रस्त स्कूटी गायब हो गई। त्रिवेणी अपार्टमेंट, जियामऊ निवासी प्रांजल सिंह बघेल पुत्र संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बीते 11 मई की तड़के करीब 3:40 बजे वह अपनी स्कूटी संख्या यूपी 32 के क्यूं 4337 से तेलीबाग की ओर से लालकुर्ती की तरफ जा रहा था। आरोप है इसी दौरान बागवानी केंद्र के सामने विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात चार पहिया वाहन ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया और उनकी स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं पीड़ित का कहना था अगले दिन जब वह अपनी स्कूटी लेने पहुंचा तो वहां से उसकी स्कूटी गायब थी।

# वाहन चालक के साथ मारपीट

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में वाहन चालक के साथ मारपीट, गाली-गलौज और वाहन के दस्तावेज व सामान छीनने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़ित वाहन मालिक ने आरोपी के खिलाफ बंथरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा के कुरौनी स्थित भगवंत खेड़ा निवासी आकाश सिंह चौहान के मुताबिक उनका वाहन 28 मई को सुरेश भट्ठा, कुरौनी में मिट्टी ढुलाई कार्य में लगा था। आरोप है कि आनंदी माता मंदिर के पास पहले से मौजूद विक्की सिंह नामक युवक अपने साथियों के साथ वाहन (यूपी 32 पीआर 0253) से पहुंचे और उनके वाहन को रोककर चालक से चाबी छीन ली। इसके बाद आरोपियों ने अपनी गाड़ी को पीछे कर खड़े वाहन में टक्कर मार दी और चालक हंसराज के साथ मारपीट की।

# फहद फारूकी और डॉ.वसी को फख्र-ए-खैराबाद अवॉर्ड

लखनऊ। सूफी शायर सैयद जिया अलवी की याद में सूफियाना शाम का आयोजन किया गया। शायर सैयद जिया अलवी खैराबादी की याद में सूफियाना कार्यक्रम सदा-ए-जिया का आयोजन खैराबाद फाउन्डेशन ने उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी में किया। जिसमें शहर एवं प्रदेश की जानी-मानी साहित्यिक, सांस्कृतिक और सामाजिक हस्तियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध फिल्मकार मुजफ्फर अली थे। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली हस्तियों को सम्मानित भी किया गया। खैराबाद के फहद फारूकी और डॉ.वसी को फख्र-ए-खैराबाद अवॉर्ड तथा आलम मंसूरी को खिदमत-ए-खल्क अवॉर्ड से सम्मानित कया गया। मंच पर मुम्बई से आई प्रसिद्ध सूफी गायका स्मिता राव बेल्लूर ने सूफियाना कलाम प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जबकि मशहूर कव्वाल शबी खैराबादी ने अपनी शानदार प्रस्तुति से महफिल में रूहानी रंग भर दिया।

# 45 बंदियों को दिये गये प्रमाण पत्र

- **प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को 30 दिन का प्रशिक्षण प्राप्त करने पर 5,100 रुपये का दिया गया मानदेय**

**लखनऊ।** जिला कारागार लखनऊ के कॉमन हॉल में केन्द्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मन्त्रालय भारत सरकार की समर्थ योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके कुल-45 बन्दियों को कुँवर मित्रेश सिंह कुशवाहा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ, भगत सिंह, मा० अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम एवं आर०के० जायसवाल, वरिष्ठ जेल अधीक्षक द्वारा शनिवार को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। साथ ही प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को 30 दिवस का प्रशिक्षण प्राप्त करने पर रू0-5,100/- का मानदेय भी दिया गया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-प्रथम श्री भगत सिंह द्वारा जिला कारागार, लखनऊ का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण सकुशल सम्पन्न हुआ।

इस दौरान जेलर ऋत्विक प्रियदर्शी, राजेश कुमार, सुनील दत्त मिश्र, अभय कुमार शुक्ल, समस्त डिप्टी जेलर व बन्दीरक्षक उपस्थित रहे। इसके साथ आज नारी बन्दी निकेतन, लखनऊ में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं लाइफ एण्ड लिबर्टी फाउंडेशन, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में महिला बन्दियों के लिए एक दिवसीय विधिक जागरूकता एवं विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ ने बताया कि ₹विधिक सहायता क्लीनिक के माध्यम से महिला बन्दियों के साथ व्यक्तिगत परामर्श सत्र आयोजित किये जा रहे है जिससे उनकी समस्याओं एवं प्रकरणों से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त कर आवश्यक विधिक परामर्श एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जा सकेगा। इस अवसर पर महा प्रकाश सिंह, जेल अधीक्षक नारी बन्दी निकेतन, डा. सना दास कार्यकारी निदेशक लाइफ एण्ड लिबर्टी फाउंडेशन, नई दिल्ली, सुकन्या प्रभारी जेलर, नारी बन्दी निकेतन, लखनऊ एवं कारागार के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# खराब मौसम के कारण दिल्ली के बजाय लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारी फ्लाइट

**विशेष संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** शुक्रवार देर रात पुणे से दिल्ली जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक उड़ान को खराब मौसम के कारण दिल्ली के बजाय लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा। बाद में क्रू मेंबरों की ड्यूटी अवधि पूरी हो जाने के कारण उड़ान रद्द कर दी गई, जिससे यात्रियों में नाराजगी फैल गई और एयरपोर्ट पर हंगामे की स्थिति बन गई। हालांकि बाद में एयरलाइंस अधिकारियों ने उन्हें समझा बुझाकर स्थिति सामान्य की।

एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट (आईएक्स-1231) शुक्रवार रात करीब 9:40 बजे लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी। दिल्ली में अचानक खराब मौसम और उड़ान संचालन प्रभावित होने के चलते विमान को लखनऊ डायवर्ट किया गया था। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि विमान में कुल 166 यात्री सवार थे। यात्रियों को उम्मीद थी कि मौसम सामान्य होने पर उड़ान दिल्ली के लिए रवाना होगी, लेकिन विमान के स्टाफ की निर्धारित ड्यूटी अवधि पूरी हो जाने के कारण एयरलाइन ने उड़ान रद्द करने का निर्णय लिया।

जानकारी मिलते ही कई यात्रियों ने एयरपोर्ट पर नाराजगी जताई और हंगामा शुरू कर दिया। स्थिति को संभालने के लिए एयरलाइन और एयरपोर्ट अधिकारियों ने वैकल्पिक व्यवस्था की। एयरलाइन्स अधिकारियों ने इनमें से 154 यात्रियों को लखनऊ से रात 1:14 बजे एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट (आईएक्स-2073) से दिल्ली रवाना किया। वहीं शेष 12 यात्रियों को शनिवार सुबह 7:55 बजे दिल्ली जाने वाली फ्लाइट आईएक्स-1767 में टिकट उपलब्ध कराकर भेजा गया। एयरलाइन की ओर से यात्रियों को आवश्यक सहायता प्रदान की गई।

# अग्निशमन विभाग में बड़ा फेरबदल

**लखनऊ।** यूपी में अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय ने शनिवार को अधिकारियों के बड़े पैमाने पर तबादले किए हैं।सभी अधिकारियों को एक जून तक नई तैनाती पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी स्थानांतरण सूची के मुताबिक, सुशील कुमार को लखनऊ से रायबरेली, मनीराम सरोज को रायबरेली से लखनऊ तथा जितेंद्र कुमार को गौतमबुद्ध नगर से कानपुर नगर भेजा गया है।

इसी तरह दुर्गेश कुमार का फिरोजाबाद से झांसी, कुमर पाल सिंह का हाथरस से गौतमबुद्ध नगर, शीशपाल सिंह का बिजनौर से मुरादाबाद और सुभाष चंद्र का बिजनौर से हाथरस तबादला किया गया है। वहीं महन्थू को प्रयागराज से गोरखपुर, दीपचंद्र को वाराणसी से गोरखपुर, वनारसी दास को अलीगढ़ से लखनऊ, कमलेंद्र कुमार सिंह को लखनऊ से गोरखपुर तथा राजेंद्र प्रसाद को लखनऊ से महाराजगंज भेजा गया है।

इसके अलावा मूलचंद्र सिंह तोमर का गाजियाबाद से बिजनौर, रमेश चंद्र का गोरखपुर से वाराणसी, वीर सेन सिंह का महाराजगंज से गौतमबुद्ध नगर, पशुपति नाथ मिश्र का बस्ती से लखनऊ, नसिरुद्दीन खान का सिद्धार्थनगर से प्रयागराज तथा गेनालाल का बहराइच से सिद्धार्थनगर स्थानांतरण किया गया है।

# लखनऊ को मिला नया डीएमओ

**लखनऊ।** तबादलों की समय सीमा खत्म होने के एक दिन पहले शासन ने 15 जिला अल्पंख्यक कल्याण अधिकारियों का तबादला कर दिया है। पवन कुमार सिंह को लखनऊ का जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी (डीएमओ) बनाया गया है। चित्रकूट के डीएमओ महेन्द्र नाथ प्रताप को महोबा, संभल के डीएमओ दिलीप कुमार को मुरादाबाद, अमरोहा के डीएमओ नौशाद हुसैन को बरेली, हापुड़ की डीएमओ सुनीता मनदार को गौतमबुद्धनगर, बागपत के डीएमओ कैलाश चन्द्र तिवारी को गाजियाबाद, बस्ती मंडल की उपनिदेशक प्रियंका अवस्थी को बस्ती जिले के डीएमओ का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है।

# चोरों ने किया कई मकानों और दुकान में हाथ साफ

**लखनऊ।** सरोजनीनगर में शुक्रवार देर रात चोरों ने सराफ व्यवसायी के घर में घुसकर नकदी व जेवर समेत लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। वारदात के दौरान पीड़ित परिवार दूसरे कमरे में सो रहा था। इसके साथ ही चोरों ने गोसाईंगंज, पारा व चिनहट में चार मकान व एक दुकान का ताला तोड़कर नकदी, जेवर व अन्य माल चोरी कर लिया। पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

सरोजनीनगर के मीरानपुर पिनवट निवासी सराफ व्यवसायी विकास कुमार की बंथरा के हरौनी में राजेश ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। शुक्रवार रात वे हरौनी स्थित एक मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। पत्नी कुसुम और बच्चे घर के अंदर एक कमरे में सो रहे थे। रात करीब 11 बजे विकास मुंडन कार्यक्रम से लौटकर सो गए। शनिवार सुबह विकास जब बगल वाले कमरे में पूजा करने गए तो सारा सामान बिखरा मिला। वहां रखी अलमारी का ताला टूटा था।

उसके अंदर से लाखों रुपये के जेवर और डेढ़ लाख रुपये गायब थे। पीड़ित ने चोरी की सूचना डॉयल-112 पर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। वहीं, गोसाईंगंज के महमूदपुर गांव निवासी संदीप के घर में चोरों ने 27 मई को लाखों के जेवर, आठ हजार रुपये और उनकी पड़ोसी उमा देवी के घर से दस हजार रुपये और बर्तन चोरी कर लिए।

उधर, पारा के हंसखेड़ा पुरानी काशीराम कॉलोनी निवासी रीता बाजपेई ने बताया कि 28 मई की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे दुकान बंद कर घर गयी थी। अगले दिन सुबह पांच बजे दुकान पहुंची तो जाली कटी मिली।

# सेल्समैन से लूट लगीं चार टीमें

**लखनऊ।** आईटीसी कंपनी के सेल्समैन से लूट के मामले में कृष्णानगर पुलिस की चार टीमें लगी है। पुलिस ने कानपुर नगर, उन्नाव, हरदोई समेत आसपास के जिलों में दबिशे दे रही। पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को कब्जे में लेकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

पारा के डिप्टीखेड़ा स्थित कुंदन विहार निवासी रामबाबू एवरेडी करहेटा स्थित आईटीसी कंपनी के सेल्समैन से लूट हुई थी। बाइक सवार दो बदमाश सेल्समैन का सिगरेट भरा थैला छीन ले गए थे।

## सूचना

यह सूचित किया जाता है कि मैं, सना फातिमा, पत्नी श्री मुदस्सिर नियाज, निवासी बी-216, सेक्टर-19, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, की जन्मतिथि विद्यालय के स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टी.सी.) में त्रुटिवश 06.11.1986 अंकित हो गई थी, जिसे अब संशोधित कर सही जन्मतिथि 11.06.1984 करवा लिया गया है। उक्त संशोधन के आधार पर मेरा पासपोर्ट भी सही जन्मतिथि के अनुसार नवीनीकृत कराया जाएगा। अतः भविष्य में मुझे मेरी सही जन्मतिथि 11.06.1984 के अनुसार ही जाना एवं माना जाए। इस विज्ञापन के प्रकाशित होने के पश्चात यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो वह संबंधित अधिकारी से संपर्क कर सकता है।

## न्यायालय सूचना

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय तह. महोली सीतापुर।**
**वाद संख्या- टी -20261064003310**
**धारा- 116 उ.प्र.रा.सं. 2006**
**ग्रामः- परसेहरा, परगना- महोली तहसील, महोली जिला- सीतापुर**

रामप्यारे पुत्र दयाराम निवासी ग्राम मदनापुर परगना महोली तहसील महोली जिला सीतापुर .....**वादी।**

**बनाम**

1- इन्द्रकुमार पुत्र रामकुमार
2- मनोज कुमार पुत्र रामकुमार
3- सुनील कुमार पुत्र रामकुमार
4- काशीराम पुत्र नोखे
5- विश्वराज पुत्र नोखे
6- रजनीश कुमार पुत्र नोखे
7- रामकिशुन पुत्र नोखे
8- गांव सभा/ग्राम पंचायत परसेहरा द्वारा प्रधान परगना महोली तह. महोली जिला सीतापुर।

.... **प्रतिवादी।**

हरगाह वादी ने आप प्रतिवादीगण के नाम प्रतिवादीगण एक नालिस बावत दावा दायर किया है लिहाजा हुकुम होता है कि आप तारीख 08.06.2026 को बावत 10:00 बजे दिन में अस्लन या मारफत वकील के जो मुकदमा हालात से करार वाकिफ लिया गया है। और कुछ उमराह मध्य मुताबिक मुकदमा जवाब दे सके और जवाब देही दावा को करे। और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर आप बताईद अपनी जवाब सवाल चाहते हो आपको इतला दी जाती है अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर फैसला होगा बदस्त मेरे बदस्खत एवं मोहर अदालत के आज तारीख को जारी किया गया है।

**उपजिलाधिकारी महोली**

# ब्रेन डेड होने पर पीजीआईकर्मी ने पांच को दिया जीवन दान

- **पीजीआई में एक कैडेवरिक रिट्रीवल से पांच अंग प्राप्तकर्ता में सफलता**

**लखनऊ।** पीजीआई के सेवानिवृत्त कर्मचारी (सहायक नर्सिंग अधीक्षक) फनीश मणि त्रिपाठी को एक सड़क दुर्घटना के बाद ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया था। इस कठिन समय में, उनके परिवार ने अंगदान के लिए सहमति दी, जिससे दूसरों को नया जीवन मिला।

पीजीआई ने सभी टीमों के बीच घनिष्ठ समन्वय के माध्यम से शुक्रवार उसी दिन अंग प्राप्त करने और उसी दिन प्रत्यारोपण करने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया। दाता से दो गुर्दे, एक लिवर और दो कॉर्निया प्राप्त किए गए। गुर्दे और लिवर का प्रत्यारोपण उसी दिन पीजीआई में पहली बार, मृत दाता से कॉर्निया प्राप्त करने का कार्य भी सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। उप्र स्थित सोट्टो और लखनऊ स्थित केजीएमयू की टीम के समन्वय से कॉर्निया प्राप्त किए गए और उसी दिन केजीएमयू में प्रत्यारोपित किए गए। सोट्टो के संयुक्त निदेशक प्रोफेसर आर हर्षवर्धन और उनकी पूरी टीम ने इसके लिए रात भर काम किया। किडनी रिट्रीवल एवं ट्रांसप्लांटः प्रो. एम.एस. अंसारी, विभागाध्यक्ष, यूरोलॉजी एवं गुर्दा प्रत्यारोपण विभाग के नेतृत्व में डॉ. उदय पी. सिंह और डॉ. संचित रस्तोगी के साथ किया गया।

लिवर रिट्रीवल एवं ट्रांसप्लांटः विभागाध्यक्ष प्रो. अनु बिहारी और प्रभारी प्रो. सुप्रिया शर्मा के नेतृत्व में लिवर प्रत्यारोपण इकाई द्वारा डॉ. यशवर्धन सिन्हा, डॉ. प्रदीप, डॉ. पायल, डॉ. दीपक और डॉ. अक्षत के साथ किया गया। कॉर्निया रिट्रीवलः किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू)की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया। प्राथमिक प्रभारी चिकित्सक जिनके अधीन रोगी को भर्ती किया गयाः डॉ. प्रतीक सिंह बैस, एनेस्थेसियोलॉजी। ब्रेन डेथ प्रमाणन टीम के सदस्य डॉ. कांति कुंतल दास, न्यूरोसर्जरी; और डॉ. हर्षित खरे, कार्डियोलॉजी।

नोडल अधिकारी, एटीसी ट्रांसप्लांट कैडेवरिक समिति, जिन्होंने ब्रेन स्टेम डेड दाता के परामर्श और प्रबंधन में भाग लिया; डॉ. पवन कुमार वर्मा व रेजिडेंट डॉक्टर डॉ. दीक्षा और डॉ. अनंत चैतन्य। संस्थान के निदेशक प्रो. राधा कृष्ण धीमन ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य संस्थान में ही पूर्ण क्षमता का निर्माण करना है, ताकि एसजीपीजीआईएमएस में प्राप्त अंगों और ऊतकों का प्रत्यारोपण उसी दिन यहीं किया जा सके। उन्होंने बताया कि दोनों गुर्दे एक ही दिन दो युवा रोगियों में प्रत्यारोपित किए गए, जो वर्षों से डायलिसिस मशीनों पर निर्भर थे। बहराइच के 32 वर्षीय पुरुष (2022 से डायलिसिस पर) और अमेठी की 31 वर्षीय महिला (2021 से डायलिसिस पर) में गुर्दा प्रत्यारोपित किया गया।

# 1912 की शिकायतों का फर्जी निस्तारण न हो : रिया केजरीवाल



**वरिष्ठ संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की एमडी रिया केजरीवाल ने शनिवार को कस्टमर केयर सेंटर 1912 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्युत आपूर्ति और उपभोक्ता शिकायतों के निस्तारण की मौजूदा प्रक्रिया की समीक्षा की। एमडी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों का समाधान तय समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंनेकहा कि किसी भी हाल में फर्जी निस्तारण न किया जाए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कार्यप्रणाली में सुधार के लिए फीडबैक लेने और समस्याओं के समाधान के बाद उपभोक्ताओं को धन्यवाद संदेश या ट्वीट करने पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने कहा कि समस्या का समाधन समय पर हो तो उपभोक्ता कही भी शिकायत नही करता है जब 1912 पर शिकायत करता है और उसकी शिकायत का समाधान नही होता है तो वह उच्चअधिकारियों के पास चक्कर लगाता है। ऐसे में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई किया जायेगा।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि.**
**अधीक्षण अभियन्ता (तकनीकी), जानकीपुरम क्षेत्र, लखनऊ**

**ई-निविदा सूचना** **वि.आ.सं. 1316 दिनांक 30.05.2026**

**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 39/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत 11 के.वी. एवं एल.टी. महानगर के 33/11 के.वी. उपकेन्द्र पुरनिया देव गोयल चौराहा के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न क्षमता के 11 अदद नये वितरण परिवर्तकों की स्थापना का कार्य, ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 धरोहर राशि रू. 31160.00
2. 40/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत 11 के.वी. एवं एल.टी. महानगर के 33/11 उपकेन्द्र प्रियदर्शिनी जी.एस.आई., इक्का स्टैण्ड, निराला नगर पुरनिया व विकास नगर के क्षेत्रान्तर्गत पृथक-पृथक 10 स्थानों पर 11 के.वी. लाइनों के सुदृढ़ीकरण का कार्य, ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 धरोहर राशि रू. 34790.00
3. 41/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत 11 के.वी. एवं एल.टी. महानगर के 33/11 उपकेन्द्र प्रियदर्शिनी, जी.एस.आई., इक्का स्टैण्ड, यूनिवर्सिटी व विकास नगर के क्षेत्रान्तर्गत स्थापित 44 अदद वितरण परिवर्तकों के प्रोटेक्शन के कार्य, ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू.3540.00 धरोहर राशि रू.33310.00
4. 42/SE/TECH/JZ/2026-27 बिजनेस प्लान वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत 11 के.वी. एवं एल.टी. महानगर के 33/11 उपकेन्द्र दाउदनगर, फैजुल्लागंज व प्रियदर्शिनी के क्षेत्रान्तर्गत स्थापित 44 अदद वितरण परिवर्तकों के प्रोटेक्शन के कार्य, ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 धरोहर राशि रू. 38970.00

ई-निविदा की अन्तिम तिथि 17 जून 2026 14:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि.**
**अधीक्षण अभियन्ता -तकनीकी, गोमती नगर क्षेत्र, लखनऊ**

**ई-निविदा सूचना :** **वि. आ. सं. 1570 : दिनांक : 29.05.2026**

**निविदा सं एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 41/SE(T)/GNZ/ 2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के.वी. एण्ड एल.टी. गोमती नगर, लखनऊ के विराजखण्ड उपकेन्द्र के क्षेत्रान्तर्गत अतिरिक्त परिवर्तक स्थापित करने एवं लाइन सम्बन्धी कार्य, प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00, धरोहर राशि रू. 33,100.00
2. 42/SE(T)/GNZ/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के.वी. एण्ड एल.टी. गोमती नगर, लखनऊ के सेक्टर-5 उपकेन्द्र के क्षेत्रान्तर्गत परिवर्तक की क्षमतावृद्धि का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00, धरोहर राशि रू. 29,900.00
3. 43/SE(T)/GNZ/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के.वी. एण्ड एल.टी. गोमती नगर, लखनऊ के सेक्टर-5 उपकेन्द्र के क्षेत्रान्तर्गत अतिरिक्त परिवर्तक स्थापित करने एवं लाइन सम्बन्धी कार्य, प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00, धरोहर राशि रू. 46,100.00
4. 44/SE(T)/GNZ/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के.वी. एण्ड एल.टी. गोमती नगर, लखनऊ के लौलाई उपकेन्द्र के क्षेत्रान्तर्गत लाइन सम्बन्धी कार्य, प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00, धरोहर राशि रू. 46,700.00
5. 45/SE(T)/GNZ/ 2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के.वी. एण्ड एल.टी. गोमती नगर, लखनऊ के लौलाई उपकेन्द्र के क्षेत्रान्तर्गत परिवर्तकों की क्षमतावृद्धि का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00, धरोहर राशि रू. 37,600.00
6. 46/SE(T)/GNZ/ 2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के.वी. एण्ड एल.टी. गोमती नगर, लखनऊ के लौलाई उपकेन्द्र अतिरिक्त परिवर्तक स्थापित करने का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00, धरोहर राशि रू. 34,000.00
7. 47/SE(T)/GNZ/ 2026-27, अधीक्षण अभियन्ता (तक०), गोमती नगर क्षेत्र, लखनऊ के क्षेत्रान्तर्गत आर0एम0यू0 स्थापित करने का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00, धरोहर राशि रू0 36,700.00
8. 48/SE(T)/GNZ/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के.वी. एण्ड एल.टी. इन्दिरा नगर, लखनऊ के क्षेत्रान्तर्गत अतिरिक्त परिवर्तक स्थापित करने एवं लाइन सम्बन्धी कार्य, प्रपत्र शुल्क रू.3540.00, धरोहर राशि रू. 64,800.00
9. 49/SE(T)/GNZ/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के.वी. एण्ड एल.टी. इन्दिरा नगर, लखनऊ के सेक्टर-14 (ओल्ड एवं न्यू) उपकेन्द्र क्षेत्रान्तर्गत अतिरिक्त परिवर्तक की स्थापना एवं क्षमतावृद्धि का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00, धरोहर राशि रू. 90,500.00
10. 50/SE(T)/GNZ/2026-27, अधिशासी अभियन्ता, 11 के.वी. एण्ड एल.टी. इन्दिरा नगर, लखनऊ के सर्वोदय नगर एवं एच.ए.एल. उपकेन्द्र क्षेत्रान्तर्गत अतिरिक्त परिवर्तक की स्थापना का कार्य, प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00, धरोहर राशि रू. 52,000.00

**ई-निविदा की अन्तिम तिथि :** 12.06.2026 को 17:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाए वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

# भावनाओं को कैमरे पर दिखाना बहुत मुश्किल काम है : सृष्टि सिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शो यादें अपनी परतदार कहानी और दिल को छूलेने वाले रिश्तों के जरिए दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़े हुए है। इस शो में डॉ. देव मेहता (इकबाल खान) याददाश्त खोने के बाद बदली हुई ज़िंदगी से जूझ रहे हैं। इस भावनात्मक कहानी के केंद्र में हैं डॉ. वाणी, जिनका किरदार सृष्टि सिंह निभा रही हैं। डॉ. देव की याददाश्त जाने के बाद, डॉ. वाणी का किरदार दिल टूटने, सच्चाई को अपनाने और खुद में निखार लाने के दौर से गुजरते हुए बहुत खूबसूरती से विकसित हुआ है। इतनी ज्यादा भावनात्मक उथल-पुथल का सामना करने के बावजूद, डॉ. वाणी अपनी निजी और पेशेवर ज़िंदगी के बीच बहुत ही मजबूती और गरिमा के साथ तालमेल बिठाए रखती हैं, जो उन्हें इस शो के सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले और दर्शकों को अपने जैसा लगने वाले किरदारों में से एक बनाता है। इस बातचीत में, सृष्टि ने डॉ. वाणी के भावनात्मक विकास, इकबाल खान के साथ भावुक दृश्यों की शूटिंग, सेट पर बिताए मजेदार पलों और उनके किरदार के भविष्य के बारे में खुलकर बात की।

**डॉ. वाणी के किरदार में किस तरह का बदलाव आया है?**

पहले एपिसोड से लेकर अब तक, खासकर डॉ. देव की याददाश्त जाने के बाद, डॉ. वाणी के किरदार में जबरदस्त बदलाव आया है। उनकी ज़िंदगी का सफर खुशी और रोमांस भरे दौर से गुजरते हुए, दिल टूटने के दर्द से निपटने, सच्चाई को भावनात्मक रूप से स्वीकार करने और खुद में निखार लाने के दौर तक पहुँचा है। उनके किरदार में सबसे बड़ा बदलाव यह है कि उन्होंने कितनी समझदारी से इस बात को स्वीकार कर लिया है कि अब डॉ. देव के दिल में डॉ. सृष्टि के लिए भावनाएँ हैं। अपने दर्द के बावजूद, वह अपनी निजी और पेशेवर ज़िंदगी के बीच बहुत ही मजबूती और गरिमा के साथ तालमेल बिठाए रखती हैं। समय के साथ, उन्होंने डॉ. देव के साथ अपनी दोस्ती को भी फिर से मजबूत किया है, यह समझते हुए कि प्यार जबरदस्ती नहीं किया जा सकता। आज, डॉ. वाणी भावनात्मक रूप से कहीं ज्यादा मजबूत और शांत हैं, और वह खुद पर जोर डाले बिना, स्वाभाविक रूप से अपने जख्मों को भरने की कोशिश कर रही हैं।

**आप व्यक्तिगत तौर पर उस भावना से खुद को कैसे जोड़ पाती हैं?**

व्यक्तिगत तौर पर, मुझे नहीं लगता कि मैं ऐसी किसी भी स्थिति को उतनी समझदारी से संभाल पाती, जितनी समझदारी से डॉ. वाणी संभालती हैं। मैं बहुत ही भावुक इंसान हूँ और मैं बहुत जल्दी प्रतिक्रिया देती हूँ; इसलिए, अगर कोई ऐसा इंसान जिसे मैं प्यार करती हूँ, मुझे ही भूल जाए–तो मैं पूरी तरह से टूट जाती। यहीं पर मुझे लगता है कि मैं डॉ. वाणी से बहुत अलग हूँ, क्योंकि दिल टूटने के बावजूद, वह अपनी निजी और पेशेवर ज़िंदगी, दोनों को ही बड़ी मजबूती और गरिमा के साथ संभालती रहती हैं।

**ऐसा किरदार निभाना, जिसे अपनी भावनाएँ छिपानी पड़ती हैं, उसका सबसे मुश्किल हिस्सा क्या है?**

ऐसा किरदार निभाना, जो अपनी भावनाएँ छिपा रहा हो, उसका सबसे मुश्किल हिस्सा है उन छिपी हुई भावनाओं को कैमरे पर बहुत ही बारीकी से दिखाना। एक एक्टर के तौर पर, आपको सीन में अपनी भावनाओं को दबाना पड़ता है, लेकिन साथ ही यह भी पक्का करना होता है कि दर्शक किरदार के अंदर के दर्द या कशमकश को महसूस कर सकें। इस संतुलन को बनाए रखना असल में बहुत चुनौतीपूर्ण होता है, क्योंकि सब कुछ शब्दों के बजाय आपके हाव-भाव से स्वाभाविक रूप से जाहिर होना चाहिए। कभी-कभी किरदार बाहर से मजबूत दिखने की कोशिश कर रहा होता है, जबकि अंदर से वह भावनात्मक रूप से टूट रहा होता है; और इस तरह की मिली-जुली भावना को भरोसेमंद तरीके से दिखाने के लिए एक एक्टर के तौर पर बहुत ज्यादा संयम और संवेदनशीलता की जरूरत होती है।

**डॉ. वाणी, डॉ. देव को अपनी ज़िंदगी में आगे बढ़ते हुए देखकर खुद को कैसे संभालती हैं?**

डॉ. वाणी इस स्थिति का सामना सच्चाई को अपनाकर करती हैं, भले ही यह उनके लिए बेहद दर्दनाक क्यों न हो। उनके लिए सबसे ज्यादा दिल तोड़ने वाली बात यह है कि डॉ. देव ने जान-बूझकर आगे बढ़ने का फैसला नहीं किया है, बल्कि वह बस उनके प्यार को भूल गए हैं और अब उनके दिल में डॉ. सृष्टि के लिए भावनाएँ हैं। दिल के मामलों में, कुछ स्थितियाँ ऐसी होती हैं जिन पर आपका सचमुच कोई बस नहीं चलता, और डॉ. वाणी यह ??समझती हैं कि प्यार जबरदस्ती नहीं किया जा सकता। इसलिए, बिना सोचे-समझे प्रतिक्रिया देने के बजाय, वह मजबूत बने रहने, अपनी ज़िम्मेदारियाँ निभाते रहने और उस दर्द को परिपक्वता और गरिमा के साथ चुपचाप सहने का फैसला करती हैं।

**सेट पर कास्ट के साथ बिताए कुछ मजेदार या अचानक हुए ऐसे पल कौन से हैं जो आपको खास तौर पर याद हैं?**

सच कहूँ तो सेट पर बहुत सारे मजेदार पल होते हैं, लेकिन एक चीज जो सबसे ज्यादा याद रहती है, वह यह है कि इकबाल लगातार सबकी टांग खींचता रहता है। उसे खासकर मुझे छेड़ने में मजा आता है, लेकिन सच कहूँ तो, सेट पर कोई भी उसके मजाक से सुरक्षित नहीं है। उसके चंचल स्वभाव की वजह से, सेट का माहौल हमेशा ज़िंदादिल, खुशनुमा और हंसी-मजाक से भरा रहता है। शूटिंग के व्यस्त शेड्यूल के दौरान भी, वह माहौल को हल्का-फुल्का बनाने और सबका मनोरंजन करने में कामयाब रहता है। वह मजेदार एनर्जी और अचानक होने वाली हंसी-मजाक, साथ में शूटिंग करने के सबसे सुखद हिस्सों में से एक है।

# मुख्यमंत्री ने जारी किया श्रीराम कथा के भव्य मंच का पोस्टर



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आगामी 1 से 9 जून तक सीतापुर रोड स्थित बृज की रसोई परिसर में आयोजित होने जा रही पूज्यपाद जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज की श्रीराम कथा के संबंध में शनिवार को विधायक डा. नीरज बोरा के नेतृत्व में आयोजन समिति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर उन्हें कथा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्रीराम मंदिर की अनुकृति पर आधारित कथा मंच के पोस्टर का विमोचन किया तथा आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। विधायक डा. नीरज बोरा ने बताया कि कथा प्रतिदिन सायं 5 से 8 बजे तक आयोजित होगी। कथा स्थल पर विशाल पंडाल का निर्माण जारी है तथा बंगाल के कारीगरों द्वारा व्यास पीठ के पीछे श्रीराम मंदिर की भव्य अनुकृति तैयार की जा रही है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कथा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। मुख्यमंत्री से भेंट के दौरान आयोजन समिति के सर्वश्री राकेश पांडेय, संजीव अग्रवाल, श्यामजी अग्रवाल, सुनील अग्रवाल एवं मनोज अग्रवाल उपस्थित रहे।

# हनुमान मंदिरों में उमड़ा आस्था का जन सैलाब, खूब लगे जयकारे







वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले शनिवार को भी राजधानी लखनऊ के सभी हनुमान मंदिरों में पूजन दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ती है। इसी क्रम में इस शनिवार को भी राजधानी लखनऊ के सभी हनुमान मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ आया। हर कोई पवनसुत के दर्शन के लिए आतुर दिखायी दिया। भीषण गर्मी के दौरान आस्था की परीक्षा रही।

शनिवार की भोर में मंदिरों के कपाट खुलते ही दर्शन-पूजन की आस लिए भक्तों की कतारें लगनी शुरू हो गई तो शहर के मुख्य बाजारों, गली-चौराहों पर दिनभर भंडारे चले। अलीगंज के नए हनुमान मंदिर में शनिवार के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। पुराने हनुमान मंदिर, छांछी कुंआ हनुमान मंदिर, हनुमान सेतु मंदिर, त्रिलोचन हनुमान मंदिर चारबाग, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर हजरतगंज, पंचमुखी हनुमान मंदिर बीरबल साहनी मार्ग, कल्याण गिरि हनुमान मंदिर, छुआरे वाले हनुमान मंदिर, महानगर हनुमान मंदिर, रकाबगंज हनुमान मंदिर, इंदिरानगर सी ब्लॉक हनुमान मंदिर, हाथी वाले बाबा हनुमान मंदिर सहित अन्य हनुमान मंदिरों में शनिवार पर विशेष व्यवस्था रही।

शनिवार को सड़कों और चौराहों पर दिनभर भंडारे चले। भंडारों के स्थान पर छाया की व्यवस्था की गई थी फिर भी भीड़ और गर्मी के चलते लोग परेशान नजर आए। भंडारों में प्रसाद स्वरूप विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का वितरण किया गया। पूड़ी-सब्जी के साथ ही लौकी का कोफ्ता, छोला चावल, कढ़ी, बूंदी-बताशे, शरबत, दूध का वितरण किया गया।

**मंदिरों में उमड़ी भीड़, भक्तों की लगी कतार:** ज्येष्ठ माह के शनिवार पर शहर भर के मंदिरों में पूरे विधि विधान के साथ बजरंगबली का पूजन और आरती उतारी गई। शनिवार को हनुमान सेतु मन्दिर में दर्शन के लिए भक्त लाइन में लगे। इसके पूर्व रात 12 बजे से ही भक्त बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचकर मारुतिनंदन के दर्शन के लिए कतार में लग गए। अलीगंज हनुमान मंदिर, हनुमान सेतु आदि बजरंगबली के मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। हनुमान जी को मीठी पूड़ी और बूंदी का भोग लगाया। भक्तों ने हनुमान चालीसा, सुंदरकांड और बजरंगबाण का पाठ कर सुख समृद्धि की कामना की।

**हनुमान सेतु में हुई बजरंगबली की आरती:** लखनऊ विश्वविद्यालय मार्ग स्थित हनुमान सेतु मंदिर में सुबह बजरंगबली की भव्य आरती हुई। जय श्री राम और पवनसुत हनुमान के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। वहीं अलीगंज स्थित पुराना और नया हनुमान मंदिर में बजरंगबली का भव्य श्रृंगार हुआ। हनुमान जी को सूजी का हलवा, पूड़ी और कद्दू की सब्जी, लड्डू और गुलाबजामुन का भोग लगाया गया। साथ ही बीरबल साहनी मार्ग स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में बजरंगबली को मेवे का भोग लगाकर आरती उतारी गई। वहीं मेडिकईल कॉलेज स्थित छाछी कुआं मंदिर, अमीनाबाद हनुमान मंदिर, हजरतगंज स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिरए चौक स्थित कोतवालेश्वर मंदिर में भी बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंच कर बजरंगबली के दर्शन किए।

## राजधानी में शनिवार को भी जगह-जगह लगा भंडारा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शनिवार को अलीगंज के पुराने हनुमान मंदिर समेत अन्य मंदिरों में बजरंगबली का विशेष श्रृंगार व भंडारा आयाजित किया गया। पातालपुरी हनुमान मंदिर में 56 भोग लगा। पूड़ी, सब्जी और शरबत का भंडारा सुबह 11:30 बजे से शुरू हुआ। पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूड़ी सब्जी का भंडारा लगा। राजेंद्र नगर के महाकाल मंदिर में पौधे बांटे गये। कुष्ठ आश्रम, ट्रामा सेंटर और सिविल समेत अन्य अस्पतालों में भी भंडारे के पैकेट बांटे गये। महानगर गोल चौराहा के पास पूड़ी, सब्जी, बूंदी और रायता बांटा गया। डालीगंज बाजार में श्री माधव मंदिर की संस्था श्री राधा माधव सेवा संस्थान द्वारा भक्तों को छाछ के पैकेट वितरित किए गये। निराला नगर में हनुमान मंदिर स्थित जगह पर पूड़ी, सब्जी, बूंदी के साथ रायता बांटा गया। अमीनाबाद बाजार में आइसक्रीम वितरित की गयी। बाबूगंज स्थित भुईयन देवी मंदिर पर भक्तों में गोलगप्पे वितरित किए गये। अलीगंज स्थित साहू एजेंसी के सामने डा. संदीप अग्रवाल द्वारा सब्जीपूड़ी का वितरण किया गया।

# 501 दीपों से जगमगाया गोमती तट, दिखा दीपावली जैसा नजारा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी के झूलेलाल वाटिका स्थित गोमती तट पर शनिवार को 'सनातन महासभा' द्वारा ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर 152वीं आदि गंगा माँ गोमती महाआरती एवं सनातन समागम का भव्य आयोजन किया गया।

भक्ति, शक्ति और सामाजिक संकल्प के इस अनूठे संगम में हजारों श्रद्धालुओं ने मां गोमती की आराधना की। ?सात मंचों से हुआ शंखनाद, भक्तिमय हुआ वातावरण स्वामी आनंद नारायण एवं राज्य सलाहकार स्वास्थ्य विभाग सतीश त्रिपाठी के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत सात भव्य मंचों से एक साथ हुए शंखनाद और मंत्रोच्चार के साथ हुई। सात आचार्यों द्वारा मां गोमती की विधि-विधान से उतारी गई महाआरती ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। आरती के पश्चात जब 501 दीप एक साथ प्रज्वलित किए गए, तो गोमती तट की आभा देखते ही बनी और वहां दीपावली जैसा जीवंत दृश्य उपस्थित हो गया।

महाआरती से पूर्व विश्व तंबाकू निषेध दिवस की पूर्व संध्या पर तंबाकू मुक्त यज्ञ' व संकल्प का आयोजन किया गया। महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने इस अवसर पर युवाओं को तंबाकू मुक्त प्रदेश' की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति जोड़ने का कार्य करती है, इसीलिए आज यज्ञ कुंड के माध्यम से तंबाकू मुक्त प्रदेश के निर्माण का संकल्प लिया गया है और सरकार से मांग है कि धार्मिक स्थलों व शिक्षा केंद्रों के आस पास से पान तंबाकू की दुकान हटाई जाए और बच्चों ने तंबाकू मुक्त प्रदेश विषयक निबंध चित्रकला स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम के अंत में धर्म विस्तार और सामाजिक सेवा के संकल्प के साथ पदाधिकारियों को गंगाजल और कृपाण भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कथक नृत्य की प्रस्तुति शुभम के साथ भजन गायिका शशि गुप्ता, मीरा तिवारी और गीता निगम के सुमधुर भजनों ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एडवोकेट दीपक सिंह, प्रदेश अध्यक्ष रवि कचरू, उमेश त्रिपाठी, सुधांशु शुक्ल, पल्लवी सिंह, संजीव पांडेय, राकेश अग्रवाल, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, सुशील तिवारी, सुनीता गोस्वामी, अतुल तिवारी, रेनू शर्मा, तेजस्वी गोस्वामी और शक्ति सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# हिन्दीप्रेमी न्यायमूर्ति डॉ. शेखर यादव को किया गया सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** आज लखनऊ के उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में हिन्दी पत्रकारिता की 200वीं वर्षगांठ उत्साहपूर्वक मनाई गई। पंडित युगल किशोर शुक्ल ने 30 मई, 1826 को कोलकाता में प्रथम हिन्दी समाचारपत्र उदंत मार्तण्ड का प्रकाशन किया था और उसी स्मृति में वर्ष 1975 से अखिल भारतीय हिन्दी पत्रकार संघ एवं रंगभारती संस्थाओं द्वारा संयुक्त रूप से प्रतिवर्ष हिन्दी पत्रकारिता दिवस का आयोजन किया जाता है। आज समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक थे। आयोजन में इलाहाबाद उच्चन्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश के रूप में गत मास सेवानिवृत्त हुए न्यायमूर्ति डॉ. शेखर कुमार यादव को, जो अपने हिंदीप्रेम के लिए सुविख्यात हैं, विशेष रूप से न्यायमूर्ति प्रेमशंकर गुप्त रंगभारती सम्मान से अभिनंदित किया गया। दशकों पूर्व इलाहाबाद उच्चन्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश के रूप में स्वर्गीय प्रेमशंकर गुप्त ने न्यायालय में हिंदी की अलख जगाई थी और उस अंग्रेजी-प्रधान युग में मुकदमों के फैसले हिंदी में देकर सबको आश्चर्यचकित कर दिया था। आज आयोजन में न्यायमूर्ति डॉ. शेखर कुमार यादव के अलावा हिन्दी के इन वरिष्ठ पत्रकारों एवं हिंदीसेवियों को भी निम्नलिखित रूप में सम्मानित किया गया जिसमें बाबूराव विष्णु पराड़कर रंगभारती सम्मान डॉ. अमिता दुबे को, लक्ष्मीनारायण गर्दे रंगभारती सम्मान रवींद्र कुमार सिंह एवं मदन मोहन बहुगुणा को, रामकृष्ण खाडिलकर रंगभारती सम्मान नरेंद्र श्रीवास्तव एवं हेमेंद्र प्रताप सिंह तोमर को, सच्चिदानंद वात्स्यायन अज्ञेय रंगभारती सम्मान राजेश राय एवं चंद्रभान यादव को, गणेशशंकर विद्यार्थी रंगभारती सम्मान अजीत बिसारिया एवं मनोज छवड़ा को, डॉ. धर्मवीर भारती रंगभारती सम्मान डॉ. सुरेंद्र सिंह चैहान एवं गोविंत पंत राजू को, शंकरदयालु श्रीवास्तव रंगभारती सम्मान शशिधर द्विवेदी को, हेरम्ब मिश्र रंगभारती सम्मान नवेद शिकोह एवं आलोक राजा को, कृष्णबिहारी श्रीवास्तव रंगभारती सम्मान डॉ. मुहम्मद कामरान, गंगाप्रसाद दीक्षित एवं अखिलेश्वर पांडेय अखिल को, राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन रंगभारती सम्मान पूर्व-मंत्री रमापति शास्त्री को दिया गया। इनके अलावा गत 23 जून को आयोजित उत्तर प्रदेश की वर्षगांठ के हमारे आयोजन में दो महानुभावों का आगमन नहीं हो सका था, जिन्हें आज वे सम्मान समर्पित किए गए। उत्तर प्रदेश के पूर्व-मुख्यसचिव दुगार्शंकर मिश्र को डॉ. जनार्दन दत्त शुक्ल रंगभारती सम्मान। सुविख्यात चिकित्सक डॉ. राजीव लोचन को धन्वंतरि रंगभारती सम्मान।

# काकोरी के भगवान पारसनाथ धाम में होगा भव्य पंचकल्याणक महोत्सव



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पट्टाचार्य शिरोमणि आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के सानिध्य में पारसनाथ धाम, काकोरी में 24 से 29 जून तक श्री 1008 आदिनाथ भगवान का छह दिवसीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। भगवान पंचकल्याणक समिति के मुख्य संयोजक ब्रिजेश जैन 'बंटी' ने बताया कि इस भव्य महोत्सव के लिए भारत के रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद श्री राजनाथ सिंह जी को आमंत्रित किया गया है। लखनऊ उत्तर के विधायक माननीय श्री नीरज बोरा, समिति के कार्याध्यक्ष श्री जागेश जैन और सौधर्म इंद्र श्री विशाल जैन (आर्किटेक्ट) ने नई दिल्ली स्थित आवास पर रक्षा मंत्री जी से भेंट कर उन्हें आमंत्रण पत्र सौंपा। महोत्सव की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं और इसमें देश भर से हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

# धर्म ध्वजारोहण अनुष्ठान में सपना गोयल ने दिया नियमित सुंदरकांड पाठ का संदेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अयोध्या जी तीर्थ के राम जन्मभूमि परिसर में निर्मित मां दुर्गा मंदिर पर धर्म ध्वजा का आरोहण अनुष्ठान, माता के साप्ताहिक दिवस शुक्रवार पर 29 मई को श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इस आयोजन को, मातृशक्ति के नाम समर्पित किया था।

ऐसे पावन अवसर पर स्थानीय सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल जी को सुंदरकांड महा अभियान भारत वर्ष की बने पहचान के व्यापक आन्दोलन के प्रमुख के रूप में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। उन्होंने इस अवसर पर संदेश दिया कि सुंदरकांड के नियमित पाठ से सभी का जीवन सुंदर बन सकता है। यह सनातन ही नहीं राष्ट्रीय सांस्कृतिक चेतना का भी आधार है। सपना गोयल ने लखनऊ पहुंच कर संवाददाताओं को बताया कि इस ऐतिहासिक पल में श्री राम मंदिर आंदोलन की प्रखर वक्ता साध्वी ऋतंभरा और केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने मंदिर शिखर पर ध्वज फहराया। ध्वजारोहण से पूर्व राम मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में विशेष अनुष्ठान भी आयोजित किया गया था। सपना गोयल ने बताया कि उनका एक मात्र लक्ष्य है कि संतों और ऋषियों की पावन भूमि, भारत एक बार पुनः विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित हो। भारत उत्थान के इस महा उद्देश्य की पूर्ति के लिए ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से प्रतिदिन सुंदरकांड पाठ के साथ प्रत्येक सप्ताह मंगलवार और शनिवार को नजदीकी मंदिरों में सामूहिक सुंदरकांड का आयोजन, करवाया जा रहा है। बिना किसी सरकारी या निजी सहयोग के 10 मार्च 2024 को महिला दिवस के उपलक्ष्य में सपना गोयल की अगुआई में पांच हजार से अधिक महिलाओं ने लखनऊ के झूलेलाल घाट पर सामूहिक सुंदरकांड का भव्य अनुष्ठान किया था। इस क्रम में 23 जून 2024 को पावन तीर्थ नैमिषारण्य में भव्य सामूहिक सुंदरकांड महायज्ञ का आयोजन करवाया गया था जिसमें पांच हजार महिलाओं को शामिल करवाया गया था। सपना गोयल की अगुआई में बिना किसी सरकारी मदद के रात-दिन की यात्रा करके उत्तर प्रदेश के 25 से अधिक जिलों में बड़े स्तर पर सुंदरकांड महायज्ञ सम्पन्न करवाए जा चुके हैं।

# यूपी एसएनए की कार्यशाला में इस वर्ष दोगुने हुए प्रतिभागी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की ओर से आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण कार्यशालाओं में इस वर्ष प्रतिभागियों का उत्साह दोगुना दिखाई दे रहा है। अकादमी के अनुसार इस बार विभिन्न विधाओं की कार्यशालाओं में कुल 450 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या करीब 230 थी। प्रतिभागियों की बढ़ती संख्या को लेकर अकादमी के अधिकारी भी उत्साहित हैं। इस वर्ष अकादमी ने पहली बार गजल और भजन गायन विधा को कार्यशाला में शामिल किया है। नई शुरूआत को प्रतिभागियों का अच्छा प्रतिसाद मिला है। केवल गजल और भजन वर्ग में ही करीब 90 प्रतिभागी प्रशिक्षण ले रहे हैं। इसमें युवाओं, छात्रों और संगीत प्रेमियों की बड़ी भागीदारी देखने को मिल रही है। इसके साथ ही कार्यशालाओं में प्रतिभागियों को संगीत, नृत्य और नाट्य कला की विभिन्न बारीकियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा सुर, लय, अभिनय, प्रस्तुति और मंच संचालन जैसे विषयों पर अभ्यास कराया जा रहा है। गजल और भजन वर्ग में विशेष रूप से भाव अभिव्यक्ति, उच्चारण और गायन शैली पर ध्यान दिया जा रहा है। अकादमी निदेशक डा. शोभित कुमार नाहर ने कहा कि पारंपरिक कला विधाओं के प्रति युवाओं की रुचि लगातार बढ़ रही है। यही कारण है कि इस बार बड़ी संख्या में नए प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। कार्यशाला के दौरान प्रतिदिन रियाज, समूह अभ्यास और प्रस्तुति सत्र भी आयोजित किए जा रहे हैं ताकि प्रतिभागियों का आत्मविश्वास विकसित हो सके।

संक्षेप

## बीएड की प्रवेश परीक्षा को लेकर समीक्षा बैठक

जौनपुर। संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 31 मई को दो पालियों में (प्रथम पाली प्रातः 09 बजे से 12 बजे तक द्वितीय पाली अपराह्न 02 बजे से 05 बजे तक) सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के संबंध में समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाए तथा पेयजल, विद्युत, सीसीटीवी कैमरा, बैठने की समुचित व्यवस्था सहित सभी मूलभूत सुविधाएं समय से सुनिश्चित कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन कराया जाए तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। परीक्षा को पारदर्शी एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने हेतु 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 37 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। जनपद में कुल 37 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिन पर कुल 17,144 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा अवधि के दौरान सतत निगरानी बनाए रखें तथा सभी व्यवस्थाओं का समय से सत्यापन सुनिश्चित करें।

## परीक्षा को लेकर नो-एंट्री भारी वाहनों पर रोक

जौनपुर। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक आचार्य राजकीय महाविद्यालय (प्रारंभिक) परीक्षा एवं उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड के मद्देनजर यातायात पुलिस ने शहर में नो-एंट्री व्यवस्था की समयावधि बढ़ा दी है। यह परीक्षा 31 मई (रविवार) को जनपद के 14 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने तथा शहर को जाममुक्त बनाए रखने के लिए आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों को छोड़कर सभी भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। यातायात पुलिस के अनुसार 31 मई को सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक शहर क्षेत्र में भारी वाहनों की एंट्री पूरी तरह बंद रहेगी। पचहटिया तिराहा, प्रसाद तिराहा, पकड़ी हाईवे अंडरपास, अलीगंज हाईवे तिराहा, जगदीशपुर चौराहा, चांदपुर हाईवे अंडरपास और कुत्तुपुर तिराहा सहित प्रमुख मार्गों पर यह प्रतिबंध लागू रहेगा।

## गिरफ्तारी नहीं, डीएम से मिले परिजन

जौनपुर। बक्शा थाना क्षेत्र में टावर से कूदकर जान देने वाले श्रीप्रकाश यादव के परिवार ने जिलाधिकारी डॉ. सैमुअल पाल से मुलाकात की। परिवार ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और 50 लाख रुपये के मुआवजे की मांग करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सिंह को एक पत्रक सौंपा है। यह घटना 22 मई को उतरीजपुर में जमीन के सीमांकन विवाद को लेकर हुई थी। श्रीप्रकाश यादव लगभग 7 घंटे तक टावर पर चढ़े रहे थे, जिसके बाद उन्होंने कूदकर अपनी जान दे दी थी। मृतक के भाई जयशंकर यादव ने आरोप लगाया है कि एफआईआर दर्ज होने के बावजूद मामले के आरोपी अभी तक गिरफ्तार नहीं हुए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी लगातार उनके परिवार को धमका रहे हैं और मुकदमे में सुलह करने का दबाव बना रहे हैं, जिससे परिवार भयभीत है। जयशंकर यादव ने यह भी जानकारी दी कि श्रीप्रकाश के निधन के बाद से उनका परिवार गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है और उन्हें सरकार की ओर से अभी तक कोई आर्थिक सहायता प्राप्त नहीं हुई है। परिवार ने मांग की है कि मृतक की पत्नी और बच्चों को कम से कम 50 लाख रुपये की सरकारी सहायता प्रदान की जाए।

# मण्डलीय समीक्षा में मंडलायुक्त ने मातहतों कसे पेंच



आजमगढ़। मण्डलायुक्त विवेक की अध्यक्षता में मंडलायुक्त सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विभिन्न विभागों के ग्रेडिंग एवं रैंकिंग के आधार पर मण्डल के विकास कार्यों एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि योजनान्तर्गत तीनों जनपदों में अधिक से अधिक आवेदन कराये तथा लक्ष्य के सापेक्ष बैंकों से समन्वय कर अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित कर रैंकिंग एवं ग्रेडिंग में सुधार लाएं। उन्होने कहा कि जो भी आवेदन निरस्त किया जाएए उसका कारण भी स्पष्ट करेंए यदि कोई भी आवेदन बिना किसी कारण के निरस्त किया हुआ पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा कि छोटी-मोटी कमियों को दूर करते हुए लोगों को योजना का लाभ दिया जाए। जल जीवन मिशन ग्रामीण की समीक्षा में मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि एफएचटीसी की प्रगति बढ़ाते हुए रैंकिंग एवं ग्रेडिंग में सुधार लाएं। उन्होंने कहा कि योजना अंतर्गत हर घर को नल से जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। उन्होने कहा कि अभियान के अन्तर्गत कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत व्यक्तिगत शौचालय के ग्रेड में कमी होने पर मण्डलायुक्त ने प्रगति बढ़ाने का निर्देश दिया। माध्यमिक शिक्षा विभाग के प्रोजेक्ट अलंकार की समीक्षा के दौरान जनपद आजमगढ़ में 12 में से 05 कार्य पूर्ण पाये गयेए शेष कार्य का पोर्टल पर अपडेट न होने के कारण रैंक खराब होने से विगत माह में प्रभारी डीआईओएस का मण्डलायुक्त ने वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। दशमोत्तर छात्रवृत्तिध्शुल्क प्रतिपूर्ति की समीक्षा में मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि छात्रवृत्ति आवेदन माह में लगकर अधिकाधिक पात्र छात्रों को आच्छादित किया जाए। पिछली जैसी पुनरावृत्ति न हो। बिजली की दयनीय स्थिति को मण्डलायुक्त गम्भीरता से लेते हुए अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने जेडी कृषि को निर्देश दिया कि व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए अधिकाधिक आवेदन कराना सुनिश्चित करें। एंबुलेंस 108व102 की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि एंबुलेंस के रिस्पांस टाइम को कम कर लोगों को इसका लाभ पहुंचाया जाए। सामाजिक वनीकरण की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने वन विभाग को निर्देश दिया कि विभिन्न साइटों पर विजिट कर पौधारोपण की संख्या का सत्यापन सुनिश्चित करें।

## स्कूली वाहनों के फिटनेस में लापरवाही पड़ेगी भारी

आजमगढ़। मण्डलायुक्त विवेक एवं पुलिस उप महानिरीक्षक सुनील कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में मण्डलायुक्त सभागार में मण्डलीय कानून व्यवस्था तथा मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मण्डलीय व जनपदीय संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के अन्तर्गत मण्डलायुक्त ने बताया कि विगत दिनों मुख्यमंत्री द्वारा वीसी में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में मण्डल के तीनों जनपदों के सभी टोल प्लाजों पर देशभक्ति गानों के साथ सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी सहित लू, वज्रपात आदि से बचाव हेतु प्रचार-प्रसार के माध्यम से जनमानस को जागरूक किया जाए। मण्डलीय कानून व्यवस्था की बैठक के अन्तर्गत मण्डलायुक्त ने सख्त निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों व शहरी क्षेत्रों में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफियाओंए कब्जाधारकों पर तत्काल विधिक कार्यवाही कर कब्जा मुक्त करवायें। महिला अपराध की समीक्षा के दौरान महिलाओं की गुमशुदगी को गम्भीरता से लेते हुए जांच व कार्यवाही करने का निर्देश दिया। पुलिस उप महानिरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने मण्डलायुक्त को अवगत कराया कि विगत त्योहार, गंगा दशहरा, बकरीद व प्रतियोगी परीक्षाओं आदि को पुलिस एवं प्रशासन के समन्वय से पूरी संवेदनशीलता के साथ सम्पन्न कराया गया है। बैठक में जिलाधिकारी मऊ आनंद वर्धन, जिलाधिकारी बलिया मंगला प्रसाद सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक मऊ कमलेश बहादुर, पुलिस अधीक्षक बलिया ओमवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी आजमगढ़ परीक्षित खटाना, मुख्य विकास अधिकारी मऊ विवेक कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी बलिया ओजस्वी राज सहित सम्बंधित मण्डलीय अधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोबाइल चोरी के संगठित गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बिलरियागंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे मोबाइल चोरी करने वाले संगठित गिरोह के एक सक्रिय सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।




पुलिस के अनुसार, 29 मई 2026 को थाना बिलरियागंज पुलिस टीम क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा वांछित अपराधियों की तलाश में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर गुलवा गौरी नहर पुलिया के पास से गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त मो. गुड्डू पुत्र मो. हाशिम निवासी अलाउद्दीनपट्टी, थाना बिलरियागंज को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस जांच में सामने आया कि मो. गुड्डू मोबाइल चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह का सक्रिय सदस्य है। गिरोह चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करता था, जिससे क्षेत्र की कानून-व्यवस्था और आम जनजीवन प्रभावित हो रहा था। इसी आधार पर गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें आरोपी फरार चल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ पूर्व में आबकारी अधिनियम, चोरी, आयुध अधिनियम तथा बीएनएस की विभिन्न धाराओं समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अभिलेखों के अनुसार उसके विरुद्ध सात आपराधिक मामले दर्ज हैं।

थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्र के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह के खिलाफ बिलरियागंज पुलिस की इस कार्रवाई को अपराध नियंत्रण की दिशा में अहम सफलता माना जा रहा है।

# जिला जेल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी



जौनपुर। जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. ने शनिवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जेल परिसर की विभिन्न बैरकों में सघन तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें कोई भी संदिग्ध या प्रतिबंधित सामग्री नहीं मिली। जिलाधिकारी ने जेल में निरुद्ध बंदियों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बंदियों से भोजन, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। बंदियों ने बताया कि उन्हें समय पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। डीएम ने जेल अस्पताल का भी निरीक्षण किया और वहां भर्ती बंदियों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य संबंधी हालात की जानकारी ली। मरीज बंदियों ने बताया कि उन्हें नियमित रूप से दवाएं मिल रही हैं तथा चिकित्सकीय देखभाल संतोषजनक है। टीम ने जेल की पाकशाला का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता की जांच की। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं और किसी भी प्रकार की गंभीर समस्या सामने नहीं आई। जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखा जाए तथा शासन के निर्देशों के अनुरूप बंदियों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रभात कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक आयुष श्रीवास्तव आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## ग्रामीणों का प्रदर्शन, फ्लाईओवर नहीं तो वोट नहीं

मीरजापुर। अकोढ़ी, बबूरा और जोपा संपर्क मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरब्रिज निर्माण कार्य शुरू होने के कारण आगामी चार महीनों तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहेगा। इससे क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। शुक्रवार को इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने धरना-प्रदर्शन कर प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि अंडरब्रिज निर्माण के दौरान मार्ग बंद होने से उन्हें मात्र पांच किलोमीटर की दूरी तय करने के लिए लगभग 35 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाना पड़ेगा। इससे छात्रों, किसानों, व्यापारियों और रोजाना आवागमन करने वाले लोगों को आर्थिक और समय दोनों तरह की परेशानी झेलनी पड़ेगी। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि वर्षों से इस क्षेत्र की उपेक्षा की जा रही है। रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाईओवर निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि मिर्जापुर जनपद का यह इलाका विकास के मामले में सबसे अधिक पिछड़ा हुआ नजर आता है। सड़क, पुल और यातायात जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में लोगों को लगातार समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। धरना-प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने एक स्वर में फ्लाईओवर निर्माण की मांग उठाई और चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। ग्रामीणों ने ३फ्लाईओवर नहीं तो वोट नहीं३ का नारा लगाते हुए आगामी चुनावों में जनप्रतिनिधियों का विरोध करने की भी चेतावनी दी। ग्रामीणों का कहना है कि अंडरब्रिज निर्माण कार्य आवश्यक है, लेकिन इसके साथ वैकल्पिक मार्ग की समुचित व्यवस्था और स्थायी समाधान के रूप में फ्लाईओवर का निर्माण भी कराया जाना चाहिए।

# पूर्व सांसद नीलम सोनकर को बड़ी राहत



आजमगढ़। आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामलों में घिरीं पूर्व सांसद नीलम सोनकर को एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत के जज अनुपम कुमार त्रिपाठी ने राज्य सरकार और अभियोजन पक्ष के प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए पूर्व सांसद व अन्य के खिलाफ दर्ज वर्षों पुराने दो मुकदमों को वापस लेने की अनुमति दे दी है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के क्रम में आई इस अनुमति के बाद कोर्ट ने दोनों मुकदमों को पूरी तरह से समाप्त कर दिया है। पूर्व सांसद नीलम सोनकर के अधिवक्ता विश्व दीपक श्रीवास्तव ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व सांसद व अन्य के खिलाफ बरदह और देवगांव थाने में आचार संहिता उल्लंघन के मामले दर्ज थे। पहला मामला लोकसभा चुनाव के दौरान 19 अप्रैल 2009 को बरदह थाने में और दूसरा मामला 20 मार्च 2014 को देवगांव थाने में दर्ज कराया गया था। यह दोनों मुकदमे लंबे समय से एमपी-एमएलए कोर्ट में गवाही की प्रक्रिया में चल रहे थे। हाईकोर्ट की हरी झंडी के बाद खत्म हुआ मुकदमा इस बीच, राज्य सरकार ने जनप्रतिनिधियों (सांसदों व विधायकों) पर दर्ज आचार संहिता उल्लंघन और चक्का जाम जैसे छोटे मामलों को वापस लेने की नीतिगत अनुमति मांगी थी। इस संवेदनशील विषय पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया और जनवरी 2026 में इन मुकदमों को वापस लेने की सशर्त अनुमति प्रदान की। उच्च न्यायालय से हरी झंडी मिलने के बाद अभियोजन अधिकारी की ओर से एमपी-एमएलए कोर्ट में नीलम सोनकर के खिलाफ दर्ज दोनों मुकदमों को वापस लेने के लिए प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया। अदालत ने विधिक पहलुओं पर गंभीरता से सुनवाई करने के बाद अभियोजन पक्ष के अनुरोध को स्वीकार कर लिया और दोनों मुकदमों को समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया। कोर्ट के इस फैसले से पूर्व सांसद और उनके समर्थकों को बड़ी राहत मिली है।

# सच लिखना पत्रकारिता का प्राथमिक गुणः एसडीएम

मीरजापुर। सूचना समाज के मानसिक स्तर, उसकी सोच, व्यवहार और विकास की दिशा का परिचायक होती है। जब लोग सूचनाओं को पढ़ते, समझते और उन पर विमर्श करते हैं तो समाज अधिक जागरूक और प्रगतिशील बनता है। यह बातें उपजिलाधिकारी अजीत कुमार ने तहसील सभागार में आयोजित ग्रामीण पत्रकारिता दिवस एवं विचार गोष्ठी में कही। उन्होंने कहा कि सूचना केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि विकास की आधारशिला भी है।

पत्रकारिता सदैव सत्य के पक्ष में खड़ी रहती है और राजा हरिश्चंद्र की परंपरा का अनुसरण करते हुए समाज में विश्वास, पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों को मजबूत करती है। विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार प्रताप नारायण ओझा ने कहा कि इतिहास में सूचना ने अनेक बार सामाजिक और सत्ता परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया है। सूचना की अपनी स्वतंत्र शक्ति होती है, जो जनचेतना को नई दिशा देती है। मुख्य वक्ता कैलाशपति त्रिपाठी ने कहा कि समाज को विकसित, जागरूक और सशक्त बनाने में सूचना की महत्वपूर्ण भूमिका है। विंध्य बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष धनेश्वर गौतम ने कहा कि सूचना केवल इतिहास का दस्तावेज नहीं, बल्कि नई दृष्टि और परिवर्तन का माध्यम भी है। वरिष्ठ अधिवक्ता विशेश्वर गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से निकलने वाली सूचनाएं राष्ट्र की समग्र शक्ति को विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। पूर्व अध्यक्ष पन्नालाल पटेल ने कहा कि सरकार और समाज के बीच संवाद का सबसे प्रभावी सेतु सूचना ही है। जिला पंचायत सदस्य विष्णु सिंह ने पत्रकारिता को समाज की संपत्ति, विभूति और प्रकृति बताते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। विधायक प्रतिनिधि एवं अपना दल के पूर्व जिला उपाध्यक्ष रमाकांत पटेल ने कहा कि जब गांवों की समस्याएं और सूचनाएं मुख्यधारा में स्थान पाती हैं तो व्यापक सामाजिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होता है। अधिवक्ता जगत शास्त्री ने भी सूचना को परिवर्तन का प्रभावी साधन बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र मौर्य ने की। संचालन श्याम मोहन उपाध्याय तथा आभार प्रदर्शन राकेश त्रिपाठी ने किया। प्रारंभ में श्रीचंद यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। विंध्य बार एसोसिएशन के संस्थापक मनोज दुबे ने अतिथियों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में रामजी विश्वकर्मा, भूपनारायण, गिरजाशंकर तिवारी, प्रभाशंकर दुबे,इंद्रमणि पांडेय, धीरेंद्र प्रताप सिंह एवं विभूति सिंह ने अतिथियों का माल्यार्पण किया। विचार गोष्ठी में अरुण त्रिपाठी, अनिल शुक्ला, चंद्रधर त्रिपाठी द्वितीय, जनार्दन मिश्र, सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# आंधी आने पर छत से गिरकर घायल महिला की मौत

मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मड़वा धनावल गांव में शुक्रवार भोर में आई आंधी के दौरान छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुई महिला ने प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में शनिवार सुबह दम तोड़ दिया। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मड़वा धनावल गांव निवासी किसान राम नारायण सरोज की 48 वर्षीय पत्नी गीता देवी गुरुवार की रात अपने पक्के मकान की छत पर सो रही थी। भोर में आई तेज आंधी में नींद खुली तो छत से नीचे उतरने के लिए सीढ़ियों के पास जा रही थी कि तेज हवाओं के झोंके से छत से नीचे गिर पड़ी। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन आनन फानन में निजी साधन से उपचार हेतु प्रयागराज जिले के जीवन ज्योति अस्पताल में भर्ती करवाए जहां उपचार के दौरान शनिवार सुबह पांच बजे के करीब गीता देवी की मौत हो गई। मृतका को दो पुत्र हैं। पति खेती कर परिवार का गुजर बसर करते हैं। महिला की मौत की सूचना पर अस्पताल पहुंचे ग्राम प्रधान रमेश सिंह ने पीड़ित परिवार को शासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

## हिंदी पत्रकारिता का समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान

जौनपुर। हिंदी पत्रकारिता का स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आज तक देश व समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उक्त विचार जौनपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष शशिमोहन सिंह क्षेम ने हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में व्यक्त किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहाकि आज देश के लाखों युवा हिंदी समाचार पत्रों को पढ़कर उनसे ज्ञान अर्जित करके विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो रहे हैं। पत्रकार रामश्रृंगार शुक्ल गदेला ने कहाकि दो सौ वर्षों पूर्व पं. जुगल किशोर ने कलकत्ता से उदन्त मार्तण्ड नामक पत्र प्रकाशित करके हिंदी पत्रकारिता की नींव डाली थी। पत्रकार लोलारख दूबे ने कहाकि इलेक्ट्रानिक मीडिया के दौर में भी प्रिंट मीडिया का महत्व कम नहीं हुआ है। छात्रों और नौजवानों ने समाचार पत्रों से राजनीति, उद्योग, कला साहित्य आदि क्षेत्रों में विकास किया।

# हिन्दी पत्रकारिता के इतिहास में अनेक परिवर्तन पर वेबिनार आयोजित

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग, कम्युनिकेशन टुडे तथा भारती विद्यापीठ इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस एंड मैनेजमेंट , नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को हिन्दी पत्रकारिता विषयक दो राष्ट्रीय वेबिनार आयोजित किए गए। वेबिनारों में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, मीडिया संस्थानों एवं शोध संस्थाओं से जुड़े शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों और मीडिया पेशेवरों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रथम राष्ट्रीय वेबिनार ह्लहिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष रू परंपरा, परिवर्तन और भविष्यह्व विषय पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता की यात्रा उदन्त मार्तण्ड से प्रारंभ होकर आज रेडियो, टेलीविजन और वेब मीडिया के विभिन्न मंचों से गुजरते हुए वैश्विक स्तर पर अपनी सशक्त एवं विशिष्ट पहचान स्थापित कर चुकी है। उन्होंने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता केवल समाचारों के प्रसार का माध्यम नहीं, बल्कि आमजन की आवाज, लोकतांत्रिक मूल्यों की संरक्षक तथा सामाजिक चेतना की संवाहक रही है। हिन्दी पत्रकारिता जितनी अधिक सशक्त, विश्वसनीय और समृद्ध होगी, देश का लोकतंत्र भी उतना ही अधिक मजबूत और जनोन्मुखी बनेगा। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार संपादक श्रीनारायण तिवारी ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्षों के इतिहास में अनेक परिवर्तन हुए हैं और उसने अनेक चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का युग है, लेकिन यह कभी भी मानवीय बौद्धिक क्षमता का विकल्प नहीं बन सकती। उन्होंने कहा कि प्रिंट मीडिया में प्रकाशित समाचारों की विश्वसनीयता आज भी डिजिटल माध्यमों की तुलना में अधिक है। मुख्य वक्ता संपादक, संचार माध्यम एवं भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली के प्रो. प्रमोद कुमार ने कहा कि पत्रकारिता को समाज के रचनात्मक और सकारात्मक पक्ष को पाठकों के सामने लाना होगा। दूसरे राष्ट्रीय वेबिनार नई पीढ़ी की नजर से हिन्दी पत्रकारिता में पूर्व डीन, एकेडमिक अफेयर्स, एम.डी. यूनिवर्सिटी, रोहतक के प्रो. हरीश कुमार तथा अध्यक्ष पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक (मध्य प्रदेश) के प्रो. राघवेंद्र मिश्र ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने हिन्दी पत्रकारिता की समृद्ध परंपरा, वर्तमान चुनौतियों, डिजिटल मीडिया के बढ़ते प्रभाव तथा भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। आयोजन सचिव एवं अध्यक्ष, जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग, के प्रो. मनोज मिश्र ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पेयजल समस्या को लेकर कार्यालय पर प्रदर्शन

जौनपुर। नगर पंचायत कजगांव के मझलेपुर वार्ड में लगातार कई दिनों से पेयजल न मिलने पर गुस्साए नगरवासियों ने नगर पंचायत कार्यालय पर प्रदर्शन किया तथा पानी की समस्या से निजात पाने के लिए कार्यालय में ज्ञापन दिया। नगरवासियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त नगर पंचायत के वार्ड संख्या दस मझलेपुर में नगर पंचायत के द्वारा नाली बनवाया जा रहा है जिसके चलते जल निगम पानी की सप्लाई का पाइप क्षति ग्रस्त हो गया है। नगरवासियों ने कहा कि इस भीषण गर्मी में लोग पेयजल के लिए परेशान है। उन्होंने ने बताया कि कई बार नगर पंचायत के जिम्मेदार लोगों को उक्त समस्या से अवगत कराया गया लेकिन उनके द्वारा अभी तक क्षति ग्रस्त पाइप को ठीक नहीं कराया गया। पानी न मिलने से गुस्साएं नगर वासियों कार्यालय पर पहुँचकर प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया की नगर पंचायत के सभी जिम्मेदार लोग कुम्भ कर्णी निंद्रा में लीन है। नगरवासियों ने कहा जहां एक तरफ सरकार पीने के पानी को लेकर तरह-तरह की योजनाएं चला रही है वहीं दूसरी तरफ नगर पंचायत के लोग सरकार की योजनाओं को मुंह चिढ़ा रहे हैं। इस दौरान हमीदुल्ला, शम्सुद्दीन, साहिल अंसारी, अब्दुल कय्यूम, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद आदिल, प्रदीप कुमार,शाहनवाज, अरमान,आरिफ आदि मौजूद रहे।



## आंधी तूफान से बचाव को लेकर एडवाइजरी जारी

जौनपुर। आँधी तूफान के दौरान सावधानियों हेतु क्या करें- टिन की छत, होर्डिंग, क्षतिग्रस्त मकान, पेड़, बिजली के खंभे एवं मोबाइल टावर से दूर रहें। घर के बाहर या छत पर रखी हुई भारी वस्तुएं उड़ सकती हैं, इसलिये उन्हें बांधकर रख दें। यात्रा कर रहे हैं तो सुरक्षित स्थान देखकर रुक जाएं। आँधी तूफान के दौरान सावधानियों हेतु क्या ना करें- धारदार एवं नुकीली वस्तुओं को खुले में ना रखें। धातु से बनी वस्तुओं का उपयोग न करें एवं पेड़ की शरण में ना जायें। आकाशीय विद्युत के परिप्रेक्ष्य में सावधानियों हेतु क्या करें- पक्के मकान की शरण में चले जाएं। खिड़की, दरवाजे एवं बरामदे से दूर रहें। पेड़, मोबाइल टावर, बिजली के खंभों, कच्चे मकान, तालाब, जलाशय से दूरी बना कर रखें। खराब मौसम में बच्चों को बाहर न खेलने दें, लोहे की खिड़की, दरवाजे व हैण्डपम्प आदि को न छुएं। यदि खुले खेत में फंस गये हैं तो दोनों कानों को बंद कर पैरों को सटा लें तथा घुटनों का टेक लेकर उकडू बैठ जाएं। वर्षा, आंधी तूफान, आकाशीय बिजली एवं बदलते मौसम का सटीक पूवार्नुमान देगा बहुउपयोगी सचेत एप एवं दामिनी एप जिससे कि प्रशासन, स्वयंसेवक तथा जागरुक लोगों द्वारा पूर्व चेतावनियों एवं अलर्टर्ट को आम जनमानस तक समय से पहुचांकर आपदा से होने वाली क्षति को कम किया जा सकता है। पेड़ के नीचे ना खड़े हों। दीवार के सहारे टेक न लगायें। धातु युक्त नल एवं फ्रिज को ना छुएँ। धातु से बने छाते का प्रयोग न करें। घरों में चलने वाले भारी विद्युत उपकरणों को प्लग से अलग कर दें। खुल वाहनों मे सवारी न करें, बचाव के लिए जमीन पर न लेटें तथा तैराकी या नौकायन न करें।

## अधिकारी कार्यालय कक्ष में बैठकर सुने आमजन की समस्याएं

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने जारी अपने एक आदेश के तहत कहा है कि शासन द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक कार्य दिवस में पूर्वान्ह 10 से 12 बजे तक अपने-अपने कार्यालय कक्ष में बैठकर आमजन की शिकायतों को सुनने एवं नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने, कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है, किन्तु प्रायः यह देखा जा रहा है कि कतिपय अधिकारियों द्वारा उपर्युक्त शासनादेश की न केवल अवहेलना की जा रही है, बल्कि उक्त अवधि में कार्यालय छोड़कर अन्य कार्यों में व्यस्त रहते हैं, जबकि वह कार्य जनसुनवाई अवधि के उपरान्त भी किया जा सकता है। यह स्थिति कदापि संतोषजनक नहीं है। अतः एतद्वारा सर्वसंबंधित जनपदीय अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि वह शासनादेश के अनुपालन में पूर्वान्ह 10 से 12 बजे तक अपने-अपने कार्यालय कक्ष में स्वयं उपस्थित रहकर आमजन की शिकायतों को सुनें तथा नियत अवधि के अन्दर नियमानुसार गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें, करायें, जिससे शासन की मंशापूर्ण होने के साथ ही आमजन को यथोचित लाभ प्राप्त होना संभव हो सके।

## सात वर्ष की कैद और 91 लाख अर्थदंड

आजमगढ़। धोखाधड़ी के एक चर्चित मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए सात वर्ष के कठोर कारावास तथा 91 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने अर्थदंड की पूरी धनराशि पीड़ित को दिए जाने का आदेश भी दिया है। यह फैसला अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या-11 के न्यायाधीश अंकित वर्मा ने शनिवार को सुनाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, वादी इमरान अहमद निवासी टेउंगा, थाना फूलपुर की मुलाकात आरोपी सुभाष चौबे निवासी गंभीरवन, थाना जहानागंज से हुई थी। आरोपी ने इमरान अहमद को जमीन खरीद-फरोख्त के व्यवसाय में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी पर पार्टनर बनाने का प्रस्ताव दिया। विश्वास दिलाने के लिए आरोपी ने लखनऊ स्थित एक ट्रस्ट की पावर ऑफ अटॉर्नी से संबंधित दस्तावेज भी दिखाए। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से अभियोजन अधिकारी अरविंद कुमार राठी तथा अधिवक्ता प्रशांत राय ने कुल सात गवाहों को न्यायालय में पेश कर उनके बयान दर्ज कराए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और उपलब्ध साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद अदालत ने आरोपी सुभाष चैबे को दोषी ठहराया। अदालत ने आरोपी को सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाने के साथ 91 लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया। न्यायालय ने आदेश दिया कि अर्थदंड की पूरी राशि पीड़ित इमरान अहमद को प्रतिकर के रूप में प्रदान की जाए यह फैसला लंबे समय से चल रहे धोखाधड़ी के मामले में पीड़ित पक्ष के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है।

# बीजेपी उपाध्यक्ष को थाने लाने पर विधायक का पारा हुआ हाई

मीरजापुर। मारपीट के एक मामले में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष कोन सत्य नारायण प्रजापति को चिल्ह थाने लाकर बैठाने पर नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्रा नाराज होकर थाने पर पहुंच गए और मंडल उपाध्यक्ष को अपने साथ ले गए। बताया जाता हैं कि पुरजागीर चौराहे पर ठेले पर फुलकी और चाट लगाने वाले दो दुकानदारों में ग्राहक बुलाने को लेकर मारपीट हो गई, इसमें एक दुकानदार कोन मंडल उपाध्यक्ष है। विवाद की सूचना पर पुलिस पहुंची दोनों पक्षों को थाने लेकर आ गई। मंडल उपाध्यक्ष कोन को थाने पर बैठाने पर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्रा नाराज हो गए और थाना प्रभारी को फोन कर छोड़ने को कहा, उसके बाद विधायक थाने पहुंच गए और अपनी नाराजगी जताए। मंडल उपाध्यक्ष के तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई और एक व्यक्ति को हिरासत में ले कर चालान कर दिया गया।

संक्षेप

## तेज आंधी और बारिश से गिरी दीवार, युवती की दबकर मौत

**मथुरा।** मगोर्रा थाना क्षेत्र के बछगांव में बीतीरात तेज आंधी और बारिश के दौरान एक दीवार गिरने से 18 वर्षीय युवती गुंजन की मौत हो गई। इस घटना से परिवार में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। बछगांव निवासी अमर सिंह की पुत्री गुंजन शुक्रवार रात करीब 9 बजे नोहरे में पशुओं को दलिया खिलाकर घर लौट रही थी। इसी दौरान तेज आंधी और बारिश के बीच अचानक एक कच्ची दीवार भरभराकर गिर गई। गुंजन दीवार के मलबे के नीचे दब गई। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया, जहां भाई सुखवीर ने बहन को मुखाग्नि दी। परिजनों ने बताया कि गुंजन का विवाह आगरा जनपद के किरावली क्षेत्र स्थित गांव मलिकपुर निवासी लवकुश के साथ तय हुआ था। दोनों परिवारों की सहमति से 28 जून को शादी की तारीख निर्धारित की गई थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन इस हादसे ने सारी खुशियों को मातम में बदल दिया। अधिकारियों ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और लेखपाल की जांच रिपोर्ट के आधार पर आपदा प्रबंधन विभाग से मृतका के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

## दो शातिर गिरफ्तार लाखों का माल बरामद

मथुरा। थाना सुरीर पुलिस और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चोरी के जेवरात के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में सोने. चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार बीती देरसायं मुखबिर की सूचना पर नगला बरी की पुलिया के पास यमुना एक्सप्रेसवे से वीरसैन और कुलदीप उर्फ भोला को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी सुरीर बिजऊ गांव के निवासी हैं। गिरफ्तारी के दौरान उनके कब्जे से चोरी के विभिन्न सोने चांदी के आभूषण बरामद हुए। बरामद सामान में गले की कंठी रानी हार गले के सेट मंगलसूत्र टीके चूड़ियां नथ नाक की लौंग झुमकी अंगूठियां तगड़ी पायल कमरबंद बिछु सहित अन्य आभूषण शामिल हैं।

## गांजा बेचने वाले दो तस्कर गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना मगोर्रा पुलिस ने दो अलग-अलग क्षेत्रों से गांजा बेचने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से कुल 800 ग्राम गांजा मिला है। कस्बा पुलिस ने लालपुर नहर के पास से गांजा बेचने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर उससे गांजा बरामद किया है। बताया गया कि पहले भी यह युवक नशा बेचने के मामले में गिरफ्तार हो चुका है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गांजा लेकर एक युवक शाहपुर चैनपुर की तरफ से आ रहा है। इस सूचना पर लालपुर नहर के पास पुलिस ने उसे घेर लिया और तलाशी ली। उसके पास से 350 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र रघुवीर निवासी उस्फार मौहल्ला दसबिसा का रहने वाला है। वहीं पुलिस की दूसरी कार्यवाही में जाजमपट्टी सर्विस रोड़ से दीपक सिंह पुत्र पातीराम निवासी ग्राम उसफार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 450 ग्राम गांजा बरामद किया है।

# उपज ने मनाया 200वां हिंदी पत्रकारिता दिवस

## लोकतंत्र में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका: राज्यसभा सांसद



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (उपज) मथुरा के तत्वावधान में शनिवार को 200वां हिंदी पत्रकारिता दिवस, विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन एक स्थानीय होटल में किया गया। कार्यक्रम में हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली 200 वर्षों के इतिहास, वर्तमान चुनौतियों और लोकतंत्र में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार चर्चा की गई। कार्यक्रम में आयोजक एवं उपज जिलाध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल ने मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह चैधरी, विशिष्ट अतिथि बलदेव विधायक पूरन प्रकाश, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रसून शुक्ला, उपज प्रदेश महामंत्री अजय कर्ण, बलदेव ब्लॉक प्रमुख प्रतीक भरंगर, प्रदेश कोषाध्यक्ष बालमुकुंद तिवारी सहित अन्य अतिथियों का पटुका ओढ़ाकर एवं राधा-कृष्ण का छायाचित्र भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह चैधरी ने किया, उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चैथा स्तंभ है, जो समाज को जागरूक करने, जनसमस्याओं को उठाने और शासन-प्रशासन को जनता के प्रति जवाबदेह बनाने का महत्वपूर्ण कार्य करता है। समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार सी.पी. सिकरवार, हेमंत अग्र हरि, विजय सिंघल, अनुज उपमन्यु, ऋषि पंडित, कन्हैया लाल स्वीटी सुयशी, डॉ अशोक अग्रवाल सहित जिले भर के पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन केशवानंद त्रिपाठी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन उपज के कोषाध्यक्ष विपिन अग्रवाल एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा व्यक्त किया गया। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

**होनहार बेटियां हुई सम्मानित :**वृंदावन नगर निगम चैराहे के पास स्थित लक्ष्मण शहीद स्मारक भवन में वृंदावन पत्रकार संघ के तत्वावधान में हिंदी पत्रकारिता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती एवं वरिष्ठ पत्रकार स्व. गणेश शंकर विद्यार्थी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष रासबिहारी शर्मा ने पत्रकारिता के बदलते स्वरूप पर चिंता जताई। कार्यक्रम में महंत मोहिनी बिहारी शरण, आचार्य बद्रीश और उपसभापति मुकेश सारस्वत सहित कई गणमान्य लोगों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में सीबीएसई इंटरमीडिएट की जिला टॉपर नित्या गर्ग और जीएसटी असिस्टेंट कमिश्नर पद पर चयनित कृष्णांगी त्रिपाठी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

## मथुरा में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियां पूरी, डीएम ने की समीक्षा बैठक

**मथुरा।** उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती- 2025 की लिखित परीक्षा को सकुशल, निर्विघ्न, नकल विहीन, निष्पक्षता एवं सुचितापूर्वक सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, रिजर्व मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों, सहायक नोडल अधिकारी (पुलिस), केन्द्र प्रभारी पुलिस, जनपदीय नियंत्रण कक्ष प्रभारी आदि की समीक्षा बैठक हुई संपन्न।

**● 8, 9 और 10 जून को 16 केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा, हर पाली में बैठेंगे 6240 अभ्यर्थी**

उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती- 2025 की लिखित परीक्षा जनपद के 16 परीक्षा केन्द्रों पर 8, 9 एवं 10 जून 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा 2 पालियों में आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से माध्यम 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 3 बजे से सायं 5 बजे तक होगी। जनपद में प्रत्येक पाली में 6240 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। उक्त परीक्षा हेतु 16 सेक्टर तथा 16 स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई है।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कंट्रोल रूम, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और सुरक्षा प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेटों को सख्त निर्देश दिए कि सुरक्षा मानकों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। दोनों पालियों से पूर्व समस्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट समय उपस्थित होकर परीक्षा को सकुशल संपन्न कराएं। डीएम ने निर्देश दिए कि ससमय सेंटर/केंद्रों में समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करे। परीक्षा से पूर्व सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट केंद्रों का निरीक्षण करें। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा अवधि में परीक्षा केन्द्रों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण/पर्यवेक्षण करे। उन्होंने कहा कि संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों का विशेष रूप से सघन निरीक्षण करे। यह भी सुनिश्चित करे कि संवेदनशील व अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था कर दी गयी है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान केन्द्र के समीप भीड़ एकत्रित नहीं होने दे। परीक्षा प्रारम्भ एवं समाप्ति के समय भी इसका विशेष ध्यान दिया जाए। परीक्षा के दिनांक 8, 9 एवं 10 जून 2026 को प्रातः से परीक्षा की समाप्ति तक परीक्षा केन्द्रों की समीपवर्ती समस्त फोटो स्टेट व साइबर कैफे की दुकानें बन्द रहेंगी।

## महाराणा प्रताप शोभा यात्रा के संबंध में जनसंपर्क किया



**टूण्डला।** नगर में 17 जून को निकलने वाली महाराणा प्रताप शोभा यात्रा के संबंध में शनिवार को शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष पंकज परमार और समिति के अन्य पदाधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया और जनसंपर्क किया। इस मौके पर रुस्तम सिंह संजय सिंह परमार अनिल धाकरे दिलीप चौहान ठाकुर मयंक प्रताप सिंह दीपक छौंकर, शिशुपाल सिंह अमित प्रताप सिंह रवी चौहान राजेश सिंह विजय जादौन ध्रुव धाकरे आदि मौजूद रहे।

## मोबाइल टॉवर से गिरकर इंजीनियर की मौत

टूंडला। नेटवर्क में खराबी आने पर एक इंजीनियर टॉवर पर चढ़कर सिग्नल की जांच कर रह था। तभी सेफ्टी बेल्ट का लॉक टूट गया और वह करीब 190 फीट ऊंचाई से नीचे गिर पड़ा। आनन फानन में घायल को उपचार के लिए गये जहां चिकत्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शांतनु पुत्र श्याम 30 वर्षीय निवासी धर्मपुर थाना पचोखरा गुरुवार शाम रबूपुरा क्षेत्र के चांदपुर गांव में सिग्नल चेकिंग करने के लिए गया था। एयरटेल कंपनी के टॉवर पर पिछले कई दिनों से नेटवर्क की समस्या आ रही थी। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कंपनी से की थी। शिकायत पर कंपनी की ओर से नेटवर्क इंजीनियर शांतनु शुक्रवार को टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सिग्नल की जांच करने के लिए शांतनु खुद टॉवर पर चढ़े। उन्होंने सुरक्षा के लिए हेलमेट और सेफ्टी बेल्ट पहन रखी थी। करीब 190 फीट की ऊंचाई पर पहुंचकर वह सिग्नल चेक कर रहे थे। तभी अचानक उनकी सेफ्टी बेल्ट का लॉक टूट गया और वह नीचे गिर गए।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। साथियों ने पुलिस की मदद से उन्हें तुरंत कासना स्थित जिम्स अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया है। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

## तेज आंधी और बरसात में मकान की छत गिरने से महिला हुई घायल

**टूंडला।** थाना टूंडला क्षेत्र के नगला रामकिशन अम्बेडकर पार्क के पीछे वाली गली में तेज आंधी व बरसात से एक महिला अपने परिजनों के साथ ऊपर बने मकान के बाहर सो रही थी। तभी छत के ऊपर बने कमरे की छत भरभरा कर गिर गई। जिससे एक महिला घायल हो गई। वहीं परिजनों में भय का माहोल बना हुआ है। शुक्रवार बीती रात्रि तेज आंधी व बरसात के चलते ग्राम पंचायत टूंडला खाम नगला रामकिशन अम्बेडकर पार्क के पीछे गली में लीलावती पत्नी सुरेश चन्द्र निवासी नगला रामकिशन थाना लाइनपार टूंडला अपने छत ऊपर बने कमरे के बाहर छत पर बच्चों को लेकर सो रही थी। तभी तेज आंधी और बरसात से छत के ऊपर बने कमरे की छत भरभरा कर गिर गई। छत पर सो रहे लीलावती, सुरेश चन्द्र व उनके बच्चे भानुप्रिया, राखी, खुशबू, कंचन, रौशनी, रश्मी, डुग्गु आदि में चींख पुकार मच गई। इस दौरान लीलावती घायल हो गई। कमरे की छत गिरने से घरेलू सामान दब गया।इससे उन्हें काफी नुकसान हुआ है, छत गिरने से परिजनों में भय का माहोल बना हुआ है। उन्होने शासन से मुआवजा दिलवाये जाने की मांग की है। इस घटना को देखने के लिए आसपास के लोगों की भीड़ लगी रही।

## बांकेबिहारी मंदिर मार्ग पर स्ट्रीट लाइट धराशायी, मार्ग अवरुद्ध

**मथुरा।** तीर्थनगरी वृन्दावन में हो रहे अनियोजित विकास की परतें लगातार खुलकर सामने आ रही हैं। शनिवार को एमवीडीए द्वारा बांकेबिहरी मंदिर मार्ग को रोशन करने के लिए लगाई गई स्ट्रीट लाइट बीच सड़क पर धराषायी हो गई। जिससे इन पर लदा तारों का जाल भी सड़क पर आ गया और भीड़भाड़ वाला मंदिर मार्ग अचानक अवरुद्ध हो गया।

अभी नगर के बिहारीपुरा, मथुरा दरवाजा आदि वार्डों को रोशन करने के लिएं एमवीडीए द्वारा लगाई गईं स्ट्रीट लाइटों को उखाड़ने का मामला प्रकाष में है। करोड़ों की लागत से विश्व बैंक की सहायता राशि से लगाई गईं ये लाइटें कुछ दिन भी न जल सकीं और अब इन्हें नगर निगम द्वारा उखाड़ दिया गया। ऐसी तमाम स्ट्रीट लाइटों के खंभों को इन वार्डों की गलियों में अब भी सड़क किनारे रखे देखा जा सकता है। इसी दौरान शनिवार शाम लगभग 5 बजे विद्यापीठ चैराहा के समीप बांकेबिहारी मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग पर मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण द्वारा लगभग दो वर्ष पूर्व लगाई गई स्ट्रीट लाइट जो अब देखरेख के लिए नगर निगम मथुरा-वृन्दावन को हस्तांतरित कर दी गई है, अचानक धराषायी हो गयी। गनीमत यह रही कि किसी को इस हादसे में चोट नहीं लगी। दरअसल, लाइट के खंभे में गलाव आ गया था। जिससे यह गुणवत्ताविहीन विकास कार्य की बानगी पेष करता स्ट्रीट लाइट का खंभा धराषायी हो गया। स्ट्रीट लाइट के गिरते ही इसपर लदा तारों का जाल भी सड़क पर आ गया जिससे श्रद्धालुओं और राहगीरों को वहां से निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ा। जिससे सड़क पूरी तरह अवरुद्ध हो गई। लोग इसे फांदकर बांकेबिहारी मंदिर की ओर आने-जाने लगे। कुछ देर बाद पहुंची नगर निगम की मेंटिनेंस टीम ने मार्ग को सुचारु किया। गौरतलब यह है कि तारों के जाल में फंसे होने के कारण लाइट अचानक जोर से नहीं गिरी अन्यथा कोई बड़ी दुर्घटना भी हो सकती थी। नगर निगम की टीम को इन खंभों की नियमित मॉनीटरिंग करने की जरुरत है।

# जाम मुक्त वृंदावन को प्रशासन की बैठक



**मथुरा।** वृंदावन धर्मनगरी वृंदावन में लगातार विकराल होती जा रही यातायात और जाम की समस्या के स्थायी समाधान को लेकर लक्ष्मण शहीद स्मारक भवन में सिटी मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में शनिवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। जिसमें नगर निगम, यातायात पुलिस, वृंदावन पुलिस, पर्यटन विभाग, मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण , एसीएम कार्यालय के अधिकारियों के साथ-साथ वृंदावन सिविल सोसायटी, व्यापार मंडल तथा ब्रजवासी तीर्थ पुरोहित पंडा सभा के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में वृंदावन की प्रमुख सड़कों, परिक्रमा मार्ग, मंदिर क्षेत्रों और प्रमुख चैराहों पर बढ़ती यातायात अव्यवस्था पर गंभीर मंथन किया गया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर कार्ययोजना तैयार करने और जनप्रतिनिधियों तथा सामाजिक संगठनों के सुझावों को गंभीरता से लागू करने के निर्देश दिए गए। अपर नगर आयुक्त सी.पी. पाठक ने कहा कि नगर निगम द्वारा यातायात सुगमता के लिए आवश्यक आधारभूत व्यवस्थाओं को मजबूत किया जाएगा। नगर निगम प्रशासन अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर जाम की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कार्य करेगा।

क्षेत्राधिकारी सदर प्रीतम पाल सिंह ने कहा कि यातायात नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस विभाग लगातार प्रयासरत है। बैठक में उपस्थित वृंदावन सिविल सोसायटी के प्रतिनिधियों ने ई-रिक्शा संचालन को व्यवस्थित करने, भारी वाहनों के प्रवेश पर नियंत्रण, पार्किंग स्थलों की संख्या बढ़ाने तथा परिक्रमा मार्ग को जाममुक्त बनाए रखने के संबंध में सुझाव दिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर शीघ्र ही एक प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाएगी, जिससे वृंदावन की सड़कों पर लगने वाले जाम से राहत मिल सके। अधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि सुझावों को अमल में लाकर वृंदावन को व्यवस्थित, सुगम और जाममुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर श्याम सुंदर गौतम, अभय वशिष्ठ, विजय रिणंवा, पवन सिंह सिसोदिया, पवन ठाकुर, धनेंद्र अग्रवाल बॉबी, विजय राघव शेरु, विनीत उपाध्याय, सुधीर शुक्ला, रवि यादव, राघव भारद्वाज, धर्मेंद्र गौतम लीला, जितेंद्र सिंह राणा, गोविंद नारायण बृजवासी, विवेक

## ग्रामीण पत्रकार एसो. की हिंदी पत्रकारिता दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित

**टूण्डला।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील टूण्डला इकाई द्वारा शनिवार को तहसील टूंडला कार्यालय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारिता के महत्व समाज में मीडिया की भूमिका तथा हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के मंडल संगठन मंत्री राजू उपाध्याय द्वारा की गई, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल उपाध्यक्ष सोमेन्द्र पोनिया शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ हिंदी पत्रकारिता के पुरोधाओं को नमन करते हुए किया गया। मंडल उपाध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां ने हिंदी पत्रकारिता दिवस को मनाए जाने के इतिहास पर विस्तृत प्रकाश डाला और कहा



कि हिंदी पत्रकारिता ने देश में जनजागरण, सामाजिक सुधार और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पत्रकार समाज और शासन-प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करता है तथा निष्पक्ष एवं निर्भीक पत्रकारिता लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। पत्रकारों को सदैव सत्य, निष्पक्षता और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। वहीं उन्होंने सरकार से पत्रकारों की सुरक्षा और अन्य सुविधाएं प्रदान किए जाने की भी मांग की, मंडल संगठन मंत्री राजू उपाध्याय ने पत्रकारों से आधुनिक तकनीक के साथ कदम मिलाकर समाज के सामने सही और तथ्यात्मक जानकारी पहुंचाने का आह्वान किया।कार्यक्रम में संरक्षक तहसील टूण्डला कार्यकारिणी अरुण रावत तहसील अध्यक्ष विवेक शर्मा, उपाध्यक्ष संजय शर्मा एवं संतोष शर्मा, महामंत्री देवेंद्र प्रताप सिंह कोषाध्यक्ष सुनील गर्ग संगठन मंत्री उपेंद्र कुमार योगेंद्र सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए और हिंदी पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर योगेंद्र सिंह ताहिर सिद्दीकी महेश ठेनुआ दिनेश कुमार धीरज कुमार कुलदीप उपाध्याय, पुष्पेंद्र कुमार रिंकू यादव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# योगेश शिवा ने तंबाकू मुक्ति के प्रति किया जागरूक

**● आकर्षण के जाल को पहचानें, तंबाकू को ना कहें और स्वस्थ जीवन को हां कहें : योगेश शिवा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण**



**फिरोजाबाद।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में एक वृहद कानूनी और स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें, युवाओं को तंबाकू के भ्रामक विज्ञापनों के साथ साथ कानूनी और स्वास्थ्य अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान प्राधिकरण सचिव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरा लीगल वॉलंटियर्स व उपस्थित लोगों को तंबाकू मुक्त जीवन जीने और अपने आसपास के लोगों को जागरूक करने की शपथ दिलाई। तथा, हरे वृक्ष पर रेड टेप मूवमेंट करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव योगेश शिवा एवं सीनियर फिजीशियन डॉ. ज्ञान चंद्र पालीवाल ने एक बेहद सशक्त व दूरदर्शी संदेश देते हुए कहा कि आकर्षण के जाल को पहचानें, तंबाकू को ना और स्वस्थ जीवन को हां कहें। साथ ही, इस बात पर गहरा दुख व्यक्त किया कि आज की युवा पीढ़ी आधुनिकता के नाम पर तंबाकू कंपनियों के सोचे-समझे 'आकर्षण के जाल' में फंस रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वस्थ जीवन का अधिकार हमारा मौलिक अधिकार है और इसे नशे की गर्त में धकेलना खुद के साथ और समाज के साथ बहुत बड़ा अन्याय है।

उन्होंने बताया कि तंबाकू कंपनियां किस तरह से युवाओं के मनोविज्ञान से खेल रही हैं। तथा फिल्मों और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर धूम्रपान को कूल या तनाव दूर करने का जरिया दिखाकर युवाओं को किस प्रकार से गुमराह कर रही हैं और इसकी दुर्गंध व जानलेवा हकीकत को छुपाने के लिए किस तरह से मार्केट में गुटखा पान मसाला और सिगरेट को अलग-अलग फ्लेवर्स और खुशबू के साथ पेश करती हैं।

साथ ही किस प्रकार से आधुनिकता के नाम पर आज की युवा पीढ़ी तंबाकू कंपनियों के सोचे-समझे आकर्षण के जाल में फंस रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वस्थ जीवन का अधिकार हमारा मौलिक अधिकार है और इसे नशे की गर्त में धकेलना खुद के साथ और समाज के साथ बहुत बड़ा अन्याय है। उन्होंने 'सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम की विभिन्न धाराओं का उल्लेख करते हुए बताया कि, कानून के मुताबिक किसी भी स्कूल, कॉलेज या शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री और रेलवे स्टेशन बस स्टैंड, सरकारी कार्यालय आदि सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करना कानूनन अपराध है। इस पर जुमार्ने का प्रावधान है और 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को तंबाकू उत्पाद बेचना या उनके द्वारा बिकवाना किशोर न्याय अधिनियम के तहत भी दंडनीय अपराध है। इस अवसर पर मुख्य रूप से चीफ एलएडीसीएस मनोरमा, डिप्टी एलएडीसीएस आदित्य प्रताप सिंह न्याय रक्षक स्वाती मिश्रा भावना यादव एवं जिला सलाहकार सामाजिक कार्यकत्री सर्वेश उमेश चंद्र गोविंद वर्मा आशुतोष शर्मा, नंदमोहन शुभम गुप्ता सहित प्रवीन कुमार शर्मा रजनीश, श्रीनिवास दिवाकर ओमवीर वैभव वर्मा व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## 3 माह से मानदेय न मिलने पर आशा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**मथुरा।** मथुरा में आशा कार्यकर्ती-संगिनी श्रमिक संघ (एटक) के बैनर तले शनिवार को आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी लंबित मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पिछले 3 महीने से उन्हें मानदेय नहीं मिला है, जिससे उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कुष्ठ रोग सर्वे, आयुष्मान कार्ड नवीनीकरण, आभा आईडी, बच्चों के टीकाकरण और कोरोना काल में किए गए कार्यों का भुगतान लंबे समय से अटका हुआ है। सभी लंबित भुगतानों का एकमुश्त निस्तारण किया जाए। न्यूनतम 30,000 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाए। आशा कार्यकताओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। संघ की संरक्षक राधा चैधरी और जिला अध्यक्ष कुसुम देवी ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मांगों का समाधान नहीं हुआ, तो कार्यकर्ता आंदोलन और हड़ताल करने को बाध्य होंगी।

## श्रीकृष्ण की नगरी में गौमाता की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं : रमाकांत उपाध्याय

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय शनिवार दोपहर अचानक अपने काफिले के साथ फरह कस्बा के बरारी स्थित मां यशोदा अनाथ नंदी गौशाला पहुंचे। करीब डेढ़ घंटे तक चले गहन निरीक्षण में उन्होंने गौशाला की एक-एक व्यवस्था को बारीकी से परखा। गायों के लिए चारे-पानी, भूसा-चोकर भंडारण, शेड की स्थिति, साफ-सफाई और बीमार गोवंश के उपचार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया निरीक्षण के दौरान कई जगह अव्यवस्थाएं मिलने पर गौशाला संचालक श्री नंदकिशोर नंदगिरी महाराज को मौके पर ही कमियों से अवगत कराया और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उपाध्याय ने साथ आए पशुपालन विभाग व जिला प्रशासन के अधीनस्थ अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पीने के लिए नई पानी की टंकी, निर्बाध बिजली व्यवस्था, बीमार गोवंश के लिए अलग चिकित्सा केंद्र, रात्रि में रोशनी के लिए सोलर लाइट तथा शेड में सुधार का कार्य पूरा किया जाए। गौ सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने कहा, ब्रज भगवान श्रीकृष्ण की क्रीड़ा स्थली है। यहां गौमाता की उपेक्षा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भगवान श्रीकृष्ण के समय से ही गाय हिंदू सनातन धर्म में पूज्य है। जो गौ सेवा करता है, वह सदैव भगवान की कृपा का पात्र रहता है। हर सनातनी को अपने जीवन में गौमाता की सेवा अवश्य करनी चाहिए। गौशाला संचालक नंदकिशोर नंदगिरी महाराज ने बताया कि वह पिछले 20 वर्षों से गौ सेवा के कार्य में लगे हैं। मेरे संरक्षण में इस समय बरारी सहित 5 गौशालाएं संचालित हैं, जिनमें 1100 से अधिक गोवंश है। रोज 25 क्विंटल से ज्यादा हरा चारा, भूसा और चोकर की व्यवस्था करनी पड़ती है। संसाधनों की कमी के बावजूद हम दिन-रात सेवा में लगे हैं। आयोग सदस्य ने जो निर्देश दिए हैं, उन्हें प्राथमिकता पर पूरा कराया जाएगा।

# जनसुनवाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम

**● अधिकारी करें कार्यों की क्रॉस चेकिंग : जिलाधिकारी**

**फिरोजाबाद।** डीएम संतोष कुमार शर्मा ने शनिवार को तहसील सिरसागंज का औचक निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने रिकॉर्ड रूम संग्रह अभिलेखागार और कानूनगो रजिस्टर की गहन जांच की, इस दौरान डीएम ने शिकायतकर्ताओं से टेलिफोनिक वार्ता कर उनकी शिकायतों का निस्तारण हुआ या नहीं हुआ, इसकी जानकारी ली, निरीक्षण के दौरान तहसील परिसर की दीवारों पर जगह-जगह पान-तंबाकू खाकर थूके जाने पर डीएमने अत्यंत नाराजगी की व्यक्त की उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि परिसर में इस तरह की हरकत करने वालों को चिन्हित कर उन पर भारी जुमार्ना लगाया जाए और परिसर को पूरी तरह साफ-सुथरा रखा जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने



शिकायत रजिस्टर का अवलोकन किया, जिन शिकायतों का निस्तारण पूर्ण दिखाया गया था, उनकी जमीनी हकीकत जानने के लिए जिलाधिकारी ने खुद शिकायतकताओं से सीधी फोन पर वार्ता की, की सर्वप्रथम उन्होंने सुनीता देवी से वार्ता की और यह जानना चाहा की खतौनी में नाम दर्ज करने की जो शिकायत की थी, वह कार्य हुआ है या नहीं, जिस पर सुनीता देवी ने बताया कि उनका काम पूरी तरीके से हो चुका है, इसी तरह विनय कुमार और रचना देवी ने राशन कार्ड बनने को लेकर शिकायत की थी इन दोनों लोगों ने जिलाधिकारी को भी अवगत कराया कि इनका राशन कार्ड बन चुके हैं। परंतु दूरभाष पर वार्ता के दौरान जब जिलाधिकारी ने गोपाल नामक शिकायतकर्ता से अवैध कब्जे के संबंध में पूछा तो उन्होंने बताया कि मौके से अभी तक अवैध कब्जा नहीं हटा है, कागजी निस्तारण के विपरीत जमीनी हकीकत कुछ और पाए जाने पर जिलाधिकारी अत्यंत नाराज हो गए, उन्होंने इस घोर लापरवाही के लिए संबंधित राजस्व निरीक्षक और लेखपाल को तत्काल प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सिरसागंज को निर्देशित किया की तहसील में आने वाले सभी मामलों और किए गए निस्तारण का अनिवार्य रूप से क्रॉस चेकिंग की जाए, ताकि कार्यों की गुणवत्ता निखर कर सामने आए।जिलाधिकारी ने अंत में कहा कि वर्तमान सरकार जनसुनवाई के प्रति अत्यंत संवेदनशील है, इसमें किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, तहसील में आने वाले हर फरियादी की शिकायत को क्रॉस चेकिंग अवश्य की जाए, साथ ही परिसर में साफ-सुथरा माहौल रखा जाए, तभी एक स्वच्छ कार्य प्रणाली विकसित हो सकेगी।

## अपराह्न हुआ पंचामृत अभिषेक, सायंकाल खंभ फाड़ कर प्रकट हुए भगवान

**मथुरा।** पुरुषोत्तम मास की नृसिंह चतुर्दशी को भगवान नृसिंह का प्राकट्योत्सव अठखंभा स्थित प्राचीन नृसिंह मंदिर के साथ ही वृंदावन सहित मथुराभर में हर्षोल्लास से मनाया गया। अपराह्न काल जहां भगवान का पंचामृत अभिषेक हुआ वहीं सायंकाल भक्त प्रहलाद के संरक्षक भगवान नृसिंह खंभ फाड़कर प्रकट हुए। भगवान विष्णु के चैबीस अवतारों में प्रमुख तथा भक्त प्रहलाद के रक्षक भगवान नृसिंह का प्राकट्योत्सव तीर्थनगरी में श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। अपराह्नकाल आचार्य विजय किशोर मिश्र के आचार्यत्व में भगवान नृसिंह का वैदिक विधिविधान से षोडषोपचार पूजन व पंचामृत अभिषेक मंत्रोच्चारण की मांगलिक ध्वनि के मध्य किया गया। महाभिषेक तीर्थसलिलाओं के पावन जल, जड़ी-बूटियों के मिश्रित जल और पंचगव्य से भी किया गया। वहीं सायंकाल अठखंभा पर आयोजित परंपरागत नृसिंह लीला में धमार्नुयायियों ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। भगवान को मनमोहन श्रृंगार धारण कराकर भव्य फूल-बंगले में विराजित किया गया। हिरण्यकश्यप की ललकार पर जैसे ही खंभ से भगवान नृसिंह भक्त प्रहलाद की रक्षा को प्रकटे, संपूर्ण वातावरण में विजयघंटों का निनाद और नृसिंह देव के जयकारे गुंजायमान होने लगे। इस लीला को देखने के लिए लोग बड़ी संख्या में अठखंभा चैराहे पर इकट्ठा हो गए। इस नयनाभिराम दृश्य को देख सभी श्रद्धालु कृतार्थ हुए। वहीं नगर के छीपी गली, लोई बाजार, गोविंद घेरा, केशीघाट, प्रताप बाजार और पुराना बजाजा क्षेत्रों में भी भव्य नृसिंह लीला महोत्सव आयोजित किया गया।

संक्षेप

## हनुमान जी की प्रतिमा क्षतिग्रस्त

सोनभद्र। रामपुर बरकोनिया थाना अन्तर्गत धर्मदासपुर गांव में एक धार्मिक स्थल पर तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। यहां शीतला मंदिर परिसर में स्थापित हनुमान जी की मूर्ति को अराजक तत्वों ने खंडित कर दिया। मंदिर के शिखर को भी नुकसान पहुंचाया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों को मंदिर में तोड़फोड़ की जानकारी तब मिली जब उन्होंने परिसर का निरीक्षण किया। आरोप है कि अराजक तत्वों ने हनुमान जी की मूर्ति को तोड़कर नाली में फेंक दिया था। इसके अतिरिक्त, मंदिर के शिखर को क्षतिग्रस्त किया गया और मंदिर में लगे घंटे तथा धार्मिक झंडों को उखाड़कर पास के खेत में फेंक दिया गया।घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और निरीक्षण किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान की जा सके। गांव में स्थिति सामान्य बनी हुई है, हालांकि पुलिस पूरे मामले पर कड़ी नजर रख रही है। एएसपी ने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## अमेठी में सिपाही रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

अमेठी। जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो अयोध्या की टीम ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जायस थाने में तैनात एक सिपाही को नौ हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार जायस थाने में तैनात सिपाही चंदन कन्नौजिया पर एक मामले में समझौता कराने के नाम पर एक पक्ष से नौ हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप था। शिकायत मिलने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो अयोध्या की टीम ने जाल बिछाया। शनिवार दोपहर टीम ने जायस थाना क्षेत्र में निगरानी शुरू की। तय योजना के तहत शिकायतकर्ता द्वारा जैसे ही सिपाही को रिश्वत की रकम दी गई, एंटी करप्शन टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। टीम आरोपी सिपाही को अपने साथ लेकर चली गई।

## कच्ची दीवार गिरी मलबे में दबकर एक मजदूर की मौत

सुल्तानपुर। जिले में बल्दीराय थानाक्षेत्र के नटौली गांव में शनिवार दोपहर एक कच्ची दीवार गिरने से एक मजदूर की मलबे में दबकर मौत हो गई। पुलिस के अनुसार नटौली गांव में शनिवार दोपहर अचानक एक दीवार मजदूर के ऊपर गिर गई, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि नटौली गांव में रामजग (40) शनिवार को एक व्यक्ति के घर पर कच्ची दीवार गिराने का काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक जर्जर दीवार ढह गई और वह उसके मलबे में दब गया। थाना प्रभारी के मुताबिक ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय पहुंचाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने जांच के बाद रामजग को मृत घोषित कर दिया जिसके बाद शव को पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया।

## मां-बेटे की हत्या के दोषी को मृत्युदंड

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर की एक अदालत ने मां-बेटे की हत्या के करीब 15 साल पुराने एक मामले में आरोपी व्यक्ति को दोषी करार देते हुए मृत्युदंड की सजा दी है। सरकारी वकील कुलदीप कुमार ने शनिवार को बताया कि त्वरित अदालत के न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने मामले को दुर्लभतम बताते हुए शुक्रवार को आरोपी रईस उर्फ जाहिद को हत्या का दोषी ठहराया और मौत की सजा सुनाई। अदालत ने उस पर पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया।कुमार ने बताया कि हालांकि यह सजा इलाहाबाद उच्च न्यायालय की पुष्टि के बाद ही अमल में लायी जाएगी। सरकारी वकील ने बताया कि सात नवंबर 2011 को जिले के चरथावल थाना क्षेत्र के अलावलपुर गांव में मामूली कहासुनी के बाद रईस ने राजेश देवी (30) और उसके छह साल के बेटे हिमांशु की ईंटों से सिर कुचलकर हत्या कर दी थी।

# आशा बहू की मौत के बाद अस्पताल सील



जिला संवाददाता(vol)

कोन,सोनभद्र। स्थानीय बाजार में स्थित ग्लोबल हॉस्पिटल एंड सर्जिकल सेंटर में प्रसव के दौरान एक आशा बहू की मौत हो गई। शनिवार को परिजनों और ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रशासन ने अस्पताल को सील कर दिया है और संचालक सहित संबंधित चिकित्सकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

मृतका की पहचान सिंगा-बागेसोती निवासी लगभग 38 वर्षीय सीमा देवी पत्नी देवनारायण के रूप में हुई है, जो आशा बहू के तौर पर कार्यरत थीं। प्रसव पीड़ा होने पर उन्हें देर रात अस्पताल में भर्ती कराया गया था।परिजनों के अनुसार, सीमा देवी के पहले चार प्रसव सामान्य हुए थे,

- एसडीएम ने हत्या का मामला दर्ज करने के दिए निर्देश

लेकिन इस बार अस्पताल पहुंचते ही ऑपरेशन की सलाह दी गई। परिजनों का आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई और समय पर उचित उपचार न मिलने के कारण उनकी मौत हो गई। हालांकि, नवजात सुरक्षित है। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद अस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारी अस्पताल छोड़कर चले गए थे।

इस घटना से नाराज ग्रामीण बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचे और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया।इसी अस्पताल में भर्ती एक अन्य प्रसूता, लौकवाखाड़ी बागेसोती निवासी 35 वर्षीय कुसुमरी देवी की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। उन्हें स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की मौजूदगी में सरकारी अस्पताल रेफर किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही उपजिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह मौके पर पहुंचे।

उपजिलाधिकारी ने संबंधित लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अपंजीकृत अस्पतालों का संचालन नहीं होने दिया जाएगा। उनकी मौजूदगी में अस्पताल को सील कर दिया गया।एसीएमओ गुलाब शंकर यादव ने बताया कि अस्पताल के खिलाफ पूर्व में भी कार्रवाई की जा चुकी है। फिलहाल, अस्पताल संचालक नसीम अंसारी और संबंधित चिकित्सकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है।ग्रामीणों ने अवैध अस्पतालों के संचालन और स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं।

## हत्या का केंद्र बन गये हैं अवैध अस्पतालः अविनाश



सोनभद्र। हत्या का केंद्र बन गये हैं अवैध अस्पताल और स्वास्थ्य विभाग मौतों का सौदागर हो गया है, उपरोक्त बाते पूर्व विधायक एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अविनाश कुशवाहा ने शनिवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते उन्होंने कहा कि जिले में प्राइवेट अस्पतालों में लगातार मौतें हो रही है।भाजपा के संरक्षण में हो रहा है मौत का काला कारोबार। जिले में अवैध रूप से चल रहे अस्पतालों में लगातार मौतों के बावजूद कार्रवाई न करके उनको संरक्षण दिया जा रहा है।

कहीं एनेस्थिसिया तो कहीं सर्जन नहीं और कहीं गायनोलॉजिस्ट के बिना ही महिलाओं का आपरेशन किया जा रहा है, जिस कारण अक्सर प्रसूताओं की जान चली जा रही है और उसके बच्चे अनाथ हो जा रहे हैं।सोनभद्र के गरीबों के जीवन के साथ खेल जा रहा है। बिना आवश्यक पंजीकरण और समुचित व्यवस्था के मुख्य चिकित्सा अधिकारी की मिली भगत से ये गोरख धंधा फल फूल रहा है और सत्ता पक्ष इन्हें संरक्षण दे रहा है। आखिर कब तक जिम्मेदार मौन साधे रहेंगे।समाजवादी पार्टी इस गोरख धंधे का पदार्फाश कर इस मौत के सौदागरों पर कठोर कार्यवाही की मांग करती है।

## 11वीं के छात्र की चाकू मारकर हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद जिले में कहासुनी के दौरान कथित रूप से चाकू मारे जाने से गम्भीर रूप से घायल हुए 11वीं कक्षा के एक विद्यार्थी की इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस सिलसिले में पांच आरोपियों में से तीन को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि 28 मई को खोड़ा की नवनीत विहार कॉलोनी के सूर्य चौहान (17) को गम्भीर रूप से घायल हालत में एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, मगर नाजुक हालत के कारण उसे नोएडा के एक निजी अस्पताल में रेफर किया गया था, जहां उपचार के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गयी।

सूर्य चौहान के परिवार ने आरोप लगाया है कि 28 मई की दोपहर उसे किसी ने फोन किया था और उसे एक तय जगह पर मिलने के लिए बुलाया था। परिवार के सदस्यों ने दावा किया कि जब वह अपने दोस्तों के साथ वहां गया तो उनके बीच कहासुनी हो गई जिसके बाद उसके पेट में चाकू से प्रहार किये गये।

परिवार के लोगों ने दावा किया कि सूर्य अपनी जान बचाने के लिए करीब 200 मीटर तक भागा लेकिन हमलावरों ने उसका पीछा किया और फिर से चाकू से उस पर वार किये।

इंदिरापुरम के सहायक पुलिस आयुक्त अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि दोपहर करीब साढ़े तीन बजे सूचना मिलने पर पुलिस घायल किशोर को तुरंत अस्पताल ले गयी जहां शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। श्रीवास्तव ने बताया कि सूर्य चौहान के परिवार की शिकायत पर पुलिस ने पांच आरोपियों में से तीन को गिरफ्तार कर लिया है और बाकी दो को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि हत्या के पीछे का मकसद आरोपियों से पूछताछ के बाद ही पता चल पाएगा।

पुलिस उपायुक्त (नगर क्षेत्र) धवल जायसवाल ने बताया कि सूर्य चौहान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिवार वालों को सौंप दिया गया।

पुलिस ने उस व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर लिया है जिससे कथित तौर पर अपराध में इस्तेमाल किया गया चाकू खरीदा गया था।

जायसवाल ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि आरोपी और सूर्य चाहन एक-दूसरे को जानते थे तथा उनमें दोस्ती भी थी।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक जांच में पता चला है कि मोटरसाइकिल चलाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था और गुस्से में आकर आरोपियों में से एक ने कथित तौर पर चौहान पर चाकू से हमला कर दिया। इस बीच, बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने इस घटना को बेहद दुखद और चिंताजनक बताया है।

मायावती ने एक्स पर लिखा कि सरकार और प्रशासन को ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। उन्होंने मांग की कि दोषियों को सजा दिलाई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अगले साल राज्य में चुनाव होने वाले हैं, ऐसे में इस तरह के अपराधों के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं।

## रेलवे क्रॉसिंग को बंद न किया जाये, दिया ज्ञापन

सोनभद्र। बगैर वैकल्पिक व्यवस्था बनाए राबर्ट्सगंज खलियारी मार्ग रेलवे क्रॉसिंग को बंद न किया जाए। उपरोक्त मांग पूर्व विधायक एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अविनाश कुशवाहा ने शुक्रवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर किया।उन्होंने कहा कि उपरोक्त प्रांतीय राजमार्ग मार्ग उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश एवं बिहार राज्य को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है जिस पर प्रतिदिन हजारों वाहनों से स्थानीय नागरिकों,किसानों, व्यापारियों मरीजों, एवं छात्रों का आवागमन होता है। कार्यदायी संस्था को बगैर वैकल्पिक व्यवस्था बनाए मार्ग को अवरुद्ध किया जाना बहुत ही गैर जिम्मेदारी एवं अविवेकी निर्णय है। इस प्रचण्ड गर्मी में मरीजों एवं आम जन का बहुत बुरा हाल है एंबुलेंस एवं अन्य अति आवश्यक सेवाएं बहुत बुरी तरह प्रभावित हो जाएंगी ऐसे में कोई घटना घटित होती है उसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उन्होंने जिलाधिकारी से वैकल्पिक व्यवस्था बनाए जाने तक मार्ग को चालू रखने की मांग किया है।

## आदर्श दांपत्य जीवन में सामंजस्य और प्रेम आवश्यक

जौनपुर।सुजानगंज में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के दौरान पंडित आशीष कृष्ण शास्त्री ने दांपत्य जीवन पर महत्वपूर्ण उद्गार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आदर्श दांपत्य जीवन के लिए एक-दूसरे के बीच सामंजस्य और प्रेम का होना आवश्यक है।शास्त्री जी ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि आज समाज में दांपत्य जीवन में खटास की बातें आम होती जा रही हैं। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि सनातन संस्कृति में विवाह को सात जन्मों का रिश्ता माना जाता है, लेकिन सामंजस्य और प्रेम के अभाव के कारण यह संबंध दुखमय हो जाता है। भगवती सती के पावन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पंडित शास्त्री ने समझाया कि जहां दांपत्य में छल-कपट और एक-दूसरे के प्रति अविश्वास प्रवेश करता है, वहां दांपत्य जीवन दुखमय हो जाता है।उन्होंने कामदेव के प्राकट्य और संध्या देवी के आत्मदाह की कथा पर भी प्रकाश डाला। संध्या चरित्र के प्रसंग में उन्होंने बताया कि संध्या काल में चार कर्म बिल्कुल नहीं करने चाहिए, भोजन, स्त्री प्रसंग, निद्रा और पढ़ाई।

## सड़क हादसे में दंपति समेत चार घायल



धौरहरा खीरी। धौरहरा-ढखेरवा मार्ग पर लालजीपुरवा गांव के पास शुक्रवार सुबह हुए सड़क हादसे में दंपति समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) धौरहरा पहुंचाया गया, जहां तीन की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जानकारी के अनुसार महादेव गांव निवासी प्रदीप (40) अपनी पत्नी रीना देवी (38) के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। सुबह करीब 10 बजे लालजीपुरवा गांव के पास अमेठी मोड़ पर उनकी बाइक भकुरहिया गांव निवासी संतराम (45) की साइकिल से टकरा गई। संतराम अपने पिता मालती (70) को साइकिल से लेकर घर जा रहे थे।टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार प्रदीप व उनकी पत्नी रीना देवी तथा साइकिल सवार मालती और संतराम गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को सीएचसी धौरहरा भिजवाया।

## सीएसआर मद का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचायें



सोनभद्र। जनपद में कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) मद के प्रभावी एवं पारदर्शी उपयोग को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सीएसआर मद के माध्यम से संचालित होने वाले सभी जनकल्याणकारी कार्यों की सूचना जिला प्रशासन को समय से उपलब्ध कराना तथा आवश्यक अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि कंपनियां स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं अन्य सामाजिक क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की जानकारी मुख्य विकास अधिकारी, उपायुक्त उद्योग एवं सूचना अधिकारी को भी उपलब्ध कराएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि सीएसआर के अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा संबंधी कार्यक्रम, जागरूकता अभियान एवं अन्य जनहितकारी गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और कंपनियों के बेहतर समन्वय से सीएसआर मद का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि बिना सूचना एवं अनुमति के संचालित किए जाने वाले कार्यों को स्वीकृति प्रदान नहीं की जाएगी। सभी कंपनियां निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए जनपद के विकास में सहभागी बनें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पंकज राय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अजय कुमार मिश्रा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आपदा प्रबंधन की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जनपद में संभावित बाढ़ एवं सूखा राहत से संबंधित तैयारियों की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आपदा से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जन-धन की हानि को न्यूनतम किया जा सके।

उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग एवं जिला पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन गांवों में प्रतिवर्ष बाढ़ की आशंका बनी रहती है, वहां विशेष चैपालों का आयोजन कर ग्रामीणों को बाढ़ से बचाव, राहत एवं पुनर्वास संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। साथ ही ग्राम स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सतर्क एवं सजग बनाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि तालाबों, पोखरों, बंधियों तथा अन्य जलाशयों में डूबने की घटनाओं को रोकने के लिए संवेदनशील स्थलों पर चेतावनी संबंधी साइनेज बोर्ड तत्काल लगाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि निरीक्षण के दौरान ऐसे स्थलों पर साइनेज बोर्ड नहीं पाए गए तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय करते हुए कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की

- संवेदनशील स्थलों पर चेतावनी संबंधी साइनेज बोर्ड तत्काल लगाए जाएं

जाएगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार बाढ़ से पूर्व सभी विभाग अपनी तैयारियां पूरी कर लें तथा राहत एवं बचाव कार्यों के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। बाढ़ प्रभावित एवं संवेदनशील गांवों के व्हाट्सएप समूह बनाकर त्वरित सूचना तंत्र विकसित किया जाए, जिससे किसी भी आपदा की स्थिति में तत्काल सूचना का आदान-प्रदान हो सके। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन एवं बाढ़ से बचाव के उपायों की जानकारी देने के निर्देश भी दिए, ताकि समाज में जागरूकता का व्यापक प्रसार हो सके।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) वागीश कुमार शुक्ला, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पंकज राय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अजय कुमार मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## घरों से सटकर लगे विद्युत तार का व्यापारियों ने किया विरोध

जौनपुर। लोक शक्ति उद्योग व्यापार मण्डल प्रदेश अध्यक्ष श्रवण जायसवाल की अगुवाई में जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. को सम्बोधित ज्ञापन न्यायिक मजिस्ट्रेट शाहगंज रानी गरिमा जायसवाल को सौंपा गया। श्री जायसवाल ने कहा कि रामदयालगंज बाजार के दोनों छोर से हाईटेंशन लाइन 33 हजार




किलोवाट मकान के बाजार से सटाकर ले जाया जा रहा है। वह भी हाई कोर्ट के रोक के बावजूद बिजली विभाग ने मानव मूल्यों के तिलांजलि देते हुये तथा होने वाली अनहोनी के प्रति आंख मूंद करके विभाग द्वारा रात के समय चुपके से लाइन बिछाना घोर अपराध की श्रेणी में आता है। बिजली विभाग की इस मनमानी पूर्ण रवैया को व्यापार मण्डल बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने जिलाधिकारी से तत्काल हस्तक्षेप करके उक्त हाईटेंशन तार 33000 वाट को अण्डरग्राउण्ड के माध्यम से ले जाने का काम करें जिससे भविष्य में होने वाली जनहानि से बचा जा सके। साथ ही यह भी कहा कि यदि गम्भीरता से नहीं लिया गया तो बाजारवासियों का भविष्य मौत के मुहाने पर खड़ा है जो कभी भी गलत हो जायेगा। प्रदेश महामंत्री अनवारूल सुनील चौरसिया, मनोज जायसवाल, राजेश यादव, धर्मेन्द्र अग्रहरी, कमल चन्द्र अग्रहरी, मुन्ना लाल गुप्ता, छेदी लाल मोदनवाल, रामेश्वर जायसवाल, प्रधान लवकुश यादव, आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## कंटेनर लूट के पांच आरोपी गिरफ्तार लूटे गये एसी, गीजर व कंटेनर बरामद

उन्नाव। जनपद के अजगैन थाना क्षेत्र में पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सामान से लदे कंटेनर की लूट का खुलासा करते हुए पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लूटा गया कंटेनर, 40 स्प्लिट एसी तथा 47 गीजर समेत कुल 127 पैकेट बरामद किए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस गिरोह ने एक ट्रक चालक को घायल कर 47 गीजर और 40 स्प्लिट एसी लूट लिए थे। एसओजी, सर्विलांस और अजगैन थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मुख्य आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान पकड़ा गया, जबकि चार अन्य आरोपियों को बिहार और कुशीनगर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने लूटा गया कंटेनर, 47 गीजर, 40 स्प्लिट एसी और एक अवैध तमंचा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि 28 मई को कानपुर के नौबस्ता निवासी ट्रांसपोर्टर राजेश कुमार गुप्ता ने अजगैन थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि उनका कंटेनर ट्रक गोदरेज कंपनी के फ्रिज और एसी लेकर आशाखेड़ा से कानपुर जा रहा था। रास्ते में बदमाशों ने चालक नीरज कुमार को घायल कर ट्रक लूट लिया था।

## 12 साल से फरार एक लाख का इनामी बदमाश गिरफ्तार

प्रतापगढ़। जिले में थाना कोतवाली नगर पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में 12 वर्ष पूर्व पुलिस अभिरक्षा से फरार हुए एक लाख रुपये के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक दीपक भुकर ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान भानु प्रताप दुबे उर्फ महराज उर्फ विक्की (40), निवासी ग्राम संगीयापुर थाना लालगंज, जनपद प्रतापगढ़ के रूप में हुई है। उसे थाना लालगंज क्षेत्र के नहर पटरी धधुआ गाजन गांव के पास से गिरफ्तार किया गया।

## सामाजिक न्याय का संदेश लेकर पहुंची सपा की सिख सामाजिक न्याय यात्रा



सीतापुर। समाजवादी पार्टी की ओर से निकाली जा रही समाजवादी सिख सामाजिक न्याय यात्रा शनिवार शाम सीतापुर पहुंची, जहां पार्टी कार्यकताओं और नेताओं ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर सपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कुलदीप सिंह भुल्लर ने मीडिया से बातचीत कर यात्रा के उद्देश्यों और आगामी राजनीतिक रणनीति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यात्रा का शुभारंभ 6 अप्रैल को सहारनपुर से हुआ था और यह प्रदेश के विभिन्न सिख बाहुल्य जनपदों से होकर गुजर रही है। यात्रा का समापन 6 जून को कानपुर में होगा। इसके माध्यम से समाजवादी पार्टी सिख समाज के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को जानने का प्रयास कर रही है। कुलदीप सिंह भुल्लर ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास करती है। सिख समाज का प्रदेश और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी सिख समुदाय के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें समाजवादी विचारधारा से जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य सामाजिक न्याय, भाईचारा और समान भागीदारी का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। साथ ही सिख समाज की समस्याओं और मुद्दों को पार्टी नेतृत्व तक पहुंचाकर उनके समाधान के लिए प्रयास करना भी इस अभियान का प्रमुख लक्ष्य है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष छात्रपाल यादव, विधायक अनिल वर्मा,पूर्व मंत्री रामहेत भारती, सपा नेता दीपक भार्गव , जय सिंह यादव सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे। सपा नेताओं ने इस यात्रा को सामाजिक सौहार्द और राजनीतिक संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। यात्रा के सीतापुर पहुंचने पर कार्यकताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

## प्रधानों का कार्यकाल छह माह तक प्रशासक के रूप में बढ़ाये जाने पर मंत्री का हुआ सम्मान



सीतापुर। त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में देरी के बीच उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम प्रधानों का कार्यकाल छह माह तक प्रशासक के रूप में बढ़ाए जाने के फैसले के बाद हरगांव ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को धन्यवाद समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक एवं राज्य कारागार मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने मंत्री सुरेश राही का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री के निर्णय के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सुरेश राही ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। ग्राम प्रधान ग्रामीण विकास की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जिनके सहयोग से सरकार की योजनाएं गांव-गांव तक पहुंच रही हैं। उन्होंने सभी प्रधानों से विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता उदित बाजपेई ने किया। इस अवसर पर कमलेश वर्मा, कुलदीप सिंह, कौशलेन्द्र सिंह, अनुपम सिंह, अमित सिंह, श्याम सुंदर, वीरेंद्र मिश्रा, संजय जायसवाल समेत बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## कटानरोधी परियोजना के कार्य में भ्रष्टाचार की बू

मीरजापुर। जिले के छानबे विकास खंड क्षेत्र के बीजर कला गांव में नारायण घाट से मांझी बस्ती तक निमार्णाधीन कटानरोधी परियोजना का काम बंद किए जाने तथा निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार का बोलबाला होने के विरोध में शनिवार को ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया।बीते 12 अप्रैल को नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्रा ने परियोजना का शिलान्यास किया था। तब अभियंताओं ने बरसात के पहले 70 फीसदी से भी अधिक काम पूरा करने तथा गुणवत्ता मानकों का पालन करने का ढिढोरा पीटा था। शिलान्यास के डेढ़ माह बाद भी यहाँ कटान रोधी परियोजना का काम रुका हुआ है। टेढ़े मेढ़े बेडौल बोल्डर से स्टोन पीचिंग के काम में भ्रष्टाचार की बू आ रही है। फिलहाल यहाँ लेबर नजर नहीं आए। जेसीबी व पोकलेन मशीन शो-पीस बनी हुई है। बीते 13 मई को अधीक्षण अभियंता विजय कुमार ने स्थलीय निरीक्षण के दौरान कार्य में तेजी लाने तथा गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्य कराए जाने के लिए डांट फटकार लगाई थी। फिर भी कछुआ चाल से काम चल रहा है।एसडीओ उमेश द्विवेदी ने बताया कि बरसात के पहले 70 फीसदी कार्य पूरा करा लिया जाएगा। कटान रोधी परियोजना का कार्य ठप्प कर दिया गया है। एस डीओ ने बताया कि क्यों और किन परिस्थितियों में कार्य बंद चल रहा है इसका पता लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकांश मजदूर मुस्लिम वर्ग के हैं। हो सकता है अभी तक बकरीद की छुट्टी मना रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने बरसात के पहले 70 फीसदी कार्य पूरा कराने तथा तकनीकी टीम से गुणवत्ता मानकों की जांच कराने की मांग किया है।

# अग्निवीर जवानों का सातवां बैच देश की सेवा को तैयार





जिला संवाददाता

**अयोध्या।** भारतीय सेना के गौरवशाली एवं वीरता से परिपूर्ण डोगरा रेजिमेंट के इतिहास में आज एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया, जब अग्निवीर योजना के अंतर्गत

**● डोगरा रेजिमेंटल सेंटर में हुई भव्य पासिंग आउट परेड, 835 अग्निवीर भारतीय सेना में शामिल**

प्रशिक्षित सातवे बैच के 835 अग्निवीर जवानों ने कठिन एवं कठोर सैन्य प्रशिक्षण सफलता पूर्वक पूर्ण कर भव्य पासिंग आउट परेड के माध्यम से भारतीय सेना में कदम रखा। अयोध्या स्थित डोगरा रेजिमेंटल सेंटर के जमीदार लाला परेड ग्राउंड में आयोजित इस गरिमामयी समारोह में अग्निवीर जवानों ने अनुशासन, साहस, समर्पण एवं सैन्य उत्कृष्टता का अदभुत प्रदर्शन करते हुए अंतिम पग पार किया। परेड की समीक्षा ब्रिगेडियर जितेन्द्र शर्मा, कमांडेंट डोगरा रेजिमेंटल सेंटर एवं स्काउट्स द्वारा की गयी। पिछले 24 सप्ताहों के दौरान इन अग्निवीर जवानों को आधुनिक सैन्य प्रशिक्षण, शारीरिक दक्षता, युद्ध कौशल एवं भारतीय सेना के उच्चतम मूल्यों के अनुरूप प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण का उदेश्य उन्हें केवल एक सैनिक बनाना नहीं, बल्कि राष्ट्र प्रथम की भावना से ओत प्रोत, दृढ़ चरित्रवान एवं हर चुनौती का सामना करने वाले योद्धा के रूप में तैयार करना रहा। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अग्निवीरों को सम्मानित किया तथा सभी नवप्रशिक्षित सैनिकों को राष्ट्रसेवा के प्रति निष्ठा, कत्त्रव्यपरायणता एवं सेना की गौरवशाली परम्पराओं को सदैव बनाये रखने का सन्देश दिया। प्रशिक्षण अवधि में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अग्निवीर तरूण राणा को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। परेड का नेतृत्व अग्निवीर नवदीप सिंह ने किया, जिनके नेतृत्व में जवानों ने पूरा उत्साह, आत्मविश्वास एवं सैनिक गर्व के साथ शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अन्य सैन्य अधिकारी गण, सरदार साहेबान, जवान और उनके परिजन उपस्थित रहे। समारोह के दौरान परेड ग्राउंड देशभक्ति, सैन्य गौरव एवं उत्साह के भाव से ओत-प्रोत दिखाई दिया। यह पासिंग आउट परेड केवल प्रशिक्षण की पूर्णता नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा, कत्त्रव्य एवं बलिदान के पथ पर एक नए सैनिक जीवन की गौरवपूर्ण शुरूआत का प्रतीक रही। डोगरा रेजिमेंटल सेंटर, अयोध्या में शनिवार को आयोजित भव्य पासिंग आउट परेड के दौरान 835 अग्निवीर सफलतापूर्वक भारतीय सेना के गौरवशाली अंग बन गए। परेड ग्राउंड में अग्निवीर नवदीप सिंह के नेतृत्व में 835 अग्निवीरों ने पवित्र अंतिम पग पार करते हुए उत्साह, अनुशासन एवं सैनिक गर्व के साथ शानदार मार्च पास्ट किया। परेड की समीक्षा मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर जितेन्द्र शर्मा, कमांडेंट डोगरा रेजिमेंटल सेंटर एवं स्काउट्स द्वारा की गयी। इस अवसर पर अनेक सैन्य अधिकारीगण, सरदार साहेबान, जवान और उनके परिवारजन मौजूद रहे। समारोह के दौरान परेड ग्राउंड देशभक्ति, जोश एवं सैन्य परम्पराओं की गौरवपूर्ण भावना से ओत-प्रोत दिखाई दिया। इन अग्निवीरों ने 24 सप्ताहो के दौरान कठोर प्रशिक्षण एवं चुनौतीपूर्ण सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिसमे आधुनिक सैन्य प्रशिक्षण, शारीरिक दक्षता, युद्ध कौशल एवं भारतीय सेना के उच्चतम मूल्यों के अनुरूप प्रशिक्षित किया गया। उन्होंने एक साथ कदमताल करते हुए सैन्य प्रशिक्षण की उच्च गुणवता को दशार्या। प्रशिक्षण अवधी के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए अग्निवीर तरुण राणा को गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी नवप्रशिक्षित सैनिकों ने गर्व एवं पूर्ण समर्पण के साथ राष्ट्रसेवा तथा भारतीय सेना के गौरवशाली मूल्यों को बनाये रखने की शपथ ली। डोगरा रेजिमेंटल सेंटर के लिए यह अवसर विशेष गौरव का क्षण रहा, क्योंकि अग्निवीर योजना के अंतर्गत सातवा वैच भारतीय सेना में शामिल हुआ। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर जितेन्द्र शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि डोगरा रेजिमेंटल सेंटर का राष्ट्रसेवा एवं सैन्य उत्कृष्टता का गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने कहा की यह पासिंग आउट परेड भारतीय सेना के लिए सक्षम, अनुशासित एवं समर्पित सैनिक तैयार करने की डोगरा रेजिमेंटल सेंटर की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# एसडीएम व ई. ओ ने प्रगणक दिव्यारानी को प्रशस्ति पत्र, पौधा देकर किया सम्मानित



**बाराबंकी।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण कार्य में लगे प्रगणकों द्वारा मकान सूचीकरण कार्य मे नगर पंचायत बंकी 45 प्रगणकों में दिव्यारानी द्वारा पूर्ण निष्ठाभाव के साथ कार्य करते हुये सबसे पहले अपने आवांटित ब्लाक संख्या-0034 का कार्य सुपरवाइजर सुधा वर्मा, वार्ड संख्या-11 सभासद उपेन्द्र मौर्या के सहयोग से पूर्ण किये जाने पर चार्ज अधिकारी एंव अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बंकी मोहिनी केसरवानी व उपजिलाधिकारी नवाबगंज गुंजिता अग्रवाल ने प्रशस्त्रि पत्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एसडीएम ने शेष प्रगणको को उक्त कार्य तय समय सीमा में करने एवं जनता से मकान सूचीकरण कार्य मे सहयोग प्रदान किये जाने की अपील की।

# भाकियू राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**बाराबंकी।** केन्द्रीय मंत्रिमण्डल के कुछ लोगो द्वारा गौमांस भक्षण से सनातनी हिन्दूओं की भावनाओं को ठेस पहुँचती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नियंत्रित व प्रशिक्षित भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ है जो गौ हत्या के खिलाफ है। इसके बावजूद केन्द्रीय मंत्रिमंडल के कुछ सदस्य गौमांस का भक्षण करते हैं। तथा कुछ प्रदेश के मुख्यमंत्री भी गौमांस भक्षण करते है। उक्त उद्गार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य परिषद सदस्य ने गौमांस भक्षण करने वाले केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को हटाने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजते हुये की है।

# केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान का पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने किया स्वागत



**बाराबंकी।** केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री भारत सरकार कमलेश पासवान ने जनपद स्थित लखपेड़ाबाग स्थित पूर्व भाजपा सांसद उपेन्द्र सिंह रावत के आवास पर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर बैठक की। बैठक से पूर्व पूर्व सांसद श्री रावत ने केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्री पासवान को बूके देकर स्वागत किया। इसके उपरान्त अरविंद मौर्य, आशुतोष अवस्थी, उर्मिला सिंह रावत, जिला संयोजक श्रम प्रकोष्ठ शिव स्वामी वर्मा, डॉ0 जुगुल किशोर मौर्या, दिनेश चन्द्र रावत, शिव कुमार शर्मा, अंतरिक्ष रावत सहित प्रधानो, वीडीसी, डीडीसी के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# अवैध संपत्ति को बचाने के लिए की याचिका को गैंगस्टर न्यायालय ने किया खारिज

जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 369/21 धारा 419, 420, 467,

**● मुख्तार अंसारी गैंग सदस्य जफर उर्फ चंदा द्वारा अपराध से अर्जित 4 करोड़ की संपत्ति को जिला प्रशासन ने किया था कुर्क**

468, 471 भादवि बनाम मुख्तार अंसारी पुत्र सुभान उल्ला अंसारी निवासी यूसुफपुर मुहम्मदाबाद थाना मुहम्मदाबाद जिला गाजीपुर गैंग का सक्रिय सदस्य जफर उर्फ चन्दा मुख्तार अन्सारी की सुरक्षा के लिये असलहे सहित एम्बुलेन्स पर चलने एवं अपराध में सम्मिलित रहने के प्रबल साक्ष्य पाये जाने के फलस्वरूप जुर्म धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120 बी/177/506 भादवि व 7 सीएलए एक्ट में अभियुक्त जफर उर्फ चन्दा द्वारा अवैध धनोपर्जन कर स्वयं के नाम से अनुमानित लगभग 4 करोड़ की वृहद अवैध भूमि को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सुनवाई के पश्चात धारा 14(1) के अंतर्गत राज्य के पक्ष में कुर्क किये जाने का आदेश पारित किया गया। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा दिये गये आदेश के विरूद्ध अभियुक्त जफर द्वारा माननीय गैंगस्टर न्यायालय के समक्ष कुर्की आदेश को निरस्त किये जाने व सम्पत्ति को अवमुक्त किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये जाने पर न्यायालय द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को बलहीन पाते हुए खारिज किया।

# हाईकोर्ट ने बहाल की कृषि विवि के कुलपति की नियुक्ति

जिला संवाददाता

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या के कुलपति पद पर नियुक्त डॉ ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह की नियुक्ति रद्द करने संबंधी कुलाधिपति के आदेश को निरस्त कर दिया है। न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की

**● अटकलों पर लगा विराम, डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह को कुलपति पद का कार्यभार ग्रहण कराने का निर्देश**

खंडपीठ ने कुलाधिपति की ओर से जारी 25 फरवरी और 3 मार्च 2026 के आदेशों को मनमाना एवं अवैध करार देते हुए रद्द करते याची द्वारा आदेश की प्रति कुलाधिपति के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के 10 दिन के अंदर कार्यभार ग्रहण कराए जाने के भी आदेश दे दिए हैं। बताते चलें कि डॉ ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कृषि वैज्ञानिक हैं और उन्हें वर्ष 2025 में राष्ट्रपति द्वारा ह्यविज्ञान श्रीह्न सम्मान से सम्मानित किया गया था। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति पद के लिए आवेदन किया था और चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद बीते 10 फरवरी 2026 को उनकी नियुक्ति कर दी गई थी। हालांकि, वे तत्काल कार्यभार ग्रहण नहीं कर सके थे, क्योंकि उन्हें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) में अपने पद से औपचारिक रूप से कार्यमुक्त होना था। याचिकाकर्ता ने 19 और 26 फरवरी को राज्य सरकार व कुलाधिपति कार्यालय को पत्र लिखकर कार्यभार ग्रहण करने के लिए 31 मार्च 2026 तक का समय मांगा था। इसके बावजूद कुलाधिपति ने 25 फरवरी को उन्हें 1 मार्च तक कार्यभार संभालने का निर्देश दिया और निर्धारित



तिथि तक पदभार न ग्रहण करने पर बीते 3 मार्च को उनकी नियुक्ति रद्द कर दी। उन्होंने कुलाधिपति के नियुक्ति निरस्तीकरण आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ खंडपीठ में चुनौती दे दी थी। लखनऊ खंडपीठ ने कहा कि नियुक्ति पत्र में कार्यभार ग्रहण करने की कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं थी। साथ ही यह जानकारी थी कि डॉ सिंह को अपने पूर्व संस्थान से कार्यमुक्त होने में समय लगेगा। न्यायालय ने यह भी उल्लेख किया कि पूर्व कुलपति का कार्यकाल छह माह बढ़ाया गया था तथा पूर्व में अन्य कुलपतियों को कार्यभार ग्रहण करने के लिए चार माह तक का समय दिया गया था। खंडपीठ ने माना कि ऐसी परिस्थितियों में डेढ़ माह का समय मांगना पूरी तरह उचित था। उच्च न्यायालय द्वारा कार्रवाई को संविधान के अनुच्छेद 14 के विपरीत बताते हुए डॉ सिंह को तत्काल कुलपति पद का कार्यभार ग्रहण कराने के निर्देश दिए हैं।

# आशा पांडेय बनायी गईं रालोद महिला शाखा की जिलाध्यक्ष

अयोध्या। जनपद में राष्ट्रीय लोकदल महिला शाखा की जिलाध्यक्ष आशा पांडेय बनाई गई हैं। तारुन निवासी श्रीमती आशा पांडेय एक संभ्रान्त और राजनीतिक महिला हैं। यह जिला पंचायत का चुनाव भी लड़ चुकी हैं।

रालोद की महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती परिणीता सिंह ने आदेश जारी किया है कि श्रीमती आशा पांडेय के महिला जिलाध्यक्ष बनने से जिले में रालोद मजबूत होगी।

# पेंशनर की मौत की सूचना कोषागार को देना परिजनों का नैतिक कर्तव्यः वरिष्ठ कोषाधिकारी

**बहराइच।** वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण ने बताया कि ऐसे प्रकरण कोषागार के संज्ञान में आये हैं जिनमें पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने के उपरांत उनके परिजनों द्वारा इसकी सूचना कोषागार कार्यालय को नहीं दिये जाने के कारण से बाद में जानकारी मिलने पर अधिक भुगतान हुई धनराशि की वसूली की कार्यवाही करनी पडती है। जिससे सम्बन्धित परिजनों को भी अपरिहार्य स्थिति का सामना करना पड़ता है। वरिष्ठ कोषाधिकारी श्री शरण ने सभी सम्बन्धित से अपेक्षा की है कि यथास्थिति पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने पर सम्बन्धित कोषागार को तत्काल सूचित करें। यह पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर के परिजनों का नैतिक एवं विधिक कर्तव्य भी है। उन्होंने सम्बन्धित को सचेत किया कि ऐसे किसी भी प्रकरण में मृत्यु की सूचना के अभाव में हुई अधिक भुगतानित धनराशि की वसूली बैंक के माध्यम से अथवा भू-राजस्व के बकाये के रूप में वसूल किये जाने की कार्यवाही की जायगी।

# एसपी ने सुनी जनसमस्याएं



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी उपस्थित रहें।

# गुरु साहब ने दिया त्याग, नम्रता, शांति और मानवता की सेवा का संदेश

जिला संवाददाता



**बाराबंकी।** शहीदों के सरताज, सिखो के पांचवे गुरु श्री गुरु अर्जुन देव जी महाराज के शहीदी नू समर्पित पल्हरी स्थित सेवक लॉन में सरदार करमजीत सिंह, सरदार मनदीप सिंह, सरदार दलप्रीत सिंह द्वारा लंगर एवं छबील कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सिक्ख काउंसिल आफ उत्तर

**● शहीदों के सरताज श्री गुरु अर्जुन देव को समर्पित श्रद्धा एवं सेवाभाव के साथ किया गया लंगर एवं छबील का आयोजन**

प्रदेश के प्रधान सरदार जसबीर सिंह बग्गा ने बताया कि सेवा और समानताः गुरु जी का संदेश था कि सभी मनुष्य एक समान हैं। लंगर में बिना किसी भेदभाव के हर जाति, धर्म और वर्ग के लोग एक साथ जमीन पर बैठकर भोजन प्रसाद ग्रहण करते है। गुरु जी को जेठ महीने की भीषण गर्मी में लाहौर में गर्म तवे पर बैठाकर शहीद किया गया था। उनकी याद में लोगों को भीषण गर्मी से राहत देने के लिए ठंडे और मीठे पानी (शर्बत) की छबील लगाई जाती है। इस मौके पर पूर्व प्रधान स्वर्ण सिंह, सरदार जितेन्द्र सिंह मिन्दे, सरदार अमरजीत सिंह राजे, सरदार मोहन सिंह, डॉ0 जसविंदर सिंह, सरदार भूपिंदर पाल सिंह शैंकी, सरदार कंवर सिंह पीयूष, अमरदीप सिंह, गुरमीत सिंह रिंकू, हरविंदर सिंह सोनू, शैलेंद्र चोपड़ा शालू, नरेंद्र सिंह निन्दी, रविंदर सिंह राजे, प्रत्यूष कांत शुक्ला, नवीन सेठ, आसिफ अंसारी, नरेंद्र सिंह कालरा, बलमीत सिंह लक्की आदि सेवादार मौजूद रहे।

# भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का समापन



**बहराइच।** उद्येश्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करनाभारतीय जनता पार्टी बहराइच के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत बन सरिता रिसॉर्ट बहराइच में दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग व प्रदर्शनी का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकताओं को वैचारिक संगठानात्मक एवं चुनावी द्दष्टि से प्रशिक्षित किया गया आज दूसरे दिन कार्यकर्ता यही रात्रि विश्राम करने के पश्चात सुबह योग व नाश्ता करने के उपरांत सत्र के लिए उपस्थित हुए आज पांच सत्रों में कार्यकताओं को प्रशिक्षण मिला अंतिम व समापन सत्र के वक्ता प्रदेश महामंत्री भाजपा अनूप गुप्ता ने कार्य पद्धति पर अपने विचार रखते हुए बताया की भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक जीवंत विचार है। यह प्रशिक्षण वर्ग कार्यकताओं की वैचारिक धार को और अधिक मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर निकलने वाला प्रत्येक कार्यकर्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के ह्यअंत्योदयह्न एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यविकसित भारतह्न के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए पूरी ऊर्जा के साथ कार्य करेगा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कार्यकताओं ने दो दिनों से लगी भव्य प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। प्रदर्शनी में जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी के गौरवशाली इतिहास, महापुरुषों के जीवन वृत्त एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को चित्रों और संदेशों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर वर्ग प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष बाराबंकी अवधेश श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडेय सांसद आनंद गौड़ जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह विधायक सुभाष त्रिपाठी सरोज सोनकर टछउ पदम सेन चौधरी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गौरव वर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम करन टेकड़ीवाल संचित सिंह महामंत्री रणविजय सिंह सुवेद वर्मा सुनील श्रीवास्तव पूर्व महामंत्री जितेंद्र त्रिपाठी जी व अन्य जिलापदाधिकारी अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# अंडरपास में भरा पानी लोगो के लिए बना मुसीबत



**गोसाईंगंज अयोध्या।** गोसाईंगंज कोतवाली इलाके के गददौपुर गुडुइया गांव के पास गेट नम्बर 92 सी पर रेलवे विभाग द्वारा बना अंडरपास लोगो की मुसीबत का कारण बन गया है। विभाग ने अंडरपास तो बना दिया परन्तु जल निकासी प्रबंधन करना भूल गया जिससे लोगो का आना जाना दूभर हो गया है। इस अंडरपास से दसियों गांवों के तकरीबन दस हजार की आबादी का आने जाने का एकमात्र रास्ता है। आये दिन पानी भरा होने के कारण तमाम वाहन फंसता रहता है। ऐसा भी नही है कि विभाग को इसकी जानकारी नही है, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामभवन वर्मा ने कई बार जेई, ठेकेदार, स्टेशन मास्टर सहित तमाम रेलवे के उच्चाधिकारियों से शिकायत किया, जिसके बाद पम्प से पानी तो निकाल दिया जाता है परन्तु दोबारा जलभराव ना हो इसके लिए कोई ठोस उपाय नही किया जाता है। प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि यदि बार बार शिकायत करने के बावजूद अब रेलवे विभाग इस पर कोई ठोस कार्यवाही नही करता है तो सारे ग्रामीण धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी रेलवे विभाग की होगी।

# डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण



जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

**● सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई एवं सीसीटीवी निगरानी को लेकर दिये निर्देश**

डी0एम व एस0पी ने कारागार परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई, अनुशासन एवं सुरक्षा व्यवस्था, कंट्रोल रूम मे संचालित सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था का गहनता से अवलोकन किया। तथा महिला बैरक, पुरुष बैरक, गौशाला एवं कारागार अस्पताल का निरीक्षण कर बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, स्वच्छता, भोजन एवं पेयजल व्यवस्था, अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता एवं साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याओ को भी सुना और उनके समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक कुंदन कुमार, जेलर जितेंद्र सहित कारागार के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जनगणना 2027 के मकान सूचीकरण कार्य की एडीएम ने की समीक्षा

**बहराइच।** शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं सर्वे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में उन्होंने संबंधित तहसीलदारों को कार्यों की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होनें कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध कार्यक्रम है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रगणकों की उपस्थिति, कार्य प्रगति एवं सर्वे कार्यों का नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित करें। एडीएम श्री कुमार ने कहा कि मकान सूचीकरण कार्य एवं संबंधित प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जाए तथा कार्यों में तेजी लाकर निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी लक्ष्य पूरे किए जाएं। उन्होनें संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनगणना कार्य पूरी गंभीरता एवं प्रतिबद्धता के साथ संपन्न कराया जाए।

# लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम विषय पर आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**बहराइच।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विनोद कुमार यादव के निर्देश पर नालसा ई-जागृति स्कीम 2025 के अंतर्गत बालकों को लैंगिक अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने तथा समाज में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पॉक्सो अधिनियम)ह्व सुरक्षित बचपन सुरक्षित भविष्य विषय पर संजीवनी लॉ कॉलेज, कीर्तनपुर में प्राचार्य रोहित प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए सुधाकर त्रिपाठी द्वारा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 पर विस्तृत चर्चा करते हुए जागरूकता शिविर का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में लॉ कॉलेज के प्रतिभागी छात्र/छात्राओं अंजलि निषाद, इति पटेल, विष्णु प्रताप सिंह, सुफियान वारसी, शान, अभिनव चौधरी, देवी प्रसाद मिश्रा, आकाश वर्मा व अन्य वक्ताओं द्वारा विषय के अनुरूप अपने अपने विचार व्यक्त किये गये।

जागरूकता शिविर में प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ. निशा त्रिपाठी, डॉ. सी.पी. वर्मा, डॉ. ए.के. कन्नौजिया, डॉ. साधना सिंह इत्यादि प्रवक्ताओं द्वारा बताया गया कि पॉक्सो अधिनियम, 2012 बच्चों के यौन उत्पीड़न, यौन शोषण, लैंगिक अपराधों एवं अश्लील सामग्री से संरक्षण प्रदान करने हेतु बनाया गया एक विशेष कानून है। यह अधिनियम 18 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों पर समान रूप से लागू होता है तथा बाल हितों की रक्षा के लिए बाल-अनुकूल न्यायिक प्रक्रिया का प्रावधान करता है। अधिनियम में विशेष न्यायालयों के माध्यम से त्वरित सुनवाई तथा पीड़ित बच्चों की पहचान गोपनीय रखने की व्यवस्था भी की गई है।

विषय विशेषज्ञों द्वारा बताया गया कि किसी भी व्यक्ति को यदि बाल यौन शोषण अथवा लैंगिक अपराध की जानकारी प्राप्त होती है तो उसकी सूचना संबंधित पुलिस अथवा विशेष किशोर पुलिस इकाई को देना आवश्यक है। अधिनियम के अंतर्गत शिकायत दर्ज कराने, साक्ष्य संकलन एवं न्यायिक कार्यवाही के दौरान बच्चों के सम्मान, सुरक्षा एवं गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा जाता है।

# अस्पताल की लापरवाही की लापरवाही से जच्चा बच्चा की दोनों की गई जान

**बहराइच।** बहराइच में प्रसव के दौरान बड़ा हादसा... डॉक्टरों की लापरवाही से जच्चा-बच्चा की मौत, अस्पताल पर ताला। हुजूरपुर के चिरैयाटांड़ स्थित प्रकाश हास्पिटल में प्रसव के लिए भर्ती पुष्पादेवी की जान चली गई। पति बेचन कश्यप ने बताया कि अस्पताल ने ऑपरेशन से सुरक्षित प्रसव का भरोसा दिया था। लेकिन ऑपरेशन के कुछ घंटे बाद ही नवजात की मौत हो गई। पुष्पादेवी की हालत गंभीर होने पर अस्पताल वालों ने खुद बहराइच के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बेचन के मुताबिक इंफेक्शन फैलने से पांच दिन इलाज के बाद पत्नी की भी मौत हो गई। इलाज में लाखों खर्च हुए, जमीन तक बेचनी पड़ी। घटना के बाद हुजूरपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रकाश हास्पिटल बंद कर संचालक फरार हो गया।

संक्षेप

## उत्तराखंड में तीन सड़क हादसों में सात व्यक्तियों की मौत

देहरादूनागोपेश्वर। उत्तराखंड में तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में महाराष्ट्र के एक श्रद्धालु दंपति समेत सात व्यक्तियों की मृत्यु हो गयी और छह अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में एक परिवार के तीन सदस्य शामिल हैं जो अपने परिजन का शव लेकर चमोली जिले में स्थित अपने गांव लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि चमोली जिले के रुपकुंड मार्ग पर ल्वाणी गांव के समीप जंगल क्षेत्र में एक वाहन के शुक्रवार देर रात सड़क से 400-500 मीटर नीचे गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार एक परिवार के तीन सदस्यों की मृत्यु हो गयी और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, शनिवार सुबह मिली सूचना के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव अभियान चलाया। पुलिस के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त वाहन में सवार लोग देहरादून में उपचार के दौरान दम तोड़ने वाले अपने परिजन भजन सिंह का शव लेकर आ रहे थे। पुलिस के अनुसार शव एक निजी एंबुलेंस में था जबकि परिजन अपने वाहन से अपने गांव बांक लोहाजंग लौट रहे थे और इसी दौरान उनका वाहन खाई में गिर गया। पुलिस के अनुसार, हादसे के समय वाहन में छह व्यक्ति सवार थे जिनमें से तीन की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान वाहन चला रहे बलबीर सिंह बिष्ट (52), उनकी पत्नी शांति देवी (48) और बेटे आंशु बिष्ट (18) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में तीन अन्य घायल भी हुए हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## त्रिवेणी इंजीनियरिंग का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ आठ प्रतिशत घटकर 167 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली। त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ आठ प्रतिशत घटकर 167.45 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से गन्ने की लागत बढ़ने के कारण कंपनी का लाभ घटा है। कंपनी का 2024-25 की समान तिमाही में शुद्ध लाभ 183 करोड़ रुपये था। एकीकृत चीनी और एथनॉल उत्पादक कंपनी त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चौथी तिमाही में कंपनी की कुल आय घटकर।,842.15 करोड़ रुपये रही, जो वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में।,934.53 करोड़ रुपये थी। हालांकि, पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़कर 268.71 करोड़ रुपये हो गया, जो 2024-25 में 243.19 करोड़ रुपये था। आलोच्य वित्त वर्ष में कंपनी की कुल आय बढ़कर 7,697.03 करोड़ रुपये हो गई, जो 2024-25 में 6,865.58 करोड़ रुपये थी।

## सरकार ने गन्ना नियंत्रण आदेश के मसौदे को वापस लिया

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने गन्ना (नियंत्रण) आदेश, 2026 के मसौदे को वापस ले लिया है। विभिन्न राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों से प्राप्त आपत्तियों के मद्देनजर इसे पुनः समीक्षा के लिए भेजा जाएगा। खाद्य मंत्रालय ने एक कार्यालय ज्ञापन में कहा, राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों से प्राप्त सुझावोंाटिप्पणियों के आधार पर यह आवश्यक माना गया है कि गन्ना (नियंत्रण) आदेश, 2026 के मसौदे पर पुनर्विचार किया जाए। मंत्रालय ने इस मसौदे को सार्वजनिक टिप्पणियों के लिए जारी किया था, जिसकी अंतिम तिथि 20 मई तय की गई थी। यह मसौदा 60 साल पुराने गन्ना (नियंत्रण) आदेश, 1966 को बदलने के उद्देश्य से तैयार किया गया था, जिसमें एथनॉल और खांडसारी क्षेत्रों को सरकारी नियमन के दायरे में लाने का प्रस्ताव शामिल था। इस प्रस्ताव का खांडसारी इकाइयों और किसानों ने विरोध किया था। मसौदे में खांडसारी इकाई की परिभाषा बदलकर उसे 10 से अधिक श्रमिकों और प्रतिदिन 500 टन से अधिक पेराई क्षमता वाली इकाई के रूप में परिभाषित करने का प्रस्ताव था। मौजूदा नियमों के तहत खांडसारी इकाई वह होती है जिसमें 20 या अधिक श्रमिक हों और क्षमता सीमा का कोई प्रावधान नहीं है। सूत्रों के अनुसार, प्रस्तावित परिभाषा से बड़ी संख्या में छोटी, श्रम-प्रधान इकाइयां नियामकीय दायरे में आ जातीं, जिससे किसानों पर असर पड़ता क्योंकि उन्हें खांडसारी इकाइयों से चीनी मिलों की तुलना में बेहतर मूल्य मिलता है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद संजीव बालियान ने सोशल मीडिया पर कहा कि सरकार ने यह आदेश किसानों के हित में वापस लिया है।

# ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए तैयार रहे सेना

एजेंसी



पुणे। थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को कहा कि यदि आवश्यकता पड़ी तो सशस्त्र बल ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जनरल द्विवेदी ने कहा कि सेना के तीनों अंग उस आधुनिक बहु-आयामी युद्ध की चुनौतियों से निपटने के लिए आपसी समन्वय को और मजबूत कर रहे हैं, जो अब केवल थल, जल और वायु तक सीमित नहीं रह गया है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के 150वें कोर्स की पासिंग आउट परेड के अवसर पर यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में जनरल द्विवेदी ने कहा कि फिलहाल अस्थायी संघर्षविराम है, लेकिन यदि अगला चरण शुरू होता है तो उससे निपटने के लिए तीनों सेनाएं पूरी तैयारी कर रही हैं। गौरतलब है कि भारत ने अप्रैल 2025 में हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में मई 2025 में पाकिस्तान स्थित आतंकी ढांचे को नष्ट करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। जनरल द्विवेदी ने कहा, जहां तक ऑपरेशन सिंदूर का सवाल है, यह अब भी जारी है। फिलहाल अस्थायी संघर्षविराम है। भारतीय सेना और सेना के तीनों अंग ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए तैयारियां कर रहे हैं, यदि इसे अंजाम देने की स्थिति बनती है। उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्धों पर अंतरिक्ष, साइबर और मनोवैज्ञानिक एवं सूचना-आधारित युद्ध जैसे उभरते क्षेत्रों का प्रभाव लगातार बढ़ेगा।

सेना प्रमुख ने कहा कि आधुनिक युद्धक्षेत्र बेहद पारदर्शी हो चुके हैं और लगभग हर गतिविधि पर नजर रखी जा सकती है, ऐसे में सैन्य योजनाकारों को सैनिकों की तैनाती तथा उनकी सुरक्षा को लेकर अत्यंत सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा, आज की स्थिति में युद्धक्षेत्र 24 घंटे निगरानी में रहता है। यह इतना पारदर्शी हो गया है कि हर गतिविधि दूसरे पक्ष को दिखाई देती है। इसलिए हमें अपनी तैनाती, अपने संसाधनों के उपयोग और अपने सैनिकों के साथ-साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक सुरक्षा उपायों को लेकर अत्यंत सतर्क रहना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सूचना युद्ध से मिले सबक का उल्लेख करते हुए जनरल द्विवेदी ने कहा कि भविष्य के संघर्षों में जनविश्वास और राष्ट्रीय एकता की भूमिका निर्णायक बनी रहेगी। उन्होंने कहा, जीत हमेशा दिमाग में होती है, जमीन पर नहीं। इसलिए सूचना युद्ध तभी सफल होता है, जब पूरा देश एकजुट हो और उन लोगों पर भरोसा करे जो जानकारी दे रहे हैं।

# राजस्थान में धूलभरी आंधी से जनजीवन प्रभावित

एजेंसी



नयी दिल्ली। सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से शनिवार को उत्तर भारत के अधिकांश राज्यों में बारिश हुई, जिससे पिछले कई दिनों से जारी भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली। वहीं, राजस्थान के कई हिस्सों में भीषण धूलभरी आंधी ने जनजीवन को प्रभावित किया।

राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ के कारण चूरू, बीकानेर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, नागौर, डीडवाना-कुचामन, अलवर और सीकर जिलों में तेज धूलभरी आंधी चली, जबकि जयपुर में तेज हवाओं के बाद बारिश हुई। आंधी के दौरान धूल और रेत के घने गुबार ने कई शहरों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दृश्यता लगभग शून्य हो गई और वाहन चालकों को दिन में ही हेडलाइट जलानी पड़ी। अधिकारियों के अनुसार, आंधी की शुरुआत हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर क्षेत्रों से हुई, जहां हवा की गति लगभग 56 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। हालांकि आंधी से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ, लेकिन इसके साथ हुई बारिश ने राज्य के कई हिस्सों में भीषण गर्मी से राहत पहुंचाई। चूरू के एक निवासी ने कहा हमने कभी नहीं सोचा था कि इतनी भीषण धूलभरी आंधी पूरे शहर को अपनी चपेट में ले लेगी। अपराह्न करीब दो बजे आसमान में ऐसा अंधेरा हो गया मानो रात हो गई हो। लोग वाहनों की हेडलाइट जलाकर चल रहे थे। जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। इसी बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा जारी रेड और ऑरेंज अलर्ट के बीच दिल्ली के कुछ हिस्सों में भी धूलभरी आंधी चली। मौसम विभाग ने गरज-चमक, बिजली गिरने, ओलावृष्टि और बारिश की संभावना जताई है। आईएमडी के अनुसार, मध्य, उत्तर-पूर्वी, दक्षिण-पश्चिमी, पश्चिमी, उत्तर-पश्चिमी और उत्तरी दिल्ली के कुछ क्षेत्रों में धूलभरी

## भारत के सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर हैं प्रधानमंत्री मोदी : शेखावत

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का कहना है कि 10-15 साल पहले तक विदेश में भारत की पहचान मुख्य रूप से महात्मा गांधी से जुड़ी थी, लेकिन अब यह बदल गया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के सबसे बड़े ब्रांड एंबेसडर हैं।

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने कहा कि भारत की संस्कृति- इसकी विरासत, त्योहार और व्यंजन - भी देश की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत को जिस नजरिए से देखा जाता था, उसमें कुछ कमी थी। इस सप्ताह की शुरुआत में मंत्री ने कहा था, 10-15 साल पहले तक अगर आप दुनिया के किसी भी देश में जाते और किसी व्यक्ति से उसके हुलिए के आधार पर पूछते कि क्या वह भारतीय है, तो वह खुद को भारतीय कहने में हिचकिचाता था। वह अपना परिचय एशियाई के रूप में देता था। फिर अगर आप उससे पूछते कि वह एशिया में कहां से है, तब वह कहता कि मैं भारतीय हूं। मंत्री ने कहा कि इसके पहले अगर कोई पर्यटक विदेश में किसी को बताता कि वह भारतीय है, तो जवाब होता, भारतउ ओह, श्रीमान गांधी। शेखावत ने कहा कि भारत की छवि और पहचान गांधीजी से जुड़ी हुई थी।

# आर्थिक गतिविधियों में आ सकती नरमी : वित्त मंत्रालय

एजेंसी

नयी दिल्ली। सामान्य से कम मानसून और आर्थिक गतिविधियों में नरमी के अनुमान के साथ आने वाले महीनों में कुल उपभोग मांग पर असर पड़ सकता है। कुल मिलाकर भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए निकट भविष्य का दृष्टिकोण सतर्क रुख के साथ मजबूत बना हुआ है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को जारी मासिक आर्थिक समीक्षा में यह कहा।

हालांकि, वित्त मंत्रालय ने कहा कि घरेलू बुनियाद मोटे तौर पर मजबूत बनी हुई हैं। विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई (क्रय प्रबंधक सूचकांक) में वृद्धि जारी है। श्रम बाजार स्थिर है और विदेशी मुद्रा भंडार बाहरी झटकों से निपटने के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान कर रहा है। साथ ही, मंत्रालय ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष की शुरुआत के बाद से वैश्विक परिवेश काफी चुनौतीपूर्ण हो गया है। इसमें कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, सख्त वित्तीय स्थिति और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की गति नरम पड़ने जैसी चुनौतियां भारत के लिए ऐसी बाधाएं पेश कर रही हैं जिनसे देश पूरी तरह से खुद को बचा नहीं सकता।

पश्चिम एशिया संघर्ष पहले से ही वैश्विक आर्थिक मोर्चे पर कमजोर सुधार के लिए एक बड़ा झटका बनकर उभरा है। इसके प्रभाव ऊर्जा बाजारों, आपूर्ति श्रृंखलाओं, व्यापार मार्गों और वैश्विक वित्तीय स्थितियों में तेजी से दिखाई दे रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऊर्जा, परिवहन और लॉजिस्टिक की बढ़ती लागत ने प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति के दबाव को सामने ला दिया है और महंगाई को लेकर चिंताओं को फिर से बढ़ा दिया है। इन दबावों के साथ, प्रमुख केंद्रीय बैंक पूर्व अनुमानों की तुलना में अधिक समय तक प्रतिबंधात्मक मौद्रिक नीति का रूख अपनाए रख सकते हैं। इससे विकसित अर्थव्यवस्थाओं में सरकारी बॉन्ड प्रतिफल कई वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उभरते बाजारों में इसका प्रभाव असमान बना हुआ है। ऊर्जा आयात करने वाली अर्थव्यवस्थाओं को मुद्रा की विनिमय दर में गिरावट, पूंजी निकासी और उच्च आयात बिलों से बढ़ते दबाव का सामना करना पड़ रहा है, जबकि वस्तु निर्यातकों की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर बनी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने अप्रैल 2026 में अपनी वृद्धि गति को बनाए रखा। ई-वे बिल सृजन, पीएमआई सूचकांक और बिजली की खपत में वृद्धि हुई। हालांकि, आठ प्रमुख बुनियादी उद्योग सूचकांक और ईंधन खपत में नरमी इस बात का संकेत देती है कि वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियां धीरे-धीरे घरेलू गतिविधियों के कुछ क्षेत्रों में अपना प्रभाव डाल रही हैं। मुद्रास्फीति के दृष्टिकोण पर, रिपोर्ट में कहा गया है कि इस पर नजर रखने की जरूरत है। खुदरा मुद्रास्फीति और थोक कीमतों के बीच मौजूदा अंतर इस बात का संकेत है कि लागत पर दबाव बढ़ रहा है और उपभोक्ताओं तक इसका असर जल्द ही दिखने लगेगा। अभी तक इसका प्रभाव सीमित है।

## इरेडा का चौथी तिमाही में लाभ 1.7 प्रतिशत घटकर 492.63 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की इरेडा का वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 1.77 प्रतिशत घटकर 492.63 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) का शुद्ध लाभ 501.55 करोड़ रुपये था। जनवरी-मार्च 2026 तिमाही के दौरान कंपनी की कुल आय बढ़कर 2,181.28 करोड़ रुपये हो गई, जो 2024-25 की समान तिमाही में 1,915 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का कुल खर्च बढ़कर 1,562.14 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 1,285.91 करोड़ रुपये था।

# डबल इंजन सरकार के सभी लाभ प्राप्त करने के लिए केंद्र के साथ मिलकर काम करेगी बंगाल सरकार : शुभेंदु

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार केंद्र के साथ मिलकर काम करेगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राज्य को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित अन्य कई राज्यों की तरह डबल इंजन सरकार के सभी लाभ प्राप्त हों।

केंद्रीय विद्युत तथा आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहरलाल की उपस्थिति में राज्य में स्वच्छ ऐप की शुरुआत के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि विद्युत एवं शहरी विकास के मामले में राज्य के पुनर्निर्माण की काफी संभावनाएं हैं। मनोहरलाल ने शुभेंदु और राज्य की शहरी विकास मंत्री अग्निमित्रा पॉल की उपस्थिति में इस ऐप की शुरुआत की।

यह ऐप प्रौद्योगिकी और नागरिकों की भागीदारी के माध्यम से नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। शुभेंदु ने कहा, मैं पश्चिम बंगाल के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम केंद्र सरकार के हर मंत्रालय के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि डबल इंजन सरकार के सभी लाभ, जो 20 अन्य राज्यों को मिल रहे हैं, हमारे राज्य को भी मिलें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बार-बार इस बात पर खेद व्यक्त किया है कि स्वतंत्रता के बाद उद्योग और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में अग्रणी होने के बावजूद पश्चिम बंगाल का विकास अपेक्षित गति से नहीं हुआ। शुभेंदु ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के साथ पश्चिम बंगाल में शहरी और विद्युत क्षेत्र के विकास के लिए केंद्र तथा राज्य सरकार मिलकर क्या कर सकती हैं, इस पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा, उन्होंने राज्य के पुनर्निर्माण के लिए हर क्षेत्र में केंद्रीय सहयोग का आश्वासन दिया, जिसमें कुछ परियोजनाएं लागत-साझाकरण के आधार पर लागू की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ ऐप पहल के तहत स्वच्छता अभियान से शुरुआत में 10 शहरी स्थानीय निकायों को लाभ मिलेगा।

## 48 प्रतिशत से अधिक वार्डों में आप की जीत, कांग्रेस दूसरे स्थान पर

चंडीगढ़। पंजाब निकाय चुनाव में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) ने 48 प्रतिशत से अधिक वार्डों में जीत दर्ज की, वहीं मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि जनता ने सत्ताधारी पार्टी की विकासवादी नीतियों का समर्थन किया और विपक्ष की नफरत की राजनीति को परास्त किया। पंजाब राज्य निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, आप ने कुल।,977 वार्डों में से 958 में जीत दर्ज की जबकि कांग्रेस 397 वार्ड जीतकर दूसरे स्थान पर रही, शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने 191 वार्ड जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 172 वार्डों में जीत का परचम फहराया। इन शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 251 वार्डों में जीत दर्ज की।

# भारत और ईएईयू सीमित अंतरिम व्यापार समझौते पर कर रहे हैं चर्चा : रूसी मंत्री

एजेंसी

मॉस्को। भारत और यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू) एक प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत कुछ चुनिंदा सामानों के लिए सीमित और अस्थायी व्यापार व्यवस्था पर चर्चा कर रहे हैं। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास की खबर के अनुसार, रूस के आर्थिक विकास मंत्री मैक्सिम रेशेतनिकोव ने यह जानकारी दी है।

उन्होंने शुक्रवार को एक टीवी कार्यक्रम को दिए साक्षात्कार में इस बातचीत को जटिल बताया। समाचार एजेंसी तास के मुताबिक, उन्होंने कहा, भारत के साथ मामला थोड़ा अधिक जटिल है क्योंकि वहां की अर्थव्यवस्था काफी बड़ी है और दोनों पक्षों के आपसी हित भी उलझे हुए हैं। स्पष्ट कहें तो, भारतीय पक्ष की मांगें भी काफी महत्वाकांक्षी हैं।

उन्होंने कहा यही कारण है कि हम वर्तमान में एक सीमित और अस्थायी मुक्त व्यापार क्षेत्र बनाने पर चर्चा कर रहे हैं, जो केवल उत्पाद समूहों द्वारा तय की गई वस्तुओं की एक विशेष सूची पर ही लागू होगा। रेशेतनिकोव की यह टिप्पणी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के उस बयान के कुछ ही घंटों बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत और ईएईयू के बीच व्यापार को उदार बनाने (कर और नियमों में ढील देने) की बातचीत ने रफ्तार पकड़ी है। कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में सुप्रीम यूरेशियन इकोनॉमिक काउंसिल की बैठक में पुतिन ने कहा, पिछले साल मंगोलिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और इंडोनेशिया के साथ व्यापार समझौते किए गए थे और इसी के साथ भारत के साथ भी व्यापार उदारीकरण पर बातचीत तेज की गई है। पुतिन ने कहा कि उनका आर्थिक संघ नए साझेदारों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत शुरू करने का समर्थन करता है।

ईएईयू पांच देशों का एक आर्थिक संगठन है, जिसमें रूस, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और आर्मेनिया शामिल हैं। इसकी स्थापना साल 2015 में हुई थी।

## पेज एक का शेष

### प्रदेश में

लगभग 1,400 करोड़ रुपये के दावों को भी शामिल किया गया है, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार बढ़ा है। मुकदमों में जनता का पैसा नहीं इस्तेमाल कर सकेगा पावर कॉरपोरेशन अब पावर कॉरपोरेशन जनता के पैसों से जनता के खिलाफ मुकदमा नहीं लड़ सकेगा।

पावर कॉरपोरेशन अब तक इसे भी खर्च में दिखाकर इसके एवज में बिजली दरों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखता था। कॉरपोरेशन को अब मुकदमों का खर्च अपने लाभ में से करना होगा। टैरिफ आदेश में नियामक आयोग इसकी व्यवस्था देगा। हालत तो यह है कि पावर कारपोरेशन और एनपीसीएल ने कुल मिलाकर 46 करोड़ रुपये मुकदमों पर खर्च कर दिए और खातों में इसका बोझ जनता पर डालने के मकसद से घाटे के मद में जोड़ दिया।

### केजीएमयू परिसर

के निर्देश देने की मांग की थी। सुनवाई के दौरान पीठ को बताया गया कि इसी विवाद को लेकर दरगाह की प्रबंधन समिति पहले भी हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर चुकी है। उस मामले में केजीएमयू की ओर से कहा गया था कि दरगाह परिसर को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया जा रहा है तथा श्रद्धालुओं के आने-जाने और इबादत में कोई बाधा नहीं है। अपने आदेश में पीठ ने कहा कि दरगाह की संपत्ति और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रबंधन समिति ही विधिक रूप से अधिकृत संस्था है। केवल श्रद्धालु होने के आधार पर कोई व्यक्ति दरगाह की संपूर्ण संपत्ति के संरक्षण और प्रबंधन संबंधी अधिकारों को लेकर याचिका दाखिल नहीं कर सकता।

### कुलपति की

का कार्यभार ग्रहण करने दिया जाए। न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की पीठ ने यह आदेश डॉ. सिंह की याचिका पर गत 20 मई को पारित किया। डॉ. सिंह वर्ष 2025 में राष्ट्रपति से विज्ञान श्री सम्मान प्राप्त कर चुके हैं और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के प्रतिष्ठित संस्थानों में निदेशक तथा प्रधान वैज्ञानिक के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। याचिका में कहा गया था कि कुलपति पद के लिए जारी विज्ञापन के तहत उनका चयन हुआ था और 10 फरवरी 2026 को नियुक्ति पत्र जारी किया गया। नियुक्ति पत्र प्राप्त होने के बाद उन्होंने अपने वर्तमान पद से कार्यमुक्त होने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। उन्होंने शासन व राज्यपाल सचिवालय को पत्र लिखकर बताया था कि केंद्रीय संस्थान से कार्यमुक्त होने में कुछ समय लगेगा तथा उन्हें 31 मार्च 2026 तक का समय दिया जाए। इसके बावजूद शासन ने 25 फरवरी 2026 को आदेश जारी कर उन्हें एक मार्च तक कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया और ऐसा न करने पर नियुक्ति रद्द करने की चेतावनी दी। बाद में तीन मार्च 2026 को उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी गई, जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

### लखनऊ में

राष्ट्र निर्माण का स्वाभाविक रूप से एक जोश भी पैदा होगा। आज जो नौसेना शौर्य वाटिका यहां आपके सामने है, इसके पीछे भी यही सोच है। रक्षा मंत्री ने शौर्य वाटिका के लिये प्रमुख स्थान पर जमीन उपलब्ध कराने, बजट स्वीकृत करने और इसे रिकॉर्ड समय में तैयार करवाने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना भी की। सिंह ने भारतीय नौसेना का लखनऊ और गोमती नदी से पुराना नाता बताते हुए कहा कि गोमती नदी लखनऊ की जीवन धारा है और इसी गोमती के नाम पर एक आईएनएस गोमती नाम का युद्धपोत भी है, जिसे 1988 में हमारी नौसेना में शामिल किया गया था।

### आत्मनिर्भर होने

रक्षा क्षेत्र में भारत की तीव्र प्रगति और रक्षा निर्यात में हुई बढ़ोत्तरी का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले भारत में छोटे-मोटे हथियारों के कलपुर्जों का निर्यात केवल एक हजार करोड़ रुपए का था लेकिन अब भारत का रक्षा क्षेत्र पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी तब से ही इस बात पर विशेष बल दिया गया कि भारत सही मायनों में सबसे ताकतवर कहलाए ताकि देश की सेनाओं को हथियार के लिए अन्य देशों पर निर्भर नहीं रहना पड़े। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया और डिफेंस कॉरिडोर समेत कई कदमों से यह सुनिश्चित किया गया कि भारतीय सेना के लिए अत्याधुनिक हथियार भारत में ही निर्मित किये जाएं और अगर संभव हो तो हम उन्हें दूसरे देशों को बेच सके।

### समुद्री सीमा की

जिसे भारतीय नौसेना की विरासत, संचालनात्मक क्षमताओं और समुद्री उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए तैयार किया गया है। नौसेना प्रमुख ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊमें नौसेना पर केंद्रित संग्रहालय की स्थापना के पीछे के तर्क को समझाते हुए कहा हालांकि उत्तर प्रदेश एक लैंडलॉक (चारों ओर जमीन से घिरा हुआ) राज्य है लेकिन यह कभी समुद्र से दूर नहीं रहा है। उन्होंने कहा रेलवे और राजमार्ग के आने से पहले, गंगा, गोमती और घाघरा जैसी नदियां अवध क्षेत्र को कोलकाता बंदरगाह और वैश्विक व्यापार मार्गों से जोड़ती थीं। बनारसी रेशम समुद्री व्यापार के ज़रिए रोमन साम्राज्य तक पहुंचता था, जबकि उत्तर प्रदेश से मिलने वाली कठोर लकड़ी और धातुओं से जहाज बनाने में मदद मिलती थी।

### विषम परिस्थितियों

नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के सामने विकसित भारत की संकल्पना को रखा है। उन्होंने हर भारतवासी को पंचप्रण के साथ जुड़ने के लिए कहा है। हमारे मन में सेना व यूनिफॉर्मधारी फोर्स के प्रति सम्मान का भाव हो। जब भारतीय सैनिक माइनस डिग्री टेंपरेचर, रेगिस्तान की झुलसाने वाली गर्मी और समुद्र की लहरों का मुकाबला करते हुए सीमाओं की रक्षा करता है, तब 140 करोड़ भारतवासी चैन की नींद सोते हैं। सीएम योगी ने कहा कि सुरक्षा के बेहतर माहौल में ही जन-कल्याण एवं विकास योजनाएं प्रभावी ढंग से आगे बढ़ सकती हैं।

### हिंसा पीड़ितों से

यह पूर्व नियोजित था। इलाके में पुलिस नहीं है। ये मुझे मारना चाहते हैं। जब तक स्थानीय पुलिस अपनी टीम नहीं भेजती और पीड़ितों के परिवारों को सुरक्षा प्रदान नहीं करती, मैं यहां से नहीं जाऊंगा। स्थानीय महिलाएं झाड़ू और बांस के डंडे लेकर उस टीएमसी कार्यकर्ता के घर के बाहर एकत्र हो गईं, जहां बनर्जी पहुंचे थे। बनर्जी के आने का मकसद पूछते हुए उन्होंने उनके खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारी महिलाओं में से एक ने कहा, वह यहां क्यों आए हैं? जिसके घर वह आए हैं, वह भी चोर है। यह तो चोर का चोर से मिलने जैसा है।

### विकसित भारत

उच्च शिक्षा को आधुनिक स्वरूप देने के लिए अनेक पहलें की जा रही हैं। एआई, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स और अन्य उभरती तकनीकों को शिक्षण व्यवस्था में शामिल कर विद्यार्थियों को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा और उद्योग जगत के बीच समन्वय बढ़ाकर युवाओं के लिए रोजगार तथा उद्यमिता के अवसरों का विस्तार किया जा रहा है। साथ ही स्टार्टअप संस्कृति को प्रोत्साहन, इन्क्यूबेशन सुविधाओं का विकास और कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चाहती है कि युवा रोजगार मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार उपलब्ध कराने वाले बनें। इसके लिए नवाचार व उद्यमशीलता को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।

### जनसहभागिता से

धारा पौधरोपण, सहजन भंडारा, आम भंडारा भी होगा। मिशन छाया के तहत गर्मी से राहत देने के लिए सड़क किनारे व सार्वजनिक स्थलों पर छायादार पौधे भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा 15 अगस्त को वंदे मातरम वाटिका, 28 अगस्त को रक्षाबंधन पर भाई-बहन पौधरोपण व 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर ह्यएक पेड़ गुरु के नामह्व भी लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पौधरोपण महाभियान-2026 की तैयारी को लेकर विगत दिनों बैठक ली थी। उन्होंने बैठक में जनसहभागिता पर विशेष जोर देते हुए इसे उत्सव के रूप में मनाने का निर्देश दिया था। सीएम योगी ने कहा था कि इसमें सभी जनप्रतिनिधियों, संस्थाओं, एनसीसी, एनएसएस, नेहरू युवा केंद्र, युवक-महिला मंगल दल, रोटरी-लायंस, ईको क्लब, एफपीओ, व्यापार मंडल आदि की भी सहभागिता अनिवार्य रूप से हो। कृषि विभाग की देखरेख में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के पंजीकृत किसान भी महाभियान का हिस्सा बनेंगे।

### नौ आरटीओ

परिवहन आयुक्त, सड़क सुरक्ष मुख्यालय, प्रयागराज के आरटीओ प्रवर्तन संजीव कुमार गुप्त को आरटीओ प्रवर्तन गोरखपुर, मुख्यालय में तैनात आरटीओ सुनील दत्त करे आजमगढ़ का आरटीओ प्रवर्तन बनाया गया है।

## 26 एआरटीओ के कार्यक्षेत्र बदले

लखनऊ। शासन ने 28 सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) के कार्यक्षेत्र में बदलाव किए हैं। जिसमें दो का पटल परिवर्तन किया गया है। एआरटीओ (प्रवर्तन द्वितीय दल) मनोज कुमार मिश्रा को एआटीओ (प्रशासन) गौतमबुद्धनगर, एआरटीओ (प्रवर्तन प्रथम दल) कानपुर देहात सोमलता यादव को एआरटीओ (प्रवर्तन तृतीय दल) कानपुर नगर, एआरटीओ (प्रवर्तन प्रथम दल) मीरजापुर विजय प्रकाश सिंह को एआरटीओ (प्रशासन) प्रयागराज, एआरटीओ (प्रशासन) पीलीभीत वीरेंद्र सिंह को एआरटीओ (प्रशासन) मीरजापुर बनाया गया है। एआरटीओ (प्रशासन) कुशीनगर मो.अजीम को एआरटीओ (प्रशासन) श्रावस्ती, एआरटीओ (प्रशासन) बलिया अरुण कुमार राय को एआरटीओ (प्रवर्तन प्रथम दल) मीराजापुर बनाया गया है। एआरटीओ (प्रवर्तन) बिजनौर गौरी शंकर ठाकुर को एआरटीओ (प्रशासन) फिरोजाबाद, एआरटीओ (प्राविधिक) परिक्षेत्र लखनऊ हिमांशु जैन को एआरटीओ (प्रवर्तन प्रथम दल) मुख्यालय के साथ एआरटीओ (प्रशासन) विस्तार पटल लखनऊ का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। एआरटीओ (प्रशासन) श्रावस्ती विनीत कुमार मिश्रा को एआरटीओ (प्रवर्तन चतुर्थ दल) गाजियाबाद, एआरटीओ (प्रवर्तन प्रथम दल) हमीरपुर अमिताभ राय को एआरटीओ (प्रशासन) बाराबंकी बनाया गया है। एआरटीओ (प्रशासन) बाराबंकी अंकित शुक्ला को एआरटीओ (प्रवर्तन द्वितीय दल) गाजियाबाद, एआरटीओ (प्रवर्तन) आजमगढ़ अतुल कुमार यादव को एआरटीओ (प्रशासन) देवरिया, एआरटीओ (प्रवर्तन) प्रतापगढ़ दिलीप कुमार गुप्ता को एआरटीओ (प्रशासन) मैनपुरी, एआरटीओ (प्रवर्तन) अमरोहा महेश कुमार शर्मा को एआरटीओ (प्रशासन) बिजनौर, एआरटीओ (प्रशासन) अलीगढ़ प्रवेश कुमार को एआरटीओ (प्रशासन) शामली, एआरटीओ (प्रशासन) शामली रोहित राजपूत को एआरटीओ (प्रवर्तन प्रथम दल) कानपुर देहात, एआरटीओ (प्रशासन) मीरजापुर संतोष कुमार सिंह को एआरटीओ (प्रवर्तन प्रथम दल) फतेहपुर, एआरटीओ (प्रशासन) एटा सत्येन्द्र कुमार को एआरटीओ (प्रशासन) अलीगढ़ के पद पर तैनाती दी गई है।




# आरसीबी-गुजरात का महा मुकाबला आज

## आईपीएल : अहमदाबाद में लगातार दूसरी बार खिताब जीतने की आरसीबी के सामने होगी कड़ी चुनौती

एजेंसी





अहमदाबाद। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार दूसरी बार खिताब जीतने के सपने को पूरा करने के लिए रविवार को मैदान में उतरेगी तो उसके सामने गुजरात टाइटंस की कड़ी चुनौती होगी, जिससे इस मुकाबले में दो अलग-अलग खेल शैलियों की टक्कर देखने को मिलेगी। आरसीबी ने अपने आक्रामक और बेखौफ अंदाज से टूर्नामेंट में दबदबा कायम किया है, तो वहीं टाइटंस ने धैर्य और संयमित खेल से प्रभावित करते हुए पांच वर्षों में तीसरी बार फाइनल का टिकट पक्का किया है। कागजों पर मौजूदा चैंपियन आरसीबी को 2022 की विजेता टाइटंस के खिलाफ मजबूत दावेदार माना जा रहा है, क्योंकि इस पूरे टूर्नामेंट में उनका बेखौफ और जोखिम भरा खेल बेहद प्रभावशाली रहा है। यह आक्रामक रणनीति कभी-कभी टीम को मुश्किल में भी डालती रही है, लेकिन विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, टिम डेविड, कप्तान रजत पाटीदार, उपलब्ध रहने पर फिल साल्ट और वेंकटेश अय्यर ने लगातार आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की है।

पहले क्वालीफायर में आरसीबी ने इसी बेखौफ अंदाज से टाइटंस को शिकस्त दी थी। पिच की स्थिति या विरोधी गेंदबाजी रणनीति का भी उनके इस आक्रामक रवैये पर बहुत कम असर पड़ा है, और इस सत्र में कोई अन्य टीम उतनी बार 200 से अधिक रन नहीं बना सकी है जितनी बार आरसीबी ने बनाए हैं। कप्तान रजत पाटीदार की शांत और संतुलित नेतृत्व शैली ने भी पिछले दो सत्रों में टीम को स्थिरता दी है। वह पूर्व कप्तानों विराट कोहली या फाफ डु प्लेसिस जितने भावनात्मक रूप से मुखर नहीं हैं, लेकिन उनके फैसलों में आत्मविश्वास झलकता है, जिससे टीम के अनुभवी और युवा खिलाड़ी दोनों सहज महसूस करते हैं। आरसीबी की गेंदबाजी इकाई भी इस बार किफायती और प्रभावी रही है, जिसने पावरप्ले में ही विरोधी बल्लेबाजों पर दबाव बनाया है। भुवनेश्वर कुमार की अगुवाई वाली इस गेंदबाजी को गुजरात टाइटंस के शानदार लय में चल रहे शीर्ष क्रम के खिलाफ अपने सर्वोच्च स्तर पर प्रदर्शन करना होगा।

दूसरी ओर, इस टूर्नामेंट में जहां अधिकांश टीमें पावरप्ले में 11-12 रन प्रति ओवर की रफ्तार से खेल रही हैं, वहीं गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने अपेक्षाकृत संयमित रफ्तार अपनाई है, जो नौ रन प्रति ओवर से थोड़ा अधिक रही है। यह पारंपरिक रणनीति इसलिए भी है क्योंकि गुजरात का मध्यक्रम अपेक्षाकृत कमजोर है और टीम की बल्लेबाजी का अधिकांश भार शीर्ष तीन बल्लेबाजों (गिल, सुदर्शन और जोस बटलर) पर ही रहता है। इसके बावजूद इन तीनों ने लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। गिल ने 722 रन (स्ट्राइक रेट 163), सुदर्शन ने 710 रन (स्ट्राइक रेट 159) और बटलर ने 507 रन (स्ट्राइक रेट 157) बनाए हैं। अब उन्हें एक बार फिर उसी अहम मुकाबले में जिम्मेदारी निभानी होगी। इस सत्र में गुजरात का घरेलू रिकॉर्ड (सात में से पांच जीत) टीम को थोड़ा आत्मविश्वास जरूर देता है। यह चुनौती हालांकि आसान नहीं होगी, क्योंकि आरसीबी की गेंदबाजी बेहद विविध और धारदार है। भुवनेश्वर कुमार 26 विकेट के साथ पर्पल कैप सूची में दूसरे स्थान पर हैं, जबकि जोश हेज़लवुड (13 विकेट), रसिख सलाम (16 विकेट) और कृणाल पंड्या (13 विकेट) ने मिलकर एक मजबूत आक्रमण तैयार किया है। कृणाल बल्ले से भी उपयोगी योगदान देते रहे हैं। गेंदबाजी के मामले में गुजरात टाइटंस को हल्की बढ़त हासिल है, लेकिन आरसीबी की बल्लेबाजी गहराई और हर क्रम में मौजूद आक्रामक बल्लेबाज उन्हें स्पष्ट बढ़त देते हैं। हालांकि गुजरात की गेंदबाजी इस आक्रामकता को रोकने की क्षमता रखती है, खासकर अगर अहमदाबाद की पिच में गेंदबाजों को मदद मिलती है। कागिसो रबाडा इस समय 28 विकेट के साथ पर्पल कैप की दौड़ में सबसे आगे हैं। मोहम्मद सिराज, राशिद खान, जेसन होल्डर और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे गेंदबाजों ने मिलकर मजबूत आक्रमण तैयार किया है। रबाडा और सिराज ने इस सीजन में मिलकर 165 और 162 डॉट गेंदें डाली हैं, जो इस बात का संकेत है कि वे सपाट पिचों पर भी बल्लेबाजों पर नियंत्रण बनाए रखने में सफल रहे हैं। दोनों ने हार्ड लेंथ गेंदबाजी का बेहतरीन उपयोग करते हुए बड़े शॉट खेलने वाले बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया है।

सिराज की फिटनेस पर भी नजर रखी जाएगी। उन्हें शुक्रवार को मुल्लांपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ क्वालीफायर दो के दौरान कंधे में कुछ परेशानी हुई थी। उन्होंने अपने चार ओवरों का कोटा पूरा किया, लेकिन मैदान पर असहज नजर आए। गुजरात टाइटंस उम्मीद करेगा कि यह समस्या गंभीर न हो। कागजों पर आरसीबी इस मुकाबले की प्रबल दावेदार है और कई लोगों की नजर में यह फाइनल उनके हाथ से जाने वाला नहीं, बल्कि उनके पक्ष में जाता हुआ मुकाबला माना जा रहा है। आरसीबी की नजर अब चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बाद लगातार दो आईपीएल खिताब जीतने वाली टीम बनने पर है, जो उनके लिए पूरी तरह संभव लक्ष्य है। गुजरात टाइटंस भले ही संयमित टीम रही हो, लेकिन इस बार वह आरसीबी की आक्रामकता को रोकने के लिए किसी मौके की हाथ से नहीं जाने देगी। ऐसे में यह फाइनल एक बेहद रोमांचक मुकाबला बनने की पूरी संभावना रखता है।

# इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पहले बल्लेबाजी का फैसला किया



ब्रिस्टल। ग्लैंड महिला टीम की कप्तान चार्ली डीन ने भारत के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दूसरे मुकाबले में शनिवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारतीय टीम में कप्तान हरमनप्रीत कौर और हरफनमौला खिलाड़ी श्रेयांका पाटिल की वापसी हुई है। हरमनप्रीत को पहले टी20 मैच में आराम दिया गया था। इंग्लैंड ने भी दो बदलाव करते हुए लिंसी स्मिथ और डैनी वायट-हॉज को अपनी अंतिम एकादश में शामिल किया है। तीन मैचों की इस श्रृंखला में भारतीय टीम 1-0 से आगे है। वहीं दूसरी ओर गुजरात टाइटंस के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने कप्तान शुभमन गिल के आईपीएल में लगातार शानदार प्रदर्शन और निरंतरता की जमकर सराहना करते हुए कहा कि इस सत्र में गिल का खेल पूरी तरह प्रभावशाली और प्रेरणादायक रहा है।

गिल ने अब तक 722 रन बनाए हैं और टीम के लिए सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज साबित हुए हैं। उनके सलामी जोड़ीदार साई सुदर्शन ने भी 710 रन जोड़कर शीर्ष क्रम को मजबूत आधार दिया है। दोनों बल्लेबाजों का स्ट्राइक रेट करीब 160 के आसपास रहा है, जिसने गुजरात टाइटंस के आक्रमण को नई धार दी है। क्वालीफायर दो में शुक्रवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 215 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए गिल ने शानदार बल्लेबाजी की और टीम को जीत दिलाकर पांच सत्रों में तीसरी बार फाइनल में पहुंचाया। उनकी यह पारी मैच का निर्णायक क्षण मानी जा रही है। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान गिल को टी20 विश्व कप से पहले राष्ट्रीय टी20 टीम से बाहर कर दिया गया था, लेकिन उनके मौजूदा प्रदर्शन को देखते हुए उनकी राष्ट्रीय टीम में वापसी की संभावनाएं फिर से मजबूत मानी जा रही हैं। गुजरात टाइटंस के क्रिकेट निदेशक सोलंकी ने कहा कि गिल की निरंतरता और फॉर्म ने पूरे सीजन में टीम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है और वह लगातार बड़े मुकाबलों में जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

सोलंकी ने कहा, यह पूरी तरह उनकी कड़ी मेहनत का परिणाम है। मैं कल्पना कर सकता हूं कि शुभमन ने यहां तक पहुंचने के लिए कितनी मेहनत की होगी। वह एक असाधारण युवा खिलाड़ी हैं, और यह याद रखना जरूरी है कि वह अभी भी युवा हैं। जिस तरह वह बल्लेबाजी कर रहे हैं, वह वास्तव में अद्भुत है। उन्होंने साई सुदर्शन की भी तारीफ करते हुए कहा, वह भी किसी से कम नहीं हैं और सीखने की कोशिश करते रहते हैं। वह गिल को आदर्श मानते हैं और उनकी बल्लेबाजी में पारंपरिक तकनीक और कौशल की झलक दिखाई देती है। उन्होंने कहा, अगर परिस्थितियां मांग करती हैं और रन गति बढ़ाने की जरूरत होती है, तो दोनों खिलाड़ी अपने खेल को उसी अनुसार ढालने में पूरी तरह सक्षम हैं। टी20 विश्व कप टीम से बाहर किए जाने के बाद गिल की मानसिकता में बदलाव को लेकर पूछे गए सवाल पर सोलंकी ने कहा कि वह हमेशा की तरह ही तैयार होकर आए थे। उन्होंने कहा, वह एक शानदार प्रतिभा हैं।

टी20 क्रिकेट में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, और उन्हें इन परिस्थितियों से निपटना आता है। इतनी कम उम्र में भी उनके पास काफी अनुभव है। सोलंकी ने आगे कहा कि सफलता और असफलता दोनों ही पेशेवर खेल का हिस्सा हैं, और गिल इस संतुलन को बखूबी समझते हैं। उन्होंने कहा जब वह कैंप में आए, तो वह पूरी तरह संयमित थे। उनकी तैयारी हमेशा की तरह बेहतरीन थी। चाहे वह किसी भी टीम की जर्सी पहनें, उनकी तैयारी हमेशा एक जैसी रहती है, और यही कारण है कि वह इस सत्र में भी उसी स्तर पर प्रदर्शन कर रहे हैं।

## संक्षेप

### कुरेन के आईपीएल से हटने पर संगकारा ने उठाए सवाल

मुल्लांपुर। राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा ने इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम कुरेन के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से अंतिम समय में हटने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी सख्त नीति जारी रखनी चाहिए कि विदेशी खिलाड़ी टूर्नामेंट के दौरान अपने अनुबंधों का पूरी तरह पालन करें। कुरेन ने जांघ के अंदरूनी हिस्से (ग्रोइन) में चोट का हवाला देते हुए आईपीएल से नाम वापस ले लिया था। इंग्लैंड लौटने के बाद हालांकि वह टी20 ब्लास्ट में अपनी काउंटी टीम सरे के लिए तीन मैच खेल चुके हैं, जिससे उनके आईपीएल से हटने को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। आईपीएल में विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता लंबे समय से चर्चा का विषय रही है। इस सत्र में भी ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क और पैट कमिंस मामूली फिटनेस समस्याओं के कारण प्रतियोगिता के दूसरे चरण में अपनी-अपनी टीमों से जुड़े थे।

### सप्तक तलवार कट में प्रवेश से चूके

आंदालुसिया (स्पेन)। सप्तक तलवार ने चैलेंज दे एस्पाना गोल्फ में शानदार शुरूआत दी लेकिन दूसरे दौर में चार ओवर 75 के स्कोर के साथ संयुक्त 94वें स्थान पर खिसक गए। उन्होंने दूसरे दौर में तीन बर्डी लगाये लेकिन तीन बोगी और दो डबल बोगी किये। डान एरिक्सन ने सात अंडर 64 के स्कोर के साथ बढत बना ली है। जैमी रदरफोर्ड दूसरे स्थान पर हैं।

### सूर्यवंशी भारतीय टीम में जगह पाने को तैयार : संगकारा

मुल्लांपुर। श्रीलंका के दिग्गज क्रिकेटर और राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा का मानना है कि आईपीएल में विश्व स्तरीय गेंदबाजों के खिलाफ वैभव सूर्यवंशी का प्रदर्शन इस बात का स्पष्ट संकेत है कि वह भारतीय टीम के लिए खेलने को पूरी तरह तैयार हैं। महज 15 वर्ष के सूर्यवंशी ने आईपीएल के अपने पहले पूर्ण सत्र में 237.31 की विस्फोटक स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाए। यदि रविवार को होने वाले फाइनल में शुभमन गिल या साई सुदर्शन उनसे आगे नहीं निकलते हैं, तो वह टूर्नामेंट के सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन सकते हैं।

# नौशीन के दो गोल से भारत ने मलेशिया को हराया

काकामिगहारा (जापान)। पंद्रह साल की नौशीन नाज की दो गोल की मदद से भारत ने शनिवार को यहां अंडर-18 महिला एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप के पूल ए के एक मैच में मलेशिया को 2-1 से हराकर विजयी शुरुआत की। मैच के पहले क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ, लेकिन नौशीन ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर 19वें मिनट में भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। नौशीन ने इसके बाद 28वें मिनट में एक और शानदार गोल दागा।



उन्होंने मलेशिया की गोलकीपर को चकमा देते हुए सटीक शॉट लगाया और भारत की बढ़त को 2-0 कर दिया जिससे मध्यांतर तक भारत मजबूत स्थिति में रहा। तीसरे क्वार्टर में मलेशिया ने वापसी की कोशिश की और 41वें मिनट में नूर अजली ने गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। इस गोल से मुकाबला रोचक होने के बाद भारतीय रक्षापंक्ति ने चौथे क्वार्टर में मजबूती दिखाते हुए

❍ अंडर-18 महिला एशिया कप

विपक्षी टीम को कोई और सफलता नहीं लेने दी और बढ़त को बरकरार रखा। पूरे मैच के दौरान भारत ने कई आक्रामक मौके बनाए और कुल 16 पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए, लेकिन टीम केवल दो को ही गोल में बदल सकी। दो गोल करने वाली नौशीन नाज़ को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत के साथ भारत पूल ए में कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। दोनों टीमों के तीन-तीन अंक हैं, लेकिन गोल अंतर के आधार पर कोरिया आगे है। भारत अपना अगला पूल मुकाबला रविवार को कोरिया के खिलाफ खेलेगा, जो शीर्ष स्थान के लिए अहम मुकाबला होगा।

### आईसीसी की स्वतंत्र निदेशक के तौर पर इंदिरा नूई की जगह रोज रिवाज

अहमदाबाद। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शनिवार को डॉ रोज रिवाज को अपनी स्वतंत्र निदेशक घोषित किया क्योंकि यह पद पेप्सिको की पूर्व प्रमुख इंदिरा नूई के कार्यकाल समाप्त होने के बाद खाली हो गया था। रिवाज आईसीसी बोर्ड में शुरुआती तीन साल के कार्यकाल के लिए शामिल होंगी जिसमें एक बार विस्तार की संभावना भी है। आईसीसी में स्वतंत्र निदेशक का पद किसी ऐसी प्रसिद्ध महिला के लिए आरक्षित होता है जिसने सामाजिक और पेशेवर क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया हो।

# ओसनिया चैंपियनशिप में भारतीय अल्ट्रा रनर का जलवा

नयी दिल्ली। जापान के हिरोसाकी में हाल में हुई आईएयू 24एच एशिया और ओसनिया चैंपियनशिप के पुरुषों की स्पर्धा में भारतीय अल्ट्रा रनर खिलाड़ियों ने टीम स्वर्ण पदक जीतकर

❍ आईएयू 24एच एशिया

पोडियम पर कब्जा कर लिया। महिलाओं की टीम ने कांस्य पदक जीता। पुरुषों की व्यक्तिगत स्पर्धा में अमर सिंह देवंदा ने 282.881 किमी (226 लैप) की दूरी तय करके स्वर्ण पदक जीता और एक नया राष्ट्रीय



रिकॉर्ड बनाया। गीनो एंटनी ने 272.894 किमी (218 लैप) के साथ रजत पदक जीता जबकि सौरव कुमार रंजन ने 260.058 किमी (208 लैप) के साथ कांस्य पदक जीता। भारत ने कुल 815.833 किमी की दूरी तय करके पुरुषों की टीम का स्वर्ण पदक भी जीता और एक नया एशिया-ओसनिया रिकॉर्ड बनाया। जापान 754.726 किमी के साथ दूसरे स्थान पर रहा जबकि ऑस्ट्रेलिया 732.525 किमी के साथ तीसरे स्थान पर रहा। महिलाओं की प्रतियोगिता में जापान ने 707.357 किमी के साथ टीम स्वर्ण पदक जीता, उसके बाद ऑस्ट्रेलिया 684.450 किमी के साथ दूसरे स्थान पर रहा। भारत ने कुल 667.722 किमी की दूरी तय करके कांस्य पदक जीता।

### इंडियन एथलेटिक्स सीरिज का लुधियाना चरण राष्ट्रमंडल खेलों का क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट

नयी दिल्ली। इंडियन एथलेटिक्स सीरिज का 13 जून को होने वाला लुधियाना चरण उन खिलाड़ियों के लिये ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों का क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी होगा जो प्रतिकूल स्थानीय मौसम के कारण फेडरेशन कप में कट में प्रवेश नहीं कर सके थे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की चयन समिति के अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने शनिवार को यह घोषणा की।

# ऊंचाई पर अभ्यास केंद्र स्थापित करने की घोषणा

एजेंसी

शिलांग। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने अगले साल होने वाले 39वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारी की समीक्षा बैठक में तैयारियों पर संतोष

❍ मांडविया ने राष्ट्रीय खेलों की तैयारी की समीक्षा की

जताया और प्रदेश में 150 करोड़ रूपये की लागत से ऊंचाई पर अभ्यास केंद्र स्थापित करने की भी घोषणा की। बैठक में मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा, केंद्रीय खेल और युवा



कार्य राज्य मंत्री रक्षा खड़से, भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी टी उषा, राज्य के खेलमंत्री वैलाद्मिकी शायला और पूर्वोत्तर के आठ राज्यों के खेल अधिकारी मौजूद थे।

मांडविया ने खेल मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा, मैने मेघालय में होने वाले 39वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों और बुनियादी ढांचे की समीक्षा की है और मैं पूरे यकीन से कह सकता हूं कि राष्ट्रीय खेल 2024 सफलता का नया अध्याय लिखेंगे।

उन्होंने कहा, राष्ट्रीय खेलों के जरिये डोपिंग को लेकर जागरूकता फैलाई जानी चाहिये। खिलाड़ियों को डोपिंग के नुकसान के बारे में बताना जरूरी है। बैठक के दौरान प्रदेश में खेलों के बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं, आयोजन स्थलों की तैयारियों के बारे में भी जानकारी दी गई।

# पैरा विश्व चैंपियनशिप-नीरज भाई की सलाह ने की मदद : सुमित अंतिल

नयी दिल्ली। दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता सुमित अंतिल ने कहा कि विश्व चैंपियन और ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा की सलाह ने उनके करियर को नई दिशा दी और इसी मार्गदर्शन की बदौलत उन्होंने 74.82 मीटर का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। सुमित ने बुधवार को बेंगलुरु में आयोजित आठवीं भारतीय ओपन पैरा एथलेटिक्स अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में पुरुष भाला फेंक एफ64 वर्ग में अपने ही पुराने विश्व रिकॉर्ड 73.29 मीटर को 1.53 मीटर के बड़े अंतर से तोड़ दिया। इस शानदार प्रदर्शन के साथ उन्होंने स्वर्ण पदक भी अपने नाम किया। महाराष्ट्र के संदीप सागर ने 62.88 मीटर के साथ रजत पदक जीता जो अंतिल से लगभग 12 मीटर पीछे रहे। सोनीपत स्थित अपने घर से पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में अंतिल ने बताया कि नीरज चोपड़ा ने पिछले वर्ष नयी दिल्ली में आयोजित पैरा विश्व चैंपियनशिप के दौरान उनकी तकनीक पर कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए थे।

### ओडिशा जिम्नास्टिक संघ ने दिवंगत अध्यक्ष के नाम वाले लेटरहेड के इस्तेमाल पर मांगी माफी

भुवनेश्वर। ओडिशा जिम्नास्टिक संघ (ओजीए) के सचिव अशोक कुमार साहू ने संघ के आधिकारिक लेटरहेड पर दिवंगत अध्यक्ष समीर डे के नाम के लगातार इस्तेमाल को लेकर माफी मांगी है और इसे अनजाने में हुई गलती बताया है। यह माफी उस रिपोर्ट के बाद आई है, जिसमें बताया गया था कि राष्ट्रीय जिम्नास्टिक चैंपियनशिप से जुड़े बिल ऐसे लेटरहेड पर जारी किए गए, जिनमें नवंबर 2024 में दिवंगत हो चुके समीर डे का नाम अध्यक्ष के रूप में दर्ज था।

# हार से टूटा विनेश का सपना, कहा- फिर करूगीं वापसी

एजेंसी

नयी दिल्ली। तालियों की गूंज, नाटकीयता से भरे घटनाक्रम और जज्बात के सैलाब के बीच परीकथा सरीखी वापसी की विनेश फोगाट की उम्मीदों पर पानी फिर गया जब शनिवार को एशियाई खेल चयन ट्रायल के 53 किलोवर्ग के सेमीफाइनल में उन्हें मीनाक्षी गोयत ने 6-4 से हरा दिया।

पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद राष्ट्रीय टीम में लौटने से विनेश दो जीत पीछे रह गई। स्टेडियम से रवाना होते



समय विनेश ने इतना ही कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं असफल हुई हूं। मैं पूरी व्यवस्था से लड़ रही थी।

हमें हर अंक के लिये लड़ना पड़ा। मेरे साथ सही बर्ताव नहीं हुआ। मुझे प्रतिद्वंद्वी खिलाडियों से कोई द्वेष नहीं है। उन्होंने भी मेरे खिलाफ खेलने का सपना देखा था।

मैं वापिस आऊंगी। पेरिस ओलंपिक 2024 फाइनल के दिन अयोग्र करार दिये जाने के बाद पहली बार मैट पर उतरी विनेश विवादों, नाटकीयता और निशु कुमारी के खिलाफ कड़ा मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में पहुंची थी। लेकिन एशियाई चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता मीनाक्षी के खिलाफ उनकी ऊर्जा खत्म हो गई।

# सात्विक-चिराग ने फाइनल में बनायी जगह

एजेंसी



सिंगापुर। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी ने शनिवार को यहां सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में कोरिया के किम वोन हो और सियो सेउंग जे की शीर्ष वरीयता प्राप्त और दुनिया की नंबर एक जोड़ी को सीधे गेम में हराकर उलटफेर करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। भारत की चौथी वरीय जोड़ी ने 52 मिनट चले सेमीफाइनल में मौजूदा विश्व चैंपियन जोड़ी हो और जे को 21-19, 21-18 से मात दी। अब रविवार को होने वाले फाइनल मुकाबले में भारतीय जोड़ी का सामना इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिक्री की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी तथा चीन के लियांग वेई कांग और चांग वांग की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। लेकिन मिश्रित युगल स्पर्धा में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी का सफर सेमीफाइनल में खत्म हो गया।

उन्हें जापान के युइची शिमोगामी और सायाका होबारा की जोड़ी के हाथों 16-21, 21-17, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारत और कोरिया की जोड़ियों के बीच खेला गया पुरुष युगल सेमीफाइनल बेहद कड़ा रहा। पहले गेम के ब्रेक तक कोरियाई खिलाड़ी 13-11 से मामूली बढ़त बनाए हुए थे। लेकिन सात्विक और चिराग ने हार नहीं मानी और अहम अंक हासिल करते हुए शानदार वापसी की और पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी सात्विक और चिराग के लिए राह आसान नहीं थी जिसमें वे 11-14 से पीछे चल रहे थे। लेकिन भारतीय जोड़ी ने संयम बनाए रखा और पिछड़ने के बावजूद वापसी करते हुए कोरियाई जोड़ी को हराकर उलटफेर कर दिया। चिराग ने कहा कि जब हालात मुश्किल थे, तब उन्होंने और सात्विक ने एक-दूसरे का साथ दिया। उन्होंने कहा, जब हम पिछड़ रहे थे, तब भी हम एक-दूसरे का हौसला बढ़ाते रहे और डटे रहे। हमें पता था कि वे जरूर संघर्ष करेंगे और अगर हम अपनी रणनीति पर कायम रहे, तो हमें कामयाबी जरूर मिलेगी। हमें खुद पर यह भरोसा था और आखिरकार सब कुछ हमारे पक्ष में रहा।

सात्विक ने कहा, हम बस नेट की तरफ लगातार दबाव बनाते रहे। मुझे लगा कि वे बचाव करने की स्थिति में सहज महसूस नहीं कर रहे थे। हमारी शुरुआत हमेशा थोड़ी धीमी होती है, इसलिए हमें थोड़ा तालमेल बिठाने की जरूरत होती है। चिराग ने कहा कि उनकी जोड़ी सही दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हम सही दिशा में बढ़ रहे हैं। सुधार एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। कोई भी कभी भी पूरी तरह से परफेक्ट नहीं हो सकता। सुधार की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। हम लगातार खुद को बेहतर बनाने की कोशिश करते रहते हैं। इसी वजह से हमें लगता है कि हम सही दिशा में बढ़ रहे हैं।

# उलटफेर का शिकार हुए जोकोविच

एजेंसी

पेरिस। विश्व नंबर-एक यानीक सिनर के बाहर होने के बाद अब दिग्गज नोवाक जोकोविच के भी उलटफेर का

❍ फ्रेंच ओपन में नया पुरुष चैंपियन बनना लगभग तय

शिकार हो जाने से फ्रेंच ओपन में पुरुष एकल खिताब की दौड़ पूरी तरह खुल गई है और यह तय हो गया है कि रोलां गैरो को नया चैंपियन मिलेगा। ब्राजील के 19 वर्षीय खिलाड़ी जोआओ



फोन्सेका ने तीसरे दौर में जोकोविच को पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में 4-6, 4-6, 6-3, 7-5, 7-5 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। यह मुकाबला दो घंटे से अधिक समय तक चला और अंत तक बेहद संघर्षपूर्ण रहा। जोकोविच के लिए यह हार उनके 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब के सपने पर बड़ा झटका साबित हुई। यह केवल दूसरी बार है जब वह दो सेटों की बढ़त गंवाकर कोई मैच हारे हैं। इससे पहले ऐसा 2010 में पेरिस में हुआ था। जोकोविच, डेनियल मेदवेदेव, मारिन चिलिच और स्टान वावरिंका जैसे सभी ग्रैंड स्लैम विजेता इस बार टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं, जिससे यह तय हो गया है कि सात जून को पुरुष एकल में नया चैंपियन ट्रॉफी उठाएगा।

### भारतीय महिला हॉकी टीम ने आस्ट्रेलिया से श्रृंखला बराबर की

पर्थ। भारतीय महिला हॉकी टीम चार मैचों की दोस्ताना श्रृंखला के आखिरी मैच में आस्ट्रेलिया से 2-3 से हार गई जिससे श्रृंखला 2-2 से बराबरी पर खत्म हो गई। भारत ने दूसरे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर नवनीत कौर के गोल के दम पर बढत बना ली थी। दूसरे क्वार्टर में दीपिका सोरेंग ने 23वें मिनट में गोल करके भारत की बढत दुगुनी कर दी। हाफटाइम तक स्कोर 2-0 था। आस्ट्रेलिया ने तीसरे क्वार्टर में एबी विल्सन (42वां) और ओलिविया डोनेस (44वां) के गोल के दम पर वापसी की।

# घुसपैठ रोकने को गृह मंत्रालय सख्त

## जिलाधिकारी सीमावर्ती जिलों में जनसांख्यिकीय परिवर्तनों पर कड़ी नजर रखें : शाह

एजेंसी



अहमदाबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जिलाधिकारियों को सीमावर्ती जिलों में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों की कड़ी निगरानी करने और नियमित रूप से रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। शाह ने शुक्रवार को भारत-पाक सीमा पर स्थित गुजरात के कच्छ जिले के भुज में आयोजित सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह भी कहा कि सीमावर्ती जिलों के प्रशासन को घुसपैठियों की पहचान करने और ड्रोन तथा मादक पदार्थों से संबंधित खतरों पर नजर रखने के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) तैयार करनी चाहिए। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है।

शनिवार को जारी विज्ञप्ति में शाह के हवाले से कहा गया है कि जिलाधिकारियों को सीमावर्ती जिलों में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों की कड़ी निगरानी करनी चाहिए और नियमित रूप से रिपोर्ट देनी चाहिए। गौरतलब है कि इस सप्ताह की शुरुआत में गृह मंत्री ने अवैध प्रवासन और अन्य अप्राकृतिक कारणों से भारत भर में हो रहे जनसांख्यिकीय परिवर्तनों का आकलन करने और इस समस्या से निपटने के उपाय सुझाने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति के गठन की घोषणा की थी। बैठक में शाह ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के 15 किलोमीटर के दायरे में अनधिकृत अतिक्रमण को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाने और सीमा क्षेत्रों में कट्टरपंथ से जुड़े केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखने पर बल दिया। शुक्रवार को हुई इस बैठक में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी के साथ वरिष्ठ अधिकारी तथा कच्छ, वाव-थराद और पाटन जिलों के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक शामिल हुए। गृह मंत्री ने कहा कि सीमा क्षेत्रों में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के कारण लोगों का वापस आना एक स्वागत योग्य घटनाक्रम है और पुलिस थानों से लेकर पटवारियों तक सभी को मिलकर काम करना चाहिए ताकि अवैध घुसपैठियों की पहचान करके उन्हें वापस भेजने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने प्रत्येक ऐसे जिले में सुरक्षा समन्वय समूह गठित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया, जिनमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), तटरक्षक बल, आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और प्रमुख बैंकों के प्रबंधक शामिल हों। गृह मंत्री शाह ने कहा कि आयकर, धन शोधन विरोधी और सीमा शुल्क कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और सीमा क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) पर होनी चाहिए। उन्होंने सीमा क्षेत्रों में हवाला लेनदेन, वित्तीय गतिविधियों, म्यूल अकाउंट, शेल कंपनी, संदिग्ध वाहनों तथा माल एवं सेवाकर (जीएसटी) संग्रह पर कड़ी निगरानी रखने पर भी जोर दिया। शाह ने कहा कि वित्तीय अपराधों से जुड़ी एजेंसियों को सीमा क्षेत्रों की गतिविधियों से अवगत रखा जाना चाहिए तथा आयकर विभाग को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सहयोग से व्यापक सर्वेक्षण अभियान चलाना चाहिए। उन्होंने तटीय सुरक्षा को प्राथमिकता देने और कच्छ के अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के निकट होने के कारण भारतीय तटरक्षक बल के साथ प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।

# गेहूं खरीद की समय सीमा बढ़ाने की मांग, रेल पटरी पर बैठे किसान



जयपुर। राजस्थान में हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा कस्बे में गेहूं खरीद की समय सीमा और खरीद का लक्ष्य बढ़ाने की मांग को लेकर सैकड़ों किसानों ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया तथा कुछ समय के लिए एक रेल लाइन को अवरुद्ध कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शनकारी करीब एक घंटे तक बीकानेर-हनुमानगढ़ रेल लाइन पर बैठे रहे जिससे आवाजाही बाधित हुई। उन्होंने बताया कि बाद में प्रशासन के समझाने-बुझाने पर प्रदर्शनकारी ट्रैक खाली करके अपने विरोध स्थल पर लौट गए। किसान सुबह सभा के लिए इकट्ठा हुए और अपने नेताओं की अपील पर सड़क पार करके करीब 50 मीटर दूर स्थित रेल लाइन पर पहुंचे। उन्होंने वहां धरना दिया। किसान गेहूं खरीद की समय सीमा बढ़ाने और खरीद का लक्ष्य बढ़ाने की अपनी मांगों को लेकर पिछले दो दिनों से उपखंड अधिकारी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस आंदोलन के तहत उन्होंने शुक्रवार को रास्ता भी रोका। प्रदर्शनकारियों के अनुसार मंडियों में अब भी बड़ी मात्रा में गेहूं पड़ा है जबकि खरीद की अवधि समाप्त होने वाली है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन के साथ कई दौर की बातचीत के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार और शुक्रवार को प्रशासन एवं किसान नेताओं के बीच कई दौर की चर्चाएं हुईं लेकिन बातचीत बेनतीजा रही। किसान नेता रघुवीर वर्मा ने कहा कि अधिकारियों के साथ बातचीत तो चल रही है लेकिन खरीद की तारीख आगे बढ़ाने और लक्ष्यों में संशोधन करने के संबंध में निर्णय केवल सरकारी स्तर पर ही लिए जा सकते हैं।

## संक्षेप

### ईरान समझौते पर विचार कर रहे ट्रंप लेकिन अभी अंतिम फैसला नहीं

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस में शुक्रवार को अपने सलाहकारों के साथ बैठक की लेकिन ईरान के साथ युद्धविराम की अवधि बढ़ाने और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने संबंधी प्रस्तावित समझौते पर अभी कोई अंतिम फैसला नहीं किया है। इस बीच ईरान ने भी कहा है कि यह समझौता अभी अंतिम रूप नहीं ले पाया है। बैठक से पहले ट्रंप ने कहा था कि वह इस मुद्दे पर अंतिम निर्णय लेने वाले हैं। हालांकि, बाद में प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के साथ लगभग दो घंटे चली बैठक बिना किसी निर्णय के समाप्त हो गई। अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि ट्रंप केवल उसी समझौते को मंजूरी देंगे जो उनकी तय शर्तों को पूरा करे और ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं पर अंकुश लगाए। ट्रंप ने यह उच्चस्तरीय बैठक ऐसे समय में की जब एक दिन पहले कई मीडिया संस्थानों ने खबर दी थी कि अमेरिकी और ईरानी वार्ताकार एक प्रारंभिक समझौते पर सहमत हो गए हैं।

# आईएसआई-अंडरवर्ल्ड आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, 9 गिरफ्तार

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने आईएसआई-मुंबई अंडरवर्ल्ड नेटवर्क से जुड़े उन नौ संदिग्ध गुर्गों को गिरफ्तार किया है, जो राष्ट्रीय राजधानी में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और सुरक्षा कर्मियों पर हमलों की कथित तौर पर साजिश रच रहे थे। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अभियान के दौरान आरोपियों के पास से हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए हैं।

इसने बताया कि खुफिया जानकारी पर आधारित एक अभियान के बाद इन लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस मॉड्यूल पर कुछ समय से निगरानी रखी जा रही थी, जिसके बाद इसके सदस्यों को गिरफ्तार करने के लिए समन्वित कार्वाई की गई। उन्होंने बताया कि कथित तौर पर ये नौ गुर्गे पाकिस्तान की जासूसी एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस और मुंबई के अंडरवर्ल्ड से जुड़े लोगों के इशारे पर काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उन्हें कथित तौर पर दिल्ली में संवेदनशील ठिकानों पर हमले करने का काम सौंपा गया था।

# ट्रंप की बेटी टिफनी ने देखा ताजमहल

एजेंसी



आगरा (उप्र)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी टिफनी ट्रंप ने शनिवार को यहां अपने पति माइकल बोलस के साथ विश्व धरोहर ताजमहल का दीदार किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि टिफ़नी पूर्वाह्न लगभग 11 बजे माइकल बोलस और कुछ करीबी दोस्तों के साथ ताजमहल पहुंचीं।

उन्होंने बताया कि करीब एक घंटे के इस दौरे के दौरान उन्होंने स्मारक परिसर के भीतर विभिन्न स्थानों पर तस्वीरें लीं। पर्यटक गाइड रमेश दीवान ने बताया कि टिफनी ने स्मारक के इतिहास और वास्तुकला में गहरी दिलचस्पी दिखाई एवं इसके निर्माण के बारे में कई सवाल पूछे।

उन्होंने बताया कि टिफनी ने यह भी पूछा कि ताजमहल के निर्माण में इस्तेमाल किए गए पत्थर कहां से लाये गये थे। दीवान ने बताया कि टिफनी ने ताजमहल की खूबसूरती की तारीफ की और इस अनुभव को अविश्वसनीय बताया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि टिफनी दिल्ली से एक चार्टर्ड विमान से आगरा हवाई अड्डे पर उतरने के बाद सड़क मार्ग से एक होटल गईं और फिर गोल्फ कोर्स मार्ग से होते हुए ताजमहल पहुंचीं एवं पूर्वी द्वार से ताजमहल परिसर में प्रवेश किया।

उन्होंने बताया कि इस हाई-प्रोफ़ाइल दौरे के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे और अधिकारियों ने हवाई अड्डे से ताजमहल तक एक हाई-सिक्योरिटी कॉरिडोर बनाया था। सूत्रों ने बताया कि मार्ग पर और स्मारक के आसपास अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किये गये थे।

# वर्जीनिया में बस ने कई कारों को टक्कर मारी, पांच की मौत, 34 घायल

एजेंसी



स्टेफोर्ड (अमेरिका)। अमेरिका में बृहस्पतिवार देर रात को वर्जीनिया के इंटरस्टेट 95 पर एक बस ने कई वाहनों को टक्कर मार दी जिससे पांच लोगों की मौत हो गई और चालक सहित कई लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ये वाहन एक स्थल पर निर्माण कार्य होने के कारण वहां से धीमी गति से गुजर रहे थे।

पुलिस ने बताया कि दुर्घटना स्टेफोर्ड काउंटी में क्वांटिको के पास दक्षिण की ओर जाने वाले आई-95 मार्ग पर देर रात लगभग 2:35 बजे हुई। उन्होंने बताया कि मरने वाले सभी पांच लोग उन वाहनों में सवार थे जिन्हें बस ने टक्कर मारी थी और 44 लोगों को अस्पतालों में ले जाया गया जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। राज्य पुलिस ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि निर्माण की गतिविधि के कारण क्षेत्र में दक्षिण की ओर यातायात धीमा था। एक बस गति धीमी करने में विफल रही और छह वाहनों से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि बस में करीब 34 यात्री सवार थे। घटनास्थल पर मौजूद संघीय परिवहन प्रशासन के प्रवक्ता पेटन वोगेल ने कहा, कई अस्पतालों में मरीज भर्ती हैं। ड्राइवर भी यहीं एक अस्पताल में भर्ती है। यह अब तक की सबसे दुखद दुर्घटनाओं में से एक है। बेहद दुखद। घटना में मारे गए चार लोग एक ही कार में सवार थे जिसमें आग लग गई थी। राज्य पुलिस ने बताया कि मृतकों में 45 वर्षीय पुरुष, 44 वर्षीय महिला, 13 वर्षीय लड़की और सात वर्षीय लड़का शामिल हैं, सभी मैसाच्युसेट्स के ग्रीनफील्ड के रहने वाले थे। पुलिस ने उनके नाम जारी नहीं किए लेकिन ग्रीनफील्ड के एक स्कूल के एक बयान में कहा गया है घटना में मारे गए लोग दिमित्री और एकातेरिना डोंसेव तथा उनकी बेटी एमिली और बेटा मार्क था। स्कूल ने बताया कि बच्चे उन्हीं के स्कूल में पढ़ते थे। घटना में मैसाच्युसेट्स के वॉर्सेस्टर की एक अज्ञात 25 वर्षीय महिला भी मारी गई है जो एक एसयूवी में थी जिसे बस ने टक्कर मार दी थी।

# सरकार मराठा समुदाय के हित में लेगी निर्णय : फडणवीस

एजेंसी



नागपुर। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार मराठा समुदाय की आरक्षण संबंधी मांगों को पूरा करने के प्रति सकारात्मक है और समुदाय के हित में निर्णय लेना जारी रखेगी, साथ ही यह भी सुनिश्चित करेगी कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के साथ कोई अन्याय न हो। उन्होंने कहा कि सरकार आरक्षण के मुद्दे पर ऐसे निर्णय लेगी, जो संविधान और अदालतों की कसौटी पर खरे उतर सकें तथा कानूनी जांच में टिक सकें।

फडणवीस ने कहा कि ईंधन की बढ़ती कीमतें वैश्विक ऊर्जा संकट से जुड़ी हैं और अंतरराष्ट्रीय स्थिति में सुधार होने पर इनके दाम स्थिर हो जाएंगे। नागपुर के भांडेवाड़ी में संपीड़ित बायोगैस संयंत्र का निरीक्षण करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में फडणवीस से मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के बारे में पूछा गया। जरांगे ने शनिवार को जालना जिले में भीषण गर्मी के बीच अपना नौवां अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया, जिससे आरक्षण के मुद्दे पर राज्य सरकार पर दबाव और बढ़ गया। मुंबई से लगभग 400 किलोमीटर दूर स्थित अंतरवाली सराटी गांव में जरांगे ने भीषण गर्मी के बावजूद बिना किसी टेंट या सुरक्षात्मक आश्रय के खुले मैदान में अनशन शुरू किया।

**❍ ओबीसी के साथ नहीं होगा अन्याय**

जरांगे ने मराठा समुदाय के लोगों को ओबीसी आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए कुनबी जाति प्रमाणपत्र जारी करने, हैदराबाद और सतारा गजट अभिलेखों को लागू करने तथा आरक्षण आंदोलन में भाग लेने वाले मराठा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लेने की मांग दोहराई है। जरांगे के अनशन के बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने कहा, सरकार इस मुद्दे पर हमेशा सकारात्मक रही है। जब-जब कठिनाइयां आईं, सरकार ने निर्णय लिए। सरकार का रुख पारदर्शी और सकारात्मक है तथा भविष्य में भी ऐसा ही रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार सभी समुदायों के लिए काम करती है और सामाजिक समूहों के बीच टकराव पैदा नहीं करती। उन्होंने कहा, मेरे और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा मराठा समुदाय के लिए जो निर्णय लिए हैं, वे इतिहास में पहले कभी नहीं लिए गए। हम समुदाय के हित में निर्णय लेना जारी रखेंगे।

# अफगान में दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में 22 की मौत

काबुल। पूर्वी अफगानिस्तान में शनिवार को पड़ोसी देश पाकिस्तान से लौट रहे अफगान शरणार्थियों से भरा एक ट्रक राजमार्ग पर पलट गया जिससे कम से कम 22 लोगों की जान चली गई और 36 अन्य घायल हो गए। हताहतों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रांतीय गवर्नर के प्रवक्ता अब्दुल मलिक नियाज़ई ने बताया कि यह दुर्घटना लग़मान प्रांत में उस मुख्य राजमार्ग पर हुई, जो राजधानी काबुल को नंगरहार प्रांत से जोड़ता है। उन्होंने बताया कि मृतकों में 10 बच्चे और पांच महिलाएं शामिल हैं और घायलों को इलाज के लिए नंगरहार के अस्पतालों में ले जाया गया है।

## इंटरटेनमेंट...

# फिल्म 'काला हिरण' का पोस्टर जारी




**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान से जुड़ा काला हिरण शिकार मामले पर आधारित अपकमिंग फिल्म काला हिरण का पोस्टर शुक्रवार को जारी किया गया। फिल्म का फर्स्ट लुक और टीजर 20 जून को जारी किया जाएगा। फिल्म में सलमान खान और गैंगस्टर लॉरेंस के बीच के विवाद को दिखाया जाएगा। हालांकि, यह जानकारी सामने नहीं आई है कि इसमें कौन लीड रोल में है। वहीं, इसके पोस्टर में जो एक्टर दिखा है, वह जाना-पहचाना नहीं है। फिल्म को लेकर कअठर से बात करते हुए फिल्म के प्रोड्यूसर अमित जानी ने कहा, '1998 में जोधपुर के कांकाणी गांव में सलमान खान पर काला हिरण के शिकार का आरोप लगा था। उस मामले से जुड़े कोर्टरूम ड्रामा, क्राइम, थ्रिलर और लॉरेंस व सलमान खान के बीच की दुश्मनी को फिल्मी रूप में पेश किया गया है। फिल्म की शूटिंग संभल, मुरादाबाद और उत्तर प्रदेश के अन्य शहरों में हुई है। उन्होंने आगे कहा, 'उस समय हुए कथित काला हिरण शिकार, सलमान खान की गिरफ्तारी और सजा से जुड़े घटनाक्रम को फिल्म में दिखाया गया है। इस फिल्म के पोस्टर का लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था। लोग सलमान खान, लॉरेंस और काला हिरण शिकार मामले पर आधारित एक सिनेमाई कहानी का इंतजार कर रहे थे। 20 जून को हम फिल्म का फर्स्ट लुक और टीजर जारी करेंगे। सलमान खान से जुड़ा काला हिरण शिकार मामला साल 1998 में सामने आया था, जब वो जोधपुर में फिल्म 'हम साथ-साथ हैं' की शूटिंग कर रहे थे। सलमान के खिलाफ कुल चार केस दर्ज किए गए थे।

**❍ सलमान खान-लॉरेंस विवाद और काला हिरण शिकार मामले पर आधारित कहानी दिखेगी**

इनमें दो चिंकारा शिकार मामले, एक कांकाणी काला हिरण शिकार मामला और एक आर्म्स एक्ट का मामला शामिल था। काला हिरण शिकार मामले में बिश्नोई समुदाय की शिकायत पर सलमान के साथ सैफ अली खान, तब्बू, सोनाली बेंद्रे और नीलम के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया था।

# रणवीर के समर्थन में आये राम गोपाल वर्मा

**मुंबई।** 'डॉन 3' विवाद के बीच फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा रणवीर सिंह के सपोर्ट में सामने आए हैं। साथ ही उन्होंने फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज द्वारा रणवीर के खिलाफ जारी 'नॉन-कोऑपरेशन डायरेक्टिव' (असहयोग निर्देश) पर भी सवाल उठाए। एफडब्ल्यूआईसीई को बैन करो, रणवीर सिंह को नहीं। गांधीजी के अंदाज वाला यह तथाकथित बैन या असहयोग आखिरकार एफडब्ल्यूआईसीई के लिए ही एक बड़ा मजाक बन जाएगा। एफडब्ल्यूआईसीई जिस तरह इसे इंडस्ट्री या कर्मचारियों की सुरक्षा बता रहा है, असल में मामला वैसा नहीं है। यह एक पुरानी और बेकार यूनियन सिस्टम की ताकत दिखाने की कोशिश भर है, जो किसी तरह अपना प्रभाव बनाए रखना चाहती है। चाहे ऋहकउए यह दावा करे कि वह 5 लाख या 50 लाख कर्मचारियों की आवाज है, लेकिन सच्चाई यह है कि उन लाखों लोगों में से ज्यादातर को दोनों पक्षों के बीच चल रहे विवाद की असली जानकारी तक नहीं है। एफडब्ल्यूआईसीई न तो कोई लीगल कोर्ट है और न ही सरकार से ऑथराइज्ड रेगुलेटरी बॉडी। ज्यादा से ज्यादा इसे एक 'कंगारू कोर्ट' कहा जा सकता है, यानी ऐसी व्यवस्था जो न्याय देने का दावा तो करती है, लेकिन वास्तव में कानूनी नियमों, फेयर प्रोसेस और न्यूट्रैलिटी को नजरअंदाज करती है।

**❍ डॉन 3 विवाद पर बोले - एफडब्ल्यूआईसीई को बैन करो, एक्टर को नहीं**

# माधुरी दीक्षित का फेक वीडियो वायरल

**मुंबई।** माधुरी दीक्षित का जो वीडियो सामने आया है, उसमें वह एक अवॉर्ड फंक्शन में बैठी दिखाई दे रही हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक्ट्रेस एक रिवीलिंग ब्लैक ड्रेस में दिख रही हैं, जिसे देखकर कई लोगों ने उनके पहनावे पर कमेंट करने शुरू कर दिए। हालांकि, वीडियो को लेकर पत्रकार जयदीप पांडेय ने दावा किया कि यह वीडियो फेक अक वीडियो है। जयदीप ने एक यूजर को रिप्लाई करते हुए लिखा, 'यह माधुरी दीक्षित का अक से बनाया गया फर्जी वीडियो है। कृपया ऐसी कोई भी चीज पोस्ट या शेयर करने से पहले उसकी सच्चाई की जांच जरूर कर लें।

# चंबल की लोककथाओं पर बेस्ड होगी 'शक्तिशालिनी'

**मुंबई।** रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में शालिनी का किरदार डर और शक्ति दोनों का मिश्रण होगा। मेकर्स ने उनके ट्रांसफॉर्मेशन को विजुअली अलग दिखाने की कोशिश की है। कभी डकैतों और खूनी संघर्षों की कहानियों के लिए चर्चा में रहने वाले चंबल के बीहड़ इन दिनों एक अलग वजह से सुर्खियों में हैं। इस बार वहां फिल्मों की शूटिंग का माहौल देखने को मिल रहा है। मैडॉक फिल्म्स ने

**❍ असली बीहड़ों में पहुंचे मेकर्स, अनीत पड्डा का रहस्यमयी किरदार, विशाल का खतरनाक अवतार**

अपनी अगली फिल्म 'शक्तिशालिनी' की शूटिंग के लिए मुंबई और हैदराबाद के स्टूडियो सेट्स की बजाय चंबल के असली बीहड़ों को चुना है। 'स्त्री, 'भेड़िया' 'मुंज्या' और 'थामा' जैसी फिल्मों के बाद मैडॉक अब एक नई हॉरर-ड्रामा फिल्म पर काम कर रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में तंत्र-विद्या, लोककथाएं, चंबल की पृष्ठभूमि और एक्शन का मिश्रण देखने को मिल सकता है। इसमें अनीत पड्डा, विशाल जेठवा और विनीत कुमार सिंह नजर आएंगे। फिल्म से जुड़े सूत्रों के मुताबिक 'इसमें चंबल को सिर्फ एक शूटिंग लोकेशन नहीं, बल्कि कहानी के अहम हिस्से के तौर पर दिखाया जाएगा। बीहड़ों की वीरानी, गुफाएं, मिट्टी और रात का सन्नाटा फिल्म के माहौल को और प्रभावी बनाएंगे।



'मदार्नी 2' से पहचान बनाने वाले विशाल जेठवा इस फिल्म में बिलकुल नए और इंटेंस अवतार में नजर आने वाले हैं। शुरूआती शूटिंग के दौरान उन्हें स्कूल यूनिफॉर्म में देखा गया था, जिससे माना जा रहा है कि कहानी का एक हिस्सा किरदारों के बचपन या फ्लैशबैक से जुड़ा हो सकता है। हालांकि बाद में उनका लुक पूरी तरह बदलता दिखाई दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'फिल्म के लिए मेकर्स ने स्टूडियो सेट्स का सहारा लेने के बजाय चंबल के असली बीहड़ों के बीच एक बड़ा सेट तैयार किया। बताया जा रहा है कि करीब 15 दिनों की मेहनत के बाद वहां प्राचीन तांत्रिक गुफाओं जैसा माहौल बनाया गया। इन गुफाओं की डिजाइन लोककथाओं, पुराने मंदिरों और मध्य भारत की तांत्रिक परंपराओं से प्रेरित है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com